सुप्रभात
रांची, बुधवार
01.05.2024
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस
* * नगर संस्करण । पेज : 12
khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 287
12 महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 8,500 रुपये : राहुल

### छुट्टी की सूचना

**एक मई** मजदूर दिवस के मौके पर खबर मन्त्र प्रेस और कार्यालय बुधवार को बंद रहेगा। अखबार का अगला अंक पाठकों को तीन मई को मिलेगा। सभी श्रमिक भाइयों को खबर मन्त्र परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

## 12वीं बोर्ड का रिजल्ट, लड़कियों ने मारी बाजी, ओवरऑल सफलता 85.48 प्रतिशत

# आट्र्स, साइंस, कामर्स तीनों में बेटियां टाप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने इंटर बोर्ड परीक्षा मंगलवार को इंडरमीडिएट (12वीं बोर्ड) के तीनों संकाय का रिजल्ट जारी कर दिया है। तीनों संकाय में बेटियों ने बाजी मारी है। इस बार की परीक्षा में भी बोटियों की बाहशाहत कायम रही है। इंटर आट्र्स में जीनत परवीन, साइंस में स्नेहा और कॉमर्स में प्रतिभा साहा स्टेट टॉपर रही हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह उपस्थित थे। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता और जैक अध्यक्ष अनिल महतो उपस्थित थे।

तीनों ने संयुक्त रूप इंटर बोर्ड का रिजल्ट जारी किया है। इस परीक्षा में 3 लाख 44 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें साइंस के 94,433, कॉमर्स के 25,907 और आट्र्स के 2,24,502 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। सभी सफल बच्चों के अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन उनकी इस शानदार सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की है।



### लड़कियों ने लहराया परचम

साइंस में 94,433 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से 93,805 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। लेकिन सिर्फ 68,203 स्टूडेंट ही परीक्षा में पास हुए हैं। इसमें 72.2 फीसदी लड़के और 72.67 फीसदी लड़कियां शामिल हैं। 72.70 फीसदी छात्र फर्स्ट डिवीजन से उतीर्ण हुए हैं। वोकेशनल की बात करें तो 508 परीक्षार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से केवल 493 छात्र ही परीक्षा में बैठे थे। 493 में से 439 छात्र यानी 89.22 परसेंट स्टूडेंट पास हुए हैं। कॉमर्स स्ट्रीम की बात करें तो 23235 (90.06 प्रतिशत) छात्र पास हुए हैं। इसमें 93 % लड़कियां हैं। 61% परीक्षार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। कॉमर्स में कुल 25907 स्टूडेंट ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें से 25644 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए थे। आट्र्स में 93.7 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इसमें 83404 छात्र फर्स्ट डिवीजन हुए हैं। आट्र्स में कुल 2 लाख 24 हजार 502 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से 2 लाख 6 हजार 685 छात्र ही परीक्षा में पास हुए।

### क्यो आयी गिरावट : प्रभारी सचिव

शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने कहा कि परीक्षा पैटर्न में बदलाव होने की वजह से रिजल्ट में गिरावट आयी है। उन्होंने कहा कि फिजिक्स और केमेस्ट्री में रिजल्ट संतोषजनक नहीं रहा।

- आट्र्स की टॉपर : जीनत प्रवीण - गवर्नमेंट हाई स्कूल, कांके - 94%
- साइंस की टॉपर: स्नेहा - उसुर्लाइन इंटर कॉलेज, रांची - 98.2 %
- कॉमर्स की टॉपर : प्रतिभा सहा - उसुर्लाइन इंटर कॉलेज, रांची - 94.8 %
- लड़के हर संकाय में पिछड़े

### ये रहे तीनों संकाय के टॉपर

आट्र्स में गवर्नमेंट प्लस टू हाई स्कूल कांके की जीनत परवीन स्टेट टॉपर बनी। दूसरा स्थान बाहमनी धान ने हासिल किया जो एसएस हाई स्कूल खूंटी की छात्रा है। वहीं, तीसरे स्थान पर दीपाली कुमारी रही जो उसुर्लाइन इंटर कालेज की छात्रा है। इसी तरह साइंस में उसुर्लाइन इंटर कॉलेज की स्नेहा स्टेट टॉपर है। दूसरा स्थान इंटर साइंस कॉलेज की रितिका कुमारी ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान बैजनाथ जालान कॉलेज के पंकज कुमार साहू ने हासिल किया। कॉमर्स में उसुर्लाइन इंटर कॉलेज की प्रतिभा साहा ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरा स्थान उसुर्लाइन इंटर कॉलेज की रिया कुमारी ने हासिल किया। तीसरा स्थान उसुर्लाइन इंटर कॉलेज की सृष्टि कुमारी ने हासिल किया।



## न्यूज डायरी

### हेमंत सोरेन ने कोर्ट से मांगी प्रोविजनल बेल

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट से एक दिन की प्रोविजनल बेल मांगी है। उन्होंने कोर्ट से कहा है कि उन्हें अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होना है। श्री सोरेन फिलहाल जमीन घोटाले के आरोप में बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में बंद हैं। हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल याचिका में जल्द सुनवाई का आग्रह किया गया है। हाईकोर्ट इस मामले की सुनवाई 3 मई को करेगा। हेमंत सोरेन ने छह मई के लिए प्रोविजनल बेल की मांग की है। शनिवार को इडी की विशेष अदालत ने हेमंत सोरेन की प्रोविजनल बेल की याचिका को नामंजूर कर दिया था।

### आज रामलला का दर्शन करेंगी राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्या का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति इस दौरान राम मंदिर में रामलला के दर्शन करेंगी। साथ ही हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन और आरती करेंगी। कुबेर टीला भी जायेंगी। अपने अयोध्या दौरे पर राष्ट्रपति सरयू नदीं का पूजन और आरती करेंगी।

### रांची से सहाय समेत 20 ने खरीदे नामांकन पत्र

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक कुल 20 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र (नाम-निर्देशन पत्र) खरीदे हैं। अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन मंगलवार को 12 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे। इनमें कांग्रेस से यशस्विनी सहाय, निर्दलीय से कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय से अरशद अयूब, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी से निपु सिंह, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी से प्रवीण कच्छप ने नामांकन पत्र खरीदे। पहले दिन सोमवार को आठ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे थे।

### पुलिस मुठभेड़ में नौ नक्सली मारे गये

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को नारायणपुर और कांकेर की सीमा पर अबूझमाड़ में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में 9 नक्सली मारे गये। उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में विस्फोटक और हथियार भी बरामद हुए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर के अबूझमाड़ के टेका मेटा इलाके में डी आरजी और एसटीएफ जवानों का दल सउिसका नक्सलियों से आमना-सामना हो गया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 66900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 81000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




## भाजपा ने सिर्फ ठगा है, खाता भी नहीं खुलेगा

### चतरा में त्रिपाठी के नामांकन सभा में बोले सीएम चंपई

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** सीएम चंपाई सोरेन ने एनडीए पर निशाना हुए कहा कि झारखंड में एनडीए का खाता नहीं खुलेगा। राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चतरा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के नामांकन के पहले सीएम पहले चतरा कॉलेज के सामने स्थित मैदान में जनसभा में बोस रहे थे। उन्होंने केएन त्रिपाठी को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की।

#### भाजपा ने लोगों को सिर्फ ठगा

उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ बोलने की गारंटी है। भाजपा ने 2019 के विधानसभा चुनाव में 65 पार का नारा दिया था लेकिन जनता ने 25 सीट पर ही रोक दिया था और अब लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दिया है लेकिन 150 सीट भी पार नहीं कर पायेगी। भाजपा ने दस वर्ष तक जनता को ठगने का काम किया है। यह चुनाव लोकतंत्र, संविधान को बचाने और तानाशाह को रोकने का है। सीएम ने कहा कि अच्छे दिन लाने का वादा करने वाले आज भूल गये। हर साल दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देने की बात जुमला साबित हुई है। 15 लाख देने का वादा किया गया था, लेकिन खाते में 15 पैसे भी नहीं आया। 2019 में डबल इंजन की सरकार के दौरान झारखंड में 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिए गए थे, जबकि हमारी सरकार ने 20 लाख ग्रीन कार्ड बनाए हैं। प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा दस वर्षों के कुशासन को भूलाने में लगी हुई है। भाजपा ने चुनाव की घोषणा के पूर्व 400 पार का नारा देकर जनता को चुनौती दी है। देश खतरनाक दौर से गुजर रहा है। देश व अपने बच्चों के भविष्य के लिए इंडिया गठबंधन को वोट करें। जनसभा में झारखंड के कई मंत्री, विधायक और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत बड़कागांव विधायक, लातेहार विधायक समेत अन्य ने जनसभा को संबोधित किया।

## जानलेवा बनी गर्मी, एक की मौत, कई पीड़ित

### झारखंड में बरस रही आग : पारा 47 डिग्री के पार, ऑरेंज अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सूरज की तपिश और गर्म हवा के थपेड़ों से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सूरज आग उगल रहा है। पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में मंगलवार को अधिकतम तापमान 47.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी और लू के कारण दुमका में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बस स्टैंड के पास दो लोग बेहोश पड़े मिले। दुमका शहर पुलिस थाना प्रभारी अमित कुमार लाकड़ा ने कहा कि दोनों को फुलो झानो मेडिकल कॉलेज और गयी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनुकरण पूर्ति ने कहा कि व्यक्ति की मौत लू से हुई या किसी अन्य कारण से, यह पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चल सकेगा।

#### 22 जिलों का पारा 40 से ऊपर

बोकारो 21 डिग्री, चतरा 41.1 डिग्री, देवघर 43.3 डिग्री, धनबाद 41.8 डिग्री, गढ़वा 43.5 डिग्री, गिरिडीह 42.4 डिग्री, गोड्डा 45.5 डिग्री, गुमला 40.9 डिग्री, गुमला 40.9 डिग्री, हजारीबाग 40.3 डिग्री, जामताड़ा 44.1 डिग्री, खूंटी 41.5 डिग्री, बहरागोड़ा 47.1, लातेहार 40.4 डिग्री, लोहरदगा 40.8 डिग्री, पाकुड़ 44 डिग्री, पलामू 44.1 डिग्री, रामगढ़ 42.3 डिग्री, रांची 40.2 डिग्री, सरायकेला 45.5 डिग्री, साहेबगंज 42.8 डिग्री, सिमडेगा 41.1 डिग्री और पश्चिम सिंहभूम का अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री सेलिसयस रिकार्ड किया गया।

### अलर्ट जारी, चार तक राहत नहीं



मौसम विभाग ने बुधवार को झारखंड के 11 जिलों में भीषण गर्मी पड़ने का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि झारखंड के 11 जिलों में बुधवार को अधिकतम तापमान मौजूदा आंकड़े से दो से तीन डिग्री सेल्सियस ऊपर जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चार मई तक राज्यवासियों को गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। विभाग ने अलर्ट जारी कर रखा है। राजधानी व आसपास के जिलों में अगले चार दिनों तक अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। चार मई तक आसमान साफ व मौसम शुष्क रहेगा। राज्य में कहीं-कहीं हीट वेव का असर देखने को मिलेगा। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम में हीट वेव चलने की संभावना है। वहीं, केंद्र की ओर से 5 और 6 मई के बीच बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। चार

### भारी बारिश, बर्फबारी में 5 की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में दो दिनों से जारी भारी बर्फबारी और बारिश से कई इलाकों में बाढ़ से सड़कों को नुकसान पहुंचा है। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में लैंडस्लाइड और बाढ़ से 5 लोगों की मौत हो गयी। 28 से भारी बारिश हो रही है। राज्य के पहाड़ों पर बर्फबारी भी जारी है। जम्मू क्षेत्र के डोडा, रियासी, किश्तवाड़, रामबन और कश्मीर के किश्तवाड़ सहित कई पहाड़ी जिलों में भारी बारिश और भूस्खलन हुआ है। रामबन जिले में कई स्थानों पर भूस्खलन के बाद श्रीनगर-जम्मू बंद कर दिया गया था।

### झारखंड से 14 सहयोगी मोदी को भेजें : शेखावत

**जमशेदपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक बार फिर सशक्त भारत के निर्माण में जमशेदपुर सहित राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर दिल्ली भेजने की अपील की। ये सभी पीएम मोदी के सहयोगी बन कर देख और राज्य को आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि विद्युतवरण महतो भारी मतों से विजयी होंगे। भाजपा 400 से अधिक सीट लाकर मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनायेगी। श्री शेखावत जमशेदपुर से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के नामांकन के बाद जनसभा में बोल रहे थे। इस मौके पर केंद्राय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भाजपा सिर्फ सांसद ही नहीं, देश भी बनाती है। नामांकन से पूर्व भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न मंडलों से बाइक-कार रैली के साथ साकची स्थित बोधि मंदिर पहुंचे। वहां से पैदल जुलूस की शक्ल में समाहरणालय परिसर तक प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के साथ आये। जहां पार्टी प्रत्याशी ने नामांकन किया। जनसभा में शेखावत ने कहा कि 2014 से पहले यूपीए गठबंधन की सरकार में आतंकवाद और घपले-घोटाले की खबरें नजर आती थीं।

## धनबाद में बोले भजनलाल शर्मा, पूरे झारखंड में नमो लहर

# 13 'फूल' और 1 'फल' पीएम को करें भेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूरे झारखंड में इसबार नमो की लहर है। झारखंड से हम पीएम मोदी को 13 फूल (भाजपा) और एक फल (आजसू) भेंट करेंगे। आप से आह्वान है कि आप भी इसे ध्यान में रखें और 13 फूल और एक फल मोदी को भेंट केंद्र में मोदी को लगातार तीसरी बार पीएम बनाये। श्री शर्मा मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन के बाद एक जनसभा में बोल रहे थे। (शेष 11 पर)

#### पीएम मोदी ने कई ऐतिहासिक काम किये



श्री शर्मा ने कहा कि कि 2014 के पहले की सरकार में रोज भ्रष्टाचार और आतंकवाद की खबरें लीड और सेंकेंड लीड बनती थीं। वहीं मोदी के पीएम बनने के बाद का परिवर्तन आप देख रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि इन दस वर्षों में मोदी सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है। राम मंदिर बनवाया, कश्मीर से धारा 370 भी हटाया पर न तो कश्मीर में पत्थर चले और न ही कहीं कुछ हुआ।

### संजय सेठ दो मई को करेंगे नामांकन

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और रांची सांसद संजय सेठ दो मई को नामांकन करेंगे। नामांकन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू के प्रदेश अध्यक्ष सुदेश महतो, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो सहित सांसद, विधायक, एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। नामांकन के पूर्व एक जनसभा आयोजित की गयी है।

## गठबंधन को दूसरे धर्म की चिंता नहीं, सिर्फ तुष्टिकरण : मोदी

# धर्म आधारित आरक्षण लागू नहीं होने दूंगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि केंद्र की सत्ता में आने पर वह 55 प्रतिशत विरासत कर लगा देगी। मुसलमानों को एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण दे देगी। उन्होंने कहा कि अपने जीते जी वह ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि जब पूरा विश्व आर्थिक रूप से प्रगति कर रहा था, भारत पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के तहत नीतिगत पंगुता से ग्रसित था। पीएम मोदी मंगलवार को तेलंगाना के जहीराबाद में एक पब्लिक रैली को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा, वे (कांग्रेस) अपने वोट बैंक के लिए संविधान का अपमान करना चाहते हैं। लेकिन मैं उन्हें यह बताना चाहता हूं कि जब तक मैं जिंदा हूं, मैं उन्हें धर्म के नाम पर मुसलमानों को दलितों, एससी, एसटी और ओबीसी के लिए मिलने वाला आरक्षण नहीं देने दूंगा। उन्होंने कहा कि, देश में स्थिर सरकार होगी तब ही भविष्य की योजनाओं पर ध्यान दिया जा सकेगा।

#### फेक वीडियो को ले भी बोला हमला

वहीं महाराष्ट्र के धाराशिव में एक चुनावी रैली में पीएम मोदी ने 'फर्जी वीडियो' फैलाने के लिए विपक्ष पर तीखा हमला किया। कहा कि, चुनाव हारने के डर से कांग्रेस पार्टी आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस की मदद से अपनी 'मोहब्बत की दुकान' में फेक वीडियो बेच रहे हैं। उन्होंने का विपक्ष के लोग लोग दिनभर मोदी को गाली दे रहे हैं। झूठे आरोप लगाते रहते हैं। पीएम ने कहा कि, विपक्ष लगातार झूठ बोल रही है कि, मोदी आरक्षण छीन लेगा, संविधान खत्म कर देगा। पीएम मोदी ने कहा कि, हार के डर से विपक्ष मोदी के भाषणों का आवाज का उपयोग करके नकली वीडियो बना रहे हैं।

## रायबरेली से प्रियंका, अमेठी से राहुल नहीं लड़ेंगे

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कई दिनों से अटकलें थीं कि राहुल गांधी वायनाड के साथ साथ अमेठी से भी चुनाव में उतर सकते हैं। इसके अलावा प्रियंका गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। मंगलवार को यह साफ हो गया कि प्रियंका गांधी रायबरेली और राहुल गांधी अमेठी से चुनाव नहीं लड़ेंगे। सूत्रों के मुताबिक, प्रियंका गांधी पार्टी का पूरे देश में प्रचार अभियान संभालने पर फोकस कर रही हैं। वहीं, राहुल गांधी का कहना है कि वे सिर्फ वायनाड से चुनाव लड़ना चाहते हैं, अमेठी से नहीं। यूपी कांग्रेस ने दोनों के चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भी भेजा था। कांग्रेस इलेक्शन कमेटी की बैठक में भी इस पर चर्चा हुई। पार्टी नेतृत्व ने राहुल गांधी के सामने अमेठी और प्रियंका गांधी को रायबरेली से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन दोनों नेताओं ने इन सीटों से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। 2019 लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी दो सीटों केरल की वायनाड और यूपी की अमेठी सीट से चुनाव लड़े थे। वहीं सोनिया गांधी यूपी की रायबरेली सीट से चुनाव मैदान में उतरी थीं। राहुल को कांग्रेस के गढ़ रहे अमेठी से स्मृति ईरानी के सामने हार का सामना करना पड़ा था। सोनिया रायबरेली से भारी मतों से चुनाव जीती थीं। इस बार सोनिया राजस्थान से राज्यसभा सदस्य बनीं, ऐसे में रायबरेली से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की चर्चा लंबे वक्त से चल रही थी।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतनेवाले बीएलओ और सुपरवाइजर पर कड़ी कार्रवाई करें: सीइओ

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सिमडेगा के कम मतदान वाले केन्द्रों का किया निरीक्षण, दिया कार्रवाई का आदेश**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को सिमडेगा में पिछले चुनाव के दौरान कम वोटिंग प्रतिशत वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय, सिमडेगा के मतदान केंद्र संख्या 162 के बीएलओ एवं सुपरवाइजर द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर उपायुक्त सिमडेगा को उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इन बूथों पर पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। इस मतदान केंद्र के मतदाता सूची में कई वैसे मतदाताओं के नाम पाये गये, जो अब यहां रहते ही नहीं हैं। कई ऐसे सरकारी कर्मचारियों का नाम था, जिनका स्थानांतरण पूर्व में हो चुका है। ऐसे मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से न तो हटाने का कार्य हुआ और न ही अब्सेंट, शिफ्टेड या डेथ अर्थात एएसडी सूची में अंकित किया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय के अन्य मतदान केन्द्रों के साथ राजकीयकृत मध्य विद्यालय ठाकुर टोली एवं राजकीयकृत मध्य विद्यालय, सिमडेगा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से उनके क्षेत्र में मतदाताओं एवं मतदान के लिए की जा रही तैयारियों के बारे में जाना। साथ ही शुद्ध पेयजलापूर्ति, शौचालय एवं अन्य न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया। उन्होंने शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं शौचालय में रनिंग वाटर की तत्काल व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान सिमडेगा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराइबुरू, अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पल्टू महतो आदि उपस्थित थे।

## अधूरी खरकई डैम प्रोजेक्ट पर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई, कोर्ट ने मुख्य सचिव से पूछा

# ₹6100 करोड़ खर्च होने के बाद खरकई डैम परियोजना क्यों पूरी नहीं की जा रही

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में 6 हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च किए जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताते हुए संतोष कुमार सोनी द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से पूछा है कि 6100 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद खरकाई डैम प्रोजेक्ट क्यों पूरा नहीं किया जा रहा है? अगर वहां ग्रामीण आंदोलनरत हैं तो उसके लिए क्या कर रहे हैं? खरकाई डैम प्रोजेक्ट को लेकर अंतिम रूप से सरकार ने क्या निर्णय लिया है? कोर्ट ने इन बिंदुओं पर मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले का अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है।



वहीं, जल संसाधन विभाग की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया गया कि जमीन अधिग्रहण पर स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण खरकाई डैम प्रोजेक्ट रुका हुआ है। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि 6100 करोड़ से अधिक रुपया इस प्रोजेक्ट पर खर्च हो चुका है, इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर से पहले राज्य सरकार ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट जरूर बनाई होगी। क्या प्रोजेक्ट रिपोर्ट में राज्य सरकार को जमीन अधिग्रहण को लेकर ग्रामीणों के आंदोलन को लेकर किसी प्रकार का विचार नहीं किया था। नाराज कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगर यही स्थिति है तो कोर्ट मामले में सीबीआई को प्रतिवादी बनाकर जांच करवायी, सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

## राज्य सरकार ने हाई कोर्ट से मांगा समय, कहा- स्वतः संज्ञान के खिलाफ सरकार की एसएलपी सुप्रीम कोर्ट में है लंबित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की आंशिक सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार ने हाई कोर्ट द्वारा मामले में लिये गए स्वतः संज्ञान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है, इस पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में अभी लंबित है। इसलिए समय दिया जाए। कोर्ट ने सरकार का आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई जून माह में निर्धारित की है। दरअसल, हाईकोर्ट ने पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका को स्वीकृत करते हुए इस केस से प्रार्थी उमेश कुमार एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाते हुए इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था।

**क्या है मामला :** प्रार्थी का कहना है कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए ₹25 लाख नन रिफंडेबल राशि तय की गई थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के 3 जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपए भेजा गया था। यह उन कंपनियों के खाते में भेजा गया था जहां जिनके खाते में मात्र दो-चार हजार रुपए हुआ करता था। उसी खाते से सारा पैसा राज्य के अन्य जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर के लिए 25 -25 लाख रुपया जमा करने में इस्तेमाल हुआ था। कोलकाता से भेजे गए पैसों का इस्तेमाल शराब माफिया की ओर से झारखंड के सभी जिलों में शराब के होलसेल का टेंडर लेने के लिए किया गया था। प्रार्थी ने इसकी जांच कराने का आग्रह कोर्ट से किया था।

## झामुमो को ट्रांसफर-पोस्टिंग मोर्चा भी खोल लेना चाहिये : प्रतुल शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया है कि झामुमो का हाथ जमीन दलालों के साथ है। श्री शाहदेव मंगलवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएमएलए कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों ने साफ कर दिया है कि झामुमो नेता अंतु तिर्की, सद्दाम हुसैन, अफसर अली समेत तमाम लोगों ने यह स्वीकार लिया है कि हेमंत सोरेन की 8.86 एकड़ जमीन के फर्जी कागजात को उन्हीं लोगों ने तैयार किया था। इन अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया है कि वे ट्रांसफर-पोस्टिंग और जमीन के फर्जीवाड़ा का बहुत बड़ा रैकेट चलाते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और अंतू तिर्की के बीच के व्हाट्सएप चैट से भी बहुत चौंकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। इस चैट से स्पष्ट है कि अंतू तिर्की खूंटी डीसीएलआर के पद पर कार्यरत प्रवीण मुंडा की पोस्टिंग रांची में जिला लैंड एक्विजिशन अफसर के रूप में करने की सुप्रियो भट्टाचार्य से पैरवी कर रहा था। दस्तावेजों से स्पष्ट है कि कमीशन लेकर अंतू तिर्की अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग कराता था। उन्होंने कहा कि झामुमो को महिला मोर्चा, युवा मोर्चा की तर्ज पर एक ट्रांसफर पोस्टिंग मोर्चा भी खोल लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि जमीन के गोरखधंधे से जुड़े दलाल तक फाइल की जानकारी पहुंचना आश्चर्यजनक है। यह दिखाता है कि या तो सीएमओ में भी इनसे कोई मिला हुआ था या फिर इन दलालों की सीएमओ तक पकड़ थी। उन्होंने कहा कि सुप्रियो भट्टाचार्य ने गलत बयानी करके हेमंत सोरेन का कई बार बचाव किया। नवीनतम बचाव तब था, जब हेमंत सोरेन के दिल्ली वाले घर से 36 लाख रुपये बरामद हुये थे। उस समय सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा था कि यह पैसा ईडी ने प्लांट किया है। बाद में हेमंत ने हाईकोर्ट में अपनी याचिका में स्पष्ट किया कि पैसा उन्हें पार्टी फंड से माता-पिता के इलाज के लिये मिला था। उन्होंने कहा कि अब सुप्रियो भट्टाचार्य को गलत बयानियों का दौर छोड़कर सच्चाई बतानी चाहिये। उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से भी जानना चाहा है कि उनकी सरकार, झामुमो, जमीन दलाल और ट्रांसफर-पोस्टिंग के रैकेट में शामिल लोगों के बीच का रिश्ता क्या कहलाता है। इस अवसर पर अशोक बड़ाईक व तारिक इमरान उपस्थित थे।

## निलेन्दु कुमार सिंह ने सीसीएल के सीएमडी का पदभार ग्रहण किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीसीएल के सीएमडी का पद निलेन्दु कुमार सिंह ने मंगलवार को ग्रहण किया। इससे पहले वे इसीएल के निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) पद पर कार्यरत थे। उन्होंने वर्ष 1989 में धनबाद स्थित आईआईटी-आईएसएम से खनन इंजीनियरिंग (बी.टेक) में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वर्ष 1994 में प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक प्रमाणन प्राप्त किया। शिक्षण के उपरांत वर्ष 1989 में सीसीएल से करियर की शुरूआत की। श्री सिंह ने 2011 तक सीसीएल में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान वे पिपरवार, अशोका, उरीमारी और कल्याणी में खान प्रबंधक के रूप में सेवाएं दी। श्री सिंह के पास मेगा ओपन कास्ट खदानों में काम करने, एफएमसी परियोजनाओं के संचालन, साइडिंग शुरू करने, नई खनन प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उच्चतम क्षमता वाले एचईएमएम के साथ काम करने का व्यापक अनुभव है।

## खबर एक नजर में

### संजय कुमार लोहरदगा के डीटीओ बने

**रांची।** परिवहन विभाग ने संजय कुमार को लोहरदगा जिले के जिला परिवहन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के इस पदाधिकारी की सेवा कार्मिक विभाग ने 11 मार्च को ही परिवहन विभाग को सौंपी थी। इसके बाद से इनका पदस्थापन लंबित था। श्री कुमार को मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-200 के तहत शमन की शक्ति भी दी गयी। भारत निर्वाचन आयोग की सहमति के बाद यह आदेश निकाला गया है।

### एनआईए के डीजी ने की डीजीपी से मुलाकात, हाल के दिनों में हुई कार्रवाई पर की चर्चा

**रांची।** एनआईए के डीजी सदानंद दाते झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे। इस दौरान डीजीपी अजय कुमार सिंह से पुलिस मुख्यालय में मुलाकात की। दोनों पदाधिकरियों ने झारखंड में आतंकवाद एवं नक्सलवाद के विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके से की जा रही कार्रवाई एवं हाल के दिनों में प्राप्त सफलताओं पर चर्चा की। इस दौरान एडीजी आर के मल्लिक, एडीजी अभियान डॉ संजय आनंद लाठकर, एनआईए आईजी आशीष बत्रा, आईजी मुख्यालय मनोज कौशिक, ज्योति प्रिया डीआईजी एनआईए, एनआईए एसपी प्रशांत आनंद मौजूद थे।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–47 वर्ष

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव टाटिसिल्वे थाना अन्तर्गत टाटिसिल्वे रेलवे लाईन फटाक के समीप साके टोली पोल संख्या–41/21 के समीप से बरामद किया गया है। जिसके संबंध टाटिसिल्वे थाना यू0डी0 काण्ड सं0–04/2024, दिनांक–18.03.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूश के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, मु0 प्रथम, रॉंची। –9431706141
थाना प्रभारी टाटिसिल्वे, रॉंची। –9431706174

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 324256 Police(24-25)#D


### गृह मंत्री के फेक वीडियो मामले में भाजपा ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**रांची।** भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने अरगोड़ा थाना पहुंच कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फेक वीडियो वायरल करने के आरोपी शैलेंद्र हाजरा एवं रूपेश रजक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। भाजपा जनता युवा मोर्चा के कार्यालय मंत्री संजय कुमार महतो ने यह प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस मौके पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि देश के गृह मंत्री का जिस तरह फेक वीडियो वायरल हो रहा है उस वीडियो को पेन ड्राईव भी थाना में दिया गया है। यह वीडियो न सिर्फ आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला है बल्कि यह वीडियो देश में अशांति फैलाने के उद्देश्य से किया गया है।

## रांची सहित सात शहरी जलापूर्ति योजना व सेटअप शहरी निकायों को होगा हैंडओवर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार के कड़े रुख के बाद अब झारखंड की सभी शहरी जलापूर्ति स्कीम और पूरा सेटअप शहरी निकायों (नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद) के हवाले होगा। नगर विकास विभाग के अधीन कार्यरत शहरी निकायों को रांची, झमुरी तिलैया, कोडरमा, मानगो, डाल्टनगंज, गढ़वा और गुमला शहरी जलापूर्ति का पूरा सेटअप जल्द इनके हवाले कर दिया जाएगा। मुख्य सचिव एल ख्यांगते की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर सहमति बन गयी है। रांची नगर निगम सहित अन्य शहरी निकायों को इसके लिए जल्द ही अपनी व्यवस्था पूरी करने का निर्देश दिया है, ताकि आचार संहिता खत्म होते ही उसे हैंडओवर किया जा सके।

**आठ शहरी जलापूर्ति का सेटअप हैंडओवर**

इससे पूर्व सरकार ने आठ शहरी जलापूर्ति का सेटअप शहरी निकायों को हैंडओवर कर दिया है। इसमें गिरिडीह, दुमका, देवघर, आदित्यपुर, हजारीबाग, चाईबासा, चास और बोकारो शहरी जलापूर्ति शामिल है। शेष बची अन्य को भी जल्द से जल्द शहरी निकायों को सौंपने की तैयारी चल रही है।

मालूम हो कि शहरी जलापूर्ति भारत सरकार की गाइडलाइन के तहत पूरी तरह से शहरी निकायों को ही देखनी है। लेकिन झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां पर शहरी निकाय और पेयजल विभाग दोनों मिलकर कार्य करते हैं। इसे लेकर दोनों विभागों के बीच हमेशा रस्साकस्सी चलती रहती है। पूर्व में भी इसे लेकर कई पहल हुए, लेकिन रांची नगर निगम अपने संशाधनों का रोना रो कर इससे बचता रहा। अब केंद्र सरकार का शहरी विकास मंत्रालय ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि शहरी जलापूर्ति का पूरा काम लोकल बॉडी (शहरी निकाय) ही देखेंगे नहीं तो केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि रोक दी जाएगी। इसके बाद वर्तमान सरकार रेस हुई और पेयजल विभाग, नगर विकास विभाग और शहरी निकायों के साथ बैठक करके मुख्य सचिव ने सभी को इसकी तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया। हस्तांतरण के बाद पेयजल विभाग अब केवल केंद्र एवं राज्य संपोषित ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं पर ही कार्य करेगा और पेयजल विभाग शहरी जलापूर्ति से पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा।

## झारखंड में पांचवें चरण की तीन सीटों के लिए 14 नॉमिनेशन फॉर्म जमा: नेहा अरोड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि झारखंड में 5वें फेज की तीन लोकसभा सीटों को लिए मंगलवार तक कुल 14 नॉमिनेशन फॉर्म जमा किये गये। वहीं, पांचवे चरण के लिए 21 अभ्यर्थियों ने नॉमिनेशन फार्म खरीदा। हजारीबाग से मंगलवार को एक नॉमिनेशन हुआ। वहीं चतरा से मंगलवार तक 15 नॉमिनेशन फॉर्म की बिक्री की गयी। इसमें अब तक चतरा से 9 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। वहीं कोडरमा से चार प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है, जबकि अब तक पांच नामांकन पत्रों की बिक्री की गयी है। वहीं गांडेय उपचुनाव के लिए अब तक इंडिया गठबंधन की ओर झामुमो की प्रत्याशी के रूप में पूर्व सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन समेत दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया है, जबकि तीन नामांकन पत्र बेचे गये हैं।



**झारखंड में अब तक जब्त किये गये 71.11 करोड़ रुपये से अधिक रुपये**

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया है कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने से लेकर अब तक झारखंड में 71 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की जब्ती की गई है। इसमें अवैध शराब, ड्रग्स आदि समेत 5 करोड़ 18 लाख से अधिक नकद रुपये शामिल हैं।

**छठे चरण का नॉमिनेशन :** नेहा अरोड़ा ने बताया कि फेज 6 के लिए अब तक कुल 8 नामांकन हुए हैं। उनमें गिरीडीह में 1, धनबाद में 2, रांची में 2 और जमशेदपुर में 3 नामांकन हुए हैं।


## जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

**"आवश्यक सूचना"**

एतद् द्वारा सूचित किय जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी के विभिन्न अंचलों से राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती डाक में अलग–अलग पटट्ेदारों द्वारा अलग–अलग वर्षो में लिया गया था एवं समय पर राजस्व जमा नहीं किया गया। जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा बार–बार निबंधित नोटिस भेजने के बावजुद भी बकायेदारों द्वारा बकाया राजस्व की राशि कार्यालय में जमा नहीं किया गया।

अतः अंतिम रूप से बकाये पटट्ेदारों को पेपर विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि बकाया राजस्व की राशि सूचना प्रकाशन के उपरांत 07 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त करें अन्यथा राजस्व की वसूली हेतु Certificate Case की प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाएगा। जिसके जिम्मेवार आप स्वंय होंगे।

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | बकायेदार का नाम | ग्राम | अंचल | बकाया वर्ष | बकाया राजस्व की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाँसा बाँध 01 | श्री बेचन नायक | हाँसा हरिजन टोली | मुरहू | 2021–22 | 29000.00 |
| 2 | घाघरा बाँध 02 | श्री दुर्गा महतो | घाघरा | मुरहू | 2021–22, 2022–23 | 22550.00 |
| 3 | सरदुला तालाब | श्री अजय कुजुर | सरदुला | कर्रा | 2023–24 | 3600.00 |
| 4 | रोलागुटु तालाब | श्री कुलेन्द्र सिंह | रोलागुटु | कर्रा | 2023–24 | 3600.00 |
| 5 | भुसुर तालाब | श्री मनोज होरो | भुसुर | कर्रा | 2019–20, 2021–22, 2022–23 | 2350.00 |
| 6 | जोकटी तालाब | श्री षिव नारायण नायक | बड़ाईक टोली, खूँटी | खूँटी | 2021–22, 2022–23 | 1400.00 |
| 7 | लापा तालाब | श्री अजित आईन्द | लापा | कर्रा | 2022–23, 2023–24 | 4600.00 |
| 8 | छोटाबारू तालाब | श्री योगेन्द्र नायक | बड़ाईक टोली, खूँटी | खूँटी | 2022–23, 2023–24 | 1600.00 |
| 9 | कुजियामा बाँध 01 | श्री बिरबल पुरान | कुजियामा | अड़की | 2023–24 | 19000.00 |
| 10 | कुजियामा पोखर 03 | श्री आषिष महादानी | नौढ़ी | अड़की | 2023–24 | 4500.00 |
| 11 | हालुकोचा पोखर | श्री षीतल माँझी | पुरनानगर | अड़की | 2023–24 | 4400.00 |
| 12 | मिटकोरा तालाब | श्री प्रवीन कुमार सिंह | मिटकोरा | कर्रा | 2022–23, 2023–24 | 2400.00 |
| 13 | ऐराहातु तालाब | श्री जुलियस हेरेंज | ऐराहातु | कर्रा | 2022–23, 2023–24 | 6000.00 |
| 14 | कुदलुम तालाब | श्री प्रभात सिंह | कुदलुम | कर्रा | 2023–24 | 1175.00 |

नोटः– यदि किसी बकायेदार द्वारा राजस्व जमा कर दिया गया है तो प्रमाण स्वरूप रसीद का मुल प्रति 07 दिनों के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करें।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी

PR 324217 Fish(24-25)#D


# अल्पसंख्यकों की हिमायती इंडी गठबंधन ने भी झारखंड में नहीं दिया कोई मुस्लिम उम्मीदवार

**सत्येन्द्र**

**रांची।** अल्पसंख्यकों की हिमायती रही इंडी गठबंधन झारखंड में लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रत्याशी को नहीं उतारकर हाशिए पर डाल दिया है। चुनाव में झारखंड के 14 लोकसभा सीटों पर न तो इंडी गठबंधन और न ही एनडीए ने अल्पसंख्यक अर्थात मुस्लिम को टिकट नहीं दिया है। झारखंड के संदर्भ में जब भी लोकसभा में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधित्व की बात आती है तो सबकी नजरें गोड्डा लोकसभा पर अटक जाती हैं। वैसे भी झारखंड गठन के बाद एक मात्र सांसद मुस्लिम समाज से गोड्डा ने ही 2004 में फुरकान अंसारी रूप में दिया था। झारखंड में आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य की कुल आबादी का 15 प्रतिशत मुस्लिम हैं। वहीं लोकसभा की बात करें तो सर्वाधिक मुस्लिम आबादी राजमहल लोकसभा में हैं। राजमहल में मुसलमान करीब 33 प्रतिशत हैं, लेकिन राजमहल सीट एसटी के लिए सुरक्षित है। इसके बाद गोड्डा लोकसभा सीट है, जहां 21 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं।

### गोड्डा से तीन बार मुस्लिम प्रत्याशी पहुंचे हैं संसद

राजनीतिक जानकार बताते है कि गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा ने सर्वाधिक 8 बार जीत दर्ज की है। वहीं दूसरे स्थान पर सर्वाधिक 6 बार कांग्रेस ने गोड्डा लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की है। जिसमें तीन बार मुस्लिम उम्मीदवार गोड्डा से कांग्रेस की टिकट पर लोकसभा पहुंचे हैं। जिनमें 1980 में मौलाना समीनुद्दीन, 1984 में मौलाना सलाऊदीन और 2004 में फुरकान अंसारी का नाम शामिल हैं।

### न एनडीए ने और न इंडी ने दिया मुस्लिम प्रत्याशी

वहीं वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव की तिथि की घोषणा के बाद गोड्डा में 1 जून को चुनाव होना है। इस बार भी न तो इंडिया और न ही एनडीए की ओर से मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में उतारा गया है। हालांकि मुस्लिम समाज के लोगों के लिए उम्मीद की किरण फुरकान अंसारी थे। लेकिन इंडिया गठबंधन की ओर से पहले दीपिका पांडेय सिंह और फिर बदलकर प्रदीप यादव को गोड्डा से उम्मीदवार बना दिया गया है।

### 2004 में गोड्डा से सांसद बने थे फुरकान अंसारी

बता दें कि फुरकान अंसारी ने 2004 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। लेकिन 2002, 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में वे दूसरे स्थान पर रहे थे। बता दें कि 2019 का लोकसभा चुनाव झाविमो और कांग्रेस ने गठबंधन के तहत लड़ा था। जिसमें प्रदीप यादव झाविमो के तरफ से उम्मीदवार थे। वह दूसरे स्थान पर थे। मुस्लिम बहुल सीट को देखते हुए पिछली बार बसपा ने एक मुस्लिम उम्मीदवार जफर ओबेद को गोड्डा से उम्मीदवार के रूप में उतारा था। जफर ओबेद 17583 मत लाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इस संबंध में राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मुस्लिम समाज सिर्फ वोटर बनकर ही नहीं रहे, बल्कि उन्हें प्रतिनिधित्व भी मिलना चाहिए। गोड़डा पर उनकी दावेदारी जायज बनती है।

### गोड्डा में 4 लाख है मुस्लिम वोटर

गोड्डा में मुस्लिम वोटर बड़ा फैक्टर रहा है। कई बार तो पार्टिया इस उम्मीद में उम्मीदवार खड़े करते है कि ध्रुवीकरण के सहारे उनकी नैया पार लग जाएगी तो कई बार वोट कटवा की भूमिका में होते हैं और अपने चेहते को जीत दिलाने का काम करते हैं। जानकारों का कहना है कि गोड्डा लोकसभा सीट को मुस्लिम उम्मीदवार के लिए सेफ सीट में गिना जाता है, क्योंकि यहां तकरीबन चार लाख मुस्लिम मतदाता हैं। जो किसी भी पार्टी के लिए मायने रखता है। एक मुश्त वोट जीत–हार में निर्णायक साबित होता है, लेकिन अब स्थिति साफ है कि उन्हें फिलहाल वोट देना है।

स्पीड न्यूज

# भाजपा प्रत्याशी के रूप में विद्युतवरण ने तीसरी बार भरा नामांकन पर्चा

- केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस समेत कई नेतागण हुए शामिल
- नामांकन सभा में एनडीए ने दिखायी एकजुटता, कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बना
- पांच लाख से अधिक मतों से विद्युतवरण महतो को जिताने का कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विद्युतवरण महतो ने मंगलवार को जमशेदपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय जनजातीय एवं कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, आजसू के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत कई बड़े नेतागण मौजूद रहे।

इससे पहले, साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान में बिद्युत बरण महतो के नामांकन सभा में जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत छह विधानसभा के चालीस मंडल क्षेत्र से मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल हुए। इस दौरान एनडीए घटक दल के तमाम बड़े नेतागण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। नामांकन सभा के दौरान उमड़े जनसैलाब को देखते हुए भाजपा के कार्यकर्ता पूरे उत्साह से लबरेज दिखे। सभी का कहना था कि लोकसभा चुनाव में इस बार बिद्युत बरण महतो कम से कम 5 लाख वोटों से जीत दर्ज करेंगे और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व करेंगे।

नामांकन सभा के दौरान जमशेदपुर लोकसभा के सह प्रभारी मुरलीधर केडिया, लोकसभा संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जिला प्रभारी सह पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, सह संयोजक एवं पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, सह संयोजक अनिल सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, पूर्वी सिंहभूम ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव समेत आजसू के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह एवं लोजपा के प्रदेश सचिव सुमन शर्मा एवं भाजपा के कई वरीय नेताओं के संग जमशेदपुर महानगर एवं पुर्वी सिंहभूम जिला के सभी प्रमुख नेतागण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।





1. जमशेदपुर के डीसी अनन्य मितल को नामांकन पत्र सौंपते भाजपा प्रत्याशी बिद्युतवरण महतो। 2. नामांकन पत्र दाखिल कर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत और अर्जुन मुंडा के साथ निकलते भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो। साथ में महानगर भाजपा अध्यक्ष सुधांशु ओझा। 3. नामांकन सभा में उपस्थित केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और प्रत्याशी।

## झारखंड की सभी 14 सीटों पर जीतेगी भाजपा : शेखावत

नामांकन सभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारत माता की जय, जय श्री राम के नारे एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ जमशेदपुर सहित झारखंड के सभी 14 सीटों पर भाजपा एवं एनडीए की जीत का आह्वान किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपीए के कार्यालय में देश में दो ही तरह की खबरें सुर्खियों में रहती थी। एक तो घोटालों की खबर और दूसरा देश के विभिन्न क्षेत्रों में बम धमाकों की खबर। कांग्रेस के कार्यकाल में करीब 12 लाख करोड़ रुपये के घोटालों की खबर मिलती थी तो वहीं देश के खस्ताहाल आर्थिक स्तिथि के बीच देश के आर्थिक राजधानी में आतंकी हमले एवं बम धमाकों की खबरें सुर्खियों में रहती थी। परंतु आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश की तरक्की और उन्नति की।

### जमशेदपुर सीट पर दूसरे दिन दो नामांकन

09- जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर नामांकन के दूसरे दिन (30 अप्रैल) को दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। पहला नामांकन भाजपा प्रत्याशी बिद्युत वरण महतो- पिता- सुरेन्द्र महतो, पता- कृष्णापुर, आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया, आरआईटी, सहरायकेला-खरसांवा, झारखंड ने किया। दूसरा नामांकन अशोक कुमार- पिता- बचु प्रसाद सिंह, पता- 04- जय गुरूनगर, संकोसाई, पूर्वी सिंहभूम ने किया। अशोक कुमार, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के प्रत्याशी के रूप में 09- जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया।

### विद्युतवरण को जीता पीएम मोदी को भी दीजिये तीसरा टर्म : अर्जुन मुंडा

केंद्रीय जनजाति एवं कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसभा में विद्युत वरण महतो को वोट देकर तीसरी बार सांसद बनाने एवं नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में सिर्फ राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त नही हुआ बल्कि रामराज्य लाने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। मोदी जी की सरकार लोगों के जीवन को खुशहाल एवं मजबूत बनाकर विकसित, समृद्ध और सशक्त भारत के साथ देश को विश्वगुरु बनाएगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री की रूप में नही बल्कि जनता के बीच रहकर प्रधानसेवक के रूप में कार्य किया है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर अखंड भारत के सपने को पूरा करने के साथ सामाजिक न्याय का अधिकार जम्मू कश्मीर के लोगों को दिया। बीते दस वर्षों में देश का किसान समृद्ध और खुशहाल हुआ है।

## टाटा स्टील यूआइएसएल के जीएम बने आरके सिंह



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा ने आरके सिंह को जीएम, (टाउन ओ एंड एम) पद पर तैनात किया है। इस पद पर लंबी पारी खेलने वाले कैप्टन धनंजय मिश्रा आज लंबे कार्यकाल के बाद सेवानिवृत हो गये। आरके सिंह को उनके पद पर तैनात कर एक बड़ा दायित्व दिया गया है। मंगलवार को जमशेदपुर के पत्रकारों से कंपनी के एमडी रितुराज सिन्हा ने खुद आरके सिंह का परिचय कराया। साथ ही सफल पारी समाप्त करने पर कैप्टन धनंजय मिश्रा को शेष जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। आर के सिंह पिछले 25 वर्षों से टाटा स्टील यूआईएसएल/टाटा स्टील से जुड़े हुए हैं। वह पेशे से एक सिविल इंजीनियर हैं और उनके पास टाटा स्टील यूआईएसएल के विभिन्न ग्राहकों से सीधी जुड़ी परियोजना विभागों अर्थात जल प्रबंधन, आईसीएस, टाउन इंजीनियरिंग योजना, बाहरी जल परियोजनाओं और एकीकृत औद्योगिक सेवाओं के लिए काम करने का अनुभव है। उन्होंने कई सरकारी जल परियोजनाओं, विशेषकर जमशेदपुर से परे की परियोजनाओं को भी नेतृत्व प्रदान किया है। आरके सिंह खुद जम कर काम करते हैं,और अपनी टीम से भी रिजल्ट ओरियेंटेड जॉब के लिए प्रेरित करते हैं। कंपनी को उम्मीद है कि आरके सिंह का मृदु स्वभाव और प्रशासनिक कौशल से कंपनी लाभान्वित होगी।

## मई दिवस पर इंटक की बाइक रैली आज

**जमशेदपुर।** इंटक के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने बताया है कि 1 मई को संगठन से जुड़े जमशेदपुर और आदित्यपुर की तमाम ट्रेड यूनियनें विशाल बाइक रैली निकालेगी। यह रैली सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल, बिष्टुपुर गोलचक्कर से शुरु होकर बिष्टुपुर आउटर सर्किल रोड होते हुए गोपाल मैदान गोलचक्कर और वहां से जुस्को मुख्यालय गोलचक्कर होते हुए किनन स्टेडियम होते हुए साकची गोलचक्कर पहुंचेगी। साकची गोलचक्कर से बाइक रैली कालीमाटी रोड होते हुए साकची गुरुद्वारा होते हुए साकची ओवर ब्रिज होते हुए एनटीटीएफ गोलचक्कर होते हुए गोलमुरी और वहां से टिनप्लेट गोलचक्कर होते हुए नीलडीह गोलचक्कर पहुंचेगी। यहां से रैली तार कंपनी गेट होते हुए टाटा मोटर्स मेन गेट होते हुए लेबर ब्यूरो फुटबॉल मैदान पहुंचेगी। यहां पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन परिसर में जाकर रैली एक सभा में तब्दील हो जायेगी।

## ड्यूटी से लौट रहे युवक को हाइवा ने रौंदा, गंभीर



**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को एनएच 32 पितकी रेलवे फाटक के पास हाइवा की चपेट में आने से नीमडीह के लावाटांड़ गांव निवासी 31 वर्षीय रामपदो महतो गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार रामपद महतो गम्हारिया के कंपनी से ड्यूटी कर घर लौट रहा था। इसी दौरान चांडिल रेलवे रेक से तेज गति से निकल रही हाइवा ने रामपदो को रौंद दिया। जिससे उसका पैर पुरी तरह से कुचल दिया गया। ग्रामीणों की मदद से नीमडीह पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से चांडिल अनुमंडल अस्पताल लाया जहां डॉक्टरों ने प्रथमिक इलाज कर एमजीएम जमशेदपुर भेज दिया।

- गम्हरिया की कंपनी से ड्यूटी कर घर लौट रहा था रामपदो

# चुनावी रैली में एक साथ नहीं चलेंगे 10 से अधिक वाहन: एसपीजी मुद्लियर

- ज्यादा होने पर 11वें वाहन की दूरी 100 मीटर होनी चाहिए
- जमशेदपुर पहुंचे व्यय पर्यवेक्षक एसपीजी मुदलियर और ईश गुप्ता
- चुनाव व्यय अनुश्रवण टीम के साथ की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक एसपीजी मुदलियर एवं ईश गुप्ता ने समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में चुनाव व्यय अनुश्रवण टीम के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुनार, परियोजना निदेशक आईडीटीए सह वरीय पदाधिकारी व्यय कोषांग दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर सह वरीय पदाधिकारी एमसीसी एवं एमसीएमसी कोषांग अनंत कुमार व अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

व्यय प्रेक्षकों ने कहा कि चुनाव व्यय प्रक्रिया की निगरानी व अनुश्रवण संबंधी किसी भी शंका या भ्रम की स्थिति नहीं बननी चाहिए, व्यय अनुश्रवण हेतु चिन्हित सभी संस्थायें, कोषांग, टीम आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। सभी का एकिकृत उद्देश्य हो कि धनबल या बाहुबल से किसी प्रकार निर्वाचन प्रकिया प्रभावित नहीं होने पाये। स्वंतत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर डाकघर या बैंक में होने वाले बड़े ट्रांजेक्शन या निकासी की सूचना व्यय कोषांग को उपलब्ध कराई जाए। चेकनाका और अपने सूचनातंत्र के आधार पर अवैध शराब, नगदी, उपहार की वस्तु, ड्रग्स सहित असामाजित तत्वों पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करें। जब्त सामग्रियों को संबंधित विभाग से आकलन कराते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु व्यय कोषांग को प्रतिवेदित करायें। जांच के दौरान 10 लाख से अधिक रुपये पाए जाने पर नोडल अधिकारी के साथ इनकम टैक्स आफिसर को भी इसकी जानकारी दी जाये।




राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के द्वारा किए गए सभी प्रकार के व्यय को शैडो रजिस्टर में संधारित करना है, ससमय इंट्री हो यह सुनिश्चित करें, निर्वाचन के दौरान तीन बार प्रत्याशियों के रजिस्टर का निरीक्षण होगा, इसमें अंतर पाए जाने पर प्रत्याशी को नोटिस दी जाएगी। वीडियो सर्विलांस टीम बड़ी रैलियों में सावधानीपूर्वक वीडियोग्राफी करेगी, जिसके आधार पर उसका व्यय निर्धारित किया जायेगा। व्यय का हिसाब करने में संख्या का बहुत सतर्कता से ध्यान रखा जाए।

## बस्तियों में पानी, बिजली और डोर टू डोर कचरा संग्रह की सेवा देगी जुस्को

- कंपनी के एमडी रितुराज सिन्हा ने पत्रकारों को दी जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अगले वर्ष 2025 तक टाटा स्टील यूआइएसएल जमशेदपुर के टाटा स्टील कमांड एरिया से बाहर जाकर पानी,बिजली एवं कचरा निष्पादन जैसी सेवाएं देने लगेंगी। इसके लिए कंपनी आधारभूत संरचनाओं के विकास में निवेश कर रही है।

उक्त जानकारी टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि नन कमांड एरिया में कंपनी नल से जल, बिजली, डोर टू डोर कचरा उठाव, साफ सफाई समेत सभी मुलभूत सुविधा मुहैया कराएगी। एमडी ने कहा कि कंपनी की ओर से वैसे इलाके में भी पानी और बिजली का कनेक्शन देने की तैयारी की जा रही है, जहां अब तक कनेक्शन नहीं है। एमडी ने बताया कि इसके तहत पानी का कनेक्शन जमशेदपुर पूर्वी के जेमको आजाद बस्ती, जेमको बस्ती, लक्ष्मीनगर, नामदा बस्ती, महानंद बस्ती, हरिजन बस्ती, केबुल टाउन में पानी का कनेक्शन दिया जायेगा। पानी के कुल 3266 कनेक्शन के लिए फार्म बांटे गये है, लेकिन उसके बदले सिर्फ 1595 फार्म भरकर आये है। 1301 कनेक्शन अब तक दिये जा चुके हैं। बचे घरों में जैसे डिमांड आयेगी, वैसे पानी का कनेक्शन दिया जायेगा। इसी तरह जमशेदपुर पश्चिम क्षेत्र में सोनारी दोमुहानी एरिया, प्रतिमा नगर, शिवनगर, कपाली बस्ती, बलराम बस्ती, कान्हू बस्ती जोन में भी होगा।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते रितुराज सिन्हा।

## विद्युत महतो के नामांकन में नमो बिग्रेड के सतीश ने दिखाया दम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** मंगलवार को विद्युत वरण महतो ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व गजेंद्र सेखावत के सानिध्य में नामांकन किया। कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी युथ बिग्रेड के संयोजक सतीश सिंह का मौजूद रहना कौतूहल का विषय रहा। आज कार्यक्रम में सतीश सिंह ने अपने पूरे संगठन के साथ भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को समर्थन देने की घोषणा की। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सांसद विद्युत वरण और सतीश सिंह ने चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए एक प्रतिष्ठित होटल चुनाव की रणनीति बनायी। सतीश के समर्थन के बाद पुराने कार्यकर्ताओं में जोश आ गया।

## देर रात चेकनाका का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जमशेदपुर डीसी व डीडीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल द्वारा जमशेदपुर शहरी क्षेत्र अंतर्गत स्थाई चेकनाकों का देर रात औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मानगो बस स्टैंड स्थित स्थाई चेकनाका, दो मुहानी पुल सोनारी, बिष्टुपुर- आदित्यपुर चेकनाका, बर्मा माइंस, गोविंदपुर अन्ना चौक, पारडीह आदि चेकनाकों का निरीक्षण कर कड़ाई से वाहन जांच किये जाने का निर्देश प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, अपर उपायुक्त श्री रोहित सिन्हा मौजूद रहे।

गौरतलब है कि जिला में चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही 29 अप्रैल से 21 स्थाई चेक नाका सक्रिय कर दिए गए हैं। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा चेकनाका में पंजी संधारण की जांच की गई। साथ ही दो- पहिया, चार पहिया, मालवाहक व वीआइपी वाहनों की भी सघनता से जांच करने का



चेक नाका का देर रात औचक निरीक्षण करने पहुंचे डीसी अनन्य मित्तल और डीडीसी मनीष कुमार (हाफ पैंट और टी-शर्ट में)।

## एक नजर में

### बिष्टुपुर तुलसी भवन में जेसीआई का लाइफस्टाइल पहचान मेला 2 से 4 मई तक



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की महिलाओं द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु बिष्टुपुर तुलसी भवन में तीन दिवसीय लाइफस्टाइल पहचान मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का आयोजन 02 से 04 मई तक किया जा रहा हैं। इसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। मेला तीनों दिन सुबह 10 से रात 08.30 बजे तक चलेगा। इस प्रदर्शनी मेला में कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़, अचार, पेंटिंग आदि के स्टॉल लगाये जा रहे हैं। जिसमें सही दाम पर एक ही छत के नीचे अनेक समान लोगों को मिलेगा। मेला में जमशेदपुर, रांची, कोलकाता, मुंबई आदि शहरों से भी महिलाएं स्टॉल लगाने के लिए आ रही हैं। इसे सफल बनाने में संस्थापक अध्यक्ष कविता धूत, अध्यक्ष बीना देबुका, सचिव मोनिका बाकरेवाल, कोषाध्यक्ष पूजा मोदी, किरण अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, सुजीता अग्रवाल, संगीता गुप्ता, नीमा मोदी, सहित संस्था की सभी महिलाएं लगी हुई हैं।

### शेन इंटरनेशनल में मना 2024-25 का ओरिएंटेशन डे



**जमशेदपुर।** शेन इंटरनेशल स्कूल में सत्र 2024-25 का ओरिएनटेशन डे का आयोजन किया गया। जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए अलग अलग पालियों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सभी नव नामांकित छात्रों के अभिभावकों को निमंत्रित किया गया। दिन का शुभारंभ प्रार्थना सभा से हुआ। उसके बाद बच्चों ने अभिभावकों के लिए स्वागत गान प्रस्तुत किया। इस ओरिएंटेशन डे में ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों की उपस्थिति पाई गई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रमा श्रीनिवास (अकादमिक) ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय के सभी नियमों से अवगत कराया तथा इन नियमों को छात्रों द्वारा अपनाने की अपील की। बीच-बीच में अभिभावकों से वातार्लाप भी कायम रखा। अभिभावकों ने भी अपने अपने सुझाव और विचार प्रस्तुत किये। कुछ अभिभावकों ने विद्यालय से संबंधित अत्यंत हीं सकारात्मक विचार दिये। प्राचार्या पुष्पा भल्ला (प्रशासनिक), उप प्राचार्या केया अदक, मुख्य अध्यापिका सिमरन सग्गू, सभी का परिचय अभिभावकों से कराया गया। जूनियर और सीनियर शिक्षकों का भी परिचय दोनों पालियों में अलग अलग करवाया गया। अंत में उप प्रधानाध्यापिका ने अभिभावकों को समय से आकर कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया।

## झारखंड क्षत्रिय संघ ने किया केंद्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत का स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड क्षत्रिय संघ ने मंगलवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पर अभिनंदन एवम स्वागत किया। झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष श्री शंभू नाथ सिंह एवम महिला अध्यक्ष डॉ कविता परमार ने सयुक्त रूप से अंगवस्त्र तथा फूलों के गुलदस्ता द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर बागबेड़ा की जिप सदस्य डॉ कविता परमार, घाटशिला के जिप करण सिंह, क्षत्रिय संघ के संरक्षक नंदकुमार सिंह तथा उपाध्यक्ष राजीव सिंह उपस्थित थे। गजेंद्र सिंह शेखावत जी ने कहा सनातन धर्म को बचाने तथा राष्ट्र के विकास के लिए देश के हर व्यक्ति को अपनी अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी।



## कमलपुर : कार से 400 बोतल ब्रांडेड शराब जब्त

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में कमलपुर थाना अन्तर्गत अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान एक कार से कुल 400 बोतल ब्रांडेड कंपनी का स्टीकर लगा हुआ नकली विदेशी शराब जप्त करते हुए 03 अपराधकर्मियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# टाटा स्टील और टेक्समिन के बीच हुआ एमओयू

- दोनों संस्थानों ने भारत के खनन क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए रणनीतिक साझेदारी की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/धनबाद।** टाटा स्टील ने टाटा स्टील इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग डिवीजन (टीएसआईसी) और आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में माइनिंग टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब, टेक्समिन के माध्यम से भारत में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के परिदृश्य को नया आकार देने और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक साझेदारी की है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) खनन उद्योग को माइनिंग 4.0 के युग में आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो इस क्षेत्र के लिए एक सस्टेनेबल और कुशल भविष्य को बढ़ावा देने के लिए दोनों संस्थानों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। डीबी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, (रॉ मैटेरियल्स) टाटा स्टील ने कहा कि टेक्समिन के साथ सहयोग करना टाटा स्टील के लिए खनन उद्योग में नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने का एक रोमांचक अवसर प्रस्तुत करता है। तकनीकी प्रगति, कौशल विकास और नवीन तकनीकों को प्राथमिकता देकर, यह सहयोग संसाधन प्रबंधन अभ्यासों को फिर से परिभाषित करने का वादा करता है। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य दक्षता और सस्टेनेबिलिटी के लिए नए मानक स्थापित करना है, जिससे पूरे क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव लाया जा सके। टेक्समिन के परियोजना निदेशक और आईआईटी (आईएसएम) के उप निदेशक प्रो. धीरज कुमार ने कहा कि टीएसआईसी के साथ यह साझेदारी खनन क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास की दिशा में एक रोमांचक अभियान की शुरुआत है।



## स्पीड न्यूज

### इंटर आर्ट्स में हरिहरगंज की निशा जिला टॉप टेन में शामिल



**हरिहरगंज पलामू।** जैक द्वारा घोषित इंटर आर्ट्स परीक्षा परिणाम में हरिहरगंज सीता +2 उच्च विद्यालय की छात्रा निशा शर्मा जिला टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है। हरिहरगंज न्यू एरिया निवासी विश्वनाथ कुमार विश्वकर्मा की पुत्री निशा शर्मा 407 अंक 81.4 प्रतिशत लेकर जिला में पांचवां स्थान प्राप्त की है। निशा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा विद्यालय के शिक्षकों को दी है। साथ ही सिविल सेवा की तैयारी कर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है। इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार राय, शिक्षक डा ओरेंद्र कुमार यादव, डॉ राजकुमार सहित सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बच्चों ने रिजल्ट लिया, ठंडा पीया और फिर हो गयी छुट्टी



**मेदिनीनगर।** प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय के कक्षा-छह व सात के विद्यार्थियों का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को रिपोर्ट कार्ड प्रदान किया। मौके पर बच्चों ने भोजन के उपरांत विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, प्रधान सहायक रामलखन राम, जनसेवक अजित कुमार, शिक्षक अमरेन्द्र पाठक व शिक्षक शोक सिंह के साथ ठंडा का आनंद लिया। इसके बाद भीषण गर्मी के मद्देनजर विभागीय आदेश के आलोक में अगले आदेश तक के लिए बच्चों को छुट्टी दे दी गयी। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने उन्हें छुट्टी में पढ़ाई जारी रखने, गर्मी से बचने, साफ पानी पीने व ताजा भोजन करने की हिदायत दी। इस अवधि में शिक्षक विद्यालय में निदेशित कार्यों का निष्पादन करेंगे।

### ग्रामीणों ने चैनपुर थाना प्रभारी से की शराब बिक्री बंद कराने की मांग

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के खरोह टोला में अवैध शराब की बिक्री खुलेआम धड़ल्ले से की जा रही है। पुलिस प्रशासन इन बातों से अनभिज्ञ है। इसे लेकर ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि खरोह टोला के गिरजा भुइयां, विदेशी भुइयां पिता सोमरू भुइयां, रणधीर भुइयां पिता भरत भुइयां, जयश्रीराम भुइयां पिता स्व लोचन भुइयां, राजेंद्र भुइयां पिता सरीफा भुइयां, बंधु भुइयां पिता कृत भुइयां, विदेशी भुइयां पिता स्व सेवक भुइयां, जीतू भुइयां पिता स्व मोहन भुइयां, त्रिलोक साव पिता स्व अलियार साव द्वारा महुआ शराब बनाकर खुलेआम बेचा जा रहा है। ग्रामीणों ने चैनपुर थाना प्रभारी से खरोह टोला में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध शराब की बिक्री बंद कराने की मांग की है।

### अज्ञात अपराधियों ने खैनी व्यवसायी को गोली मारकर किया घायल

**छतरपुर पलामू।** बीती रात खाटिन के संतोष साव अपनी खैनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। इसी बीच बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने खाटिन रोड में उसे गोली मारकर घायल कर दिया। उसे दो गोली लगी है। सूचना मिलते ही छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन घटनास्थल पहुंच घायल को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज मेदिनीनगर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

### पीपराटांड़ के ग्राम तितलंगी से 400 ग्राम अफीम के साथ युवक गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के पीपराटांड़ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर तितलंगी के झाबर यादव को 400 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पीपराटांड़ थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को 29 अप्रैल को गूप्त सूचना मिली थी कि ग्राम तितलंगी के झाबर यादव अपने घर में अफीम छिपाकर रखा है। इसकी सूचना पलामू एसपी को दी गई। एसपी के निर्देश पर लेस्लीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पीपराटांड़ पुलिस ने छापामारी दल का गठन किया। छापामारी के क्रम में झाबर यादव पिता संघर यादव ग्राम तितलंगी के मकान के कमरा के कोने में एक काला प्लास्टिक में व दो सफेद प्लास्टिक में मैरून रंग का गीला ठोस पदार्थ मिला। जो कपड़ा से ढककर छिपाया गया था। गीला ठोस पदार्थ के बारे में पुलिस ने झाबर यादव से पूछताछ की। दो सफेद प्लास्टिक जिसका वजन एक किलोग्राम है। जिसका उपयोग तरल अफीम में मिलाकर ठोस अफीम बनाया जाता है। पुलिस ने झाबर यादव के घर से लगभग 400 ग्राम अफीम व दो किलो ग्राम केमिकल को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के समक्ष जब्त किया है। गिरफ्तार अभियुक्त झाबर यादव के द्वारा पिपराटांड थाना व लावालौंग थाना क्षेत्र के जंगली भूमि में अफीम की खेती कर अफीम व अफीम से संबंधित उत्पाद बेचा जाता था। छापामारी दल में लेस्लीगंज एसडीपीओ व पीपराटांड़ थाना पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

### आजसू कार्यकर्ताओं ने बनायी भाजपा प्रत्याशी बीडी राम की जीत की रणनीति



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा व चतरा लोकसभा में एन डी ए प्रत्याशी की जीत के लिए आजसू पार्टी के लोक सभा प्रभारी सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक की गयी। बैठक में सतीश कुमार ने कहा कि पलामू लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी बीडी राम को अब तक के सभी चुनाव से रिकार्ड मतों से जीत हासिल करने के लिए सभी प्रखंड प्रभारी प्रखंड अध्यक्ष सभी पंचायत समिति ग्राम समिति व चूल्हा प्रमुख हर घर में जाकर केन्द्र सरकार के जन उपयोगी योजना को बताना है। इंडिया गठबंधन के झूठ फरेब लूट भ्रष्टाचार से जनता को अवगत कराया जायेगा।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल हवाई अड्डा का एसपी ने किया निरीक्षण

- पुलिस अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव में राजग के भाजपा प्रत्याशी बिष्णुदयाल राम के लिए चुनावी सभा को संबोधित करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पलामू में चौथा बार आनेवाले हैं। जो चियांकी स्थित हवाई अड्डा मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री का आगमन चार जून को संभावित है। इसे लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन सभी तरह की तैयारियों में लग गयी है। वहीं बीती रात्रि को पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने सभा स्थल चियांकी हवाई अड्डा का निरीक्षण अपने मातहत अधिकारियों के साथ किया। उन्होंने हेलीपैड का भी जायजा लिया। साथ ही सभास्थल की घेराबंदी व सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के लिए पूरे परिसर का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया।



साथ ही सभास्थल पर आमजनों के प्रवेश व निकास का भी जायजा लिया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की कोई चुक न हो इस पर एसपी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं कार्यक्रम स्थल पर वीआईपी गेट एवं आमजनों के प्रवेश पर भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के लिए अत्यधिक संख्या में पुलिस अधीकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती किये जाने संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, सार्जेंट मेजर, यातायात प्रभारी समाल अहमद समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल थे।

# पीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर अफसरों को सौंपी गयी जिम्मेवारी

- प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित मेदिनीनगर के दौरे को लेकर मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की। समाहरणालय सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दौरे पर आने वाले लोगों को कैसे नियंत्रित करना है, सुरक्षा के दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने है इसका आकलन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को स्टेज के साइज का आकलन करने व प्रोटोकॉल व नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर निर्देशित किया।



इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट का डेप्लॉयमेंट करने को लेकर सदर एसडीओ को जिम्मेदारी दी गयी। इसी क्रम में प्रॉक्सिमिटी पास, वर्क फोर्स पास व प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट व पुलिस पास को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को निर्देशित किया गया। सिविल सर्जन को दो हॉस्पिटल को स्टैंड बाई मोड पर रखने व एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट युक्त एंबुलेंस भी रखने पर बल दिया गया। इसी तरह उन्होंने फूड सेफ्टी ऑफिसर, फायर ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये। वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान अलर्ट पर रहने को लेकर निर्देशित किया गया। मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं का बीडी राम के समर्थन में जनसंपर्क, मांगे वोट

- प्रचंड बहुमत के साथ देश में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार : अजय दुबे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही पार्टी प्रत्याशी के कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जुट गये हैं। सभी पार्टी प्रत्याशी और उनके समर्थक ग्रामीण क्षेत्रों में अपने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिये हैं। मंगलवार को भाजपा नेताओं ने विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी, केतात, भंडार सहित कई ग्राम पंचायतों में पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। निवर्तमान सांसद सह पार्टी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के कार्यकाल को ऐतिहासिक करार देते हुए लोगों से समर्थन मांगा।



भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क करते भाजपा नेता।

**कार्यक्रम की खास बातें :** युवा भाजपा नेता अजय दुबे ने दावा किया कि बी डी राम लगातार तीसरी बार जनता के समर्थन से सांसद बनेंगे। वहीं मोदी सरकार भी प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार वापसी करेगी। भाजपा के जिला कार्यसमिति सदस्य शम्भू शरण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही देश विश्वगुरु बनेगा। मौके पर विनय चौबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, बैजनाथ सिंह, शशि कुमार सिंह, केयास चौधरी, धनंजय मेहता, कृष्णा विश्वकर्मा, कन्हाई चौधरी, रिंकू चौधरी, प्रेम चौधरी, अजीत चंद्रवंशी, पिंटू चौधरी, रवि विश्वकर्मा, देवलाल चौधरी, हरि उरांव, प्रयाग उरांव, राजेश भुइयां सहित कई लोग मौजूद थे।

# आपराधिक घटना के खिलाफ छतरपुर के व्यवसायियों ने की दुकानें बंद

- 24 घंटे के अंदर मामले का उदभेदन नहीं हुआ तो आंदोलन की दी चेतावनी
- पूर्व सांसदों ने घायल के परिजनों से की मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को तीन अपराधिक घटना हुई। जिसमें खाटीन निवासि संतोष साव का इलाज रांची के मेडिका अस्पताल में जारी है। बढ़ते अपराध को लेकर छतरपुर के लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। वहीं स्थानीय विधायक और सांसद भी गहरी चिंता व्यक्त की है।

जानकारी मिलते ही घायल संतोष को मेदिनी नगर और रांची में उन्हे ईलाज की समुचित व्यवस्था में सक्रिय रूप से अपना सहयोग किया। साथ ही पुलिस प्रशासन के द्वारा पिछले दो माह के दौरान किसी भी मामले के उदभेदन नहीं कर पाना पुलिस की नाकामी बताया है।





**खास बातें :** घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा के द्वारा संतोष साव के परिवार से मुलाकात किया। उन्होने कहा कि छतरपुर जैसे शांतिपूर्ण जगह में जहां सभी लोग आपसी भाईचारे व प्रेम से रहते हैं। यहां पर इस तरह के लगातार घटना होना चिंता का विषय है। इस दौरान परिजनों ने श्री बैठा के समक्ष रो-रो कर अपने आपबीती सुनाए। वही सांसद बीडी राम ने भी इस मामले को लेकर बीती रात एमएमसीएच में घायल संतोष से मुलाकात किया व परिजनों से बातचीत के बाद बताया कि इस मामले को लेकर पलामू एसपी से बातचीत कर अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी के साथ, छोटा हो या बड़ा अपराधी हो उन सबों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई के बात करेंगे। वहीं भाजपा नेता व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने भी इस मामले को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि छतरपुर पुलिस के द्वारा बालू पकड़ लिया जाएगा पत्थर लगे हाईवे पकड़ लिए जाएंगे बिना हेलमेट के चल रहे मोटरसाइकिल चालक पकड़े जाएंगे पर धमकी देता कोई अपराधी किसी को गोली मार देने वाला अपराधी इनकी पकड़ से हमेशा दूर रहते हैं।

# प्रेमी ने प्रेमिका को जहर देकर मार डाला, मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के सतौआ निवासी सुखदेव सिंह की बेटी काजल कुमारी (22) को उसके प्रेमी विकास कुमार द्वारा जहर देकर मारने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना के बाद मृतका के परिजनों ने पाटन थाना में विकास पर जान मारने की प्राथमिकी दर्ज करायी है। काजल की शादी वर्ष 2021 में बिहार औरंगाबाद जिला के ग्राम बुमरु में रवि सिंह के साथ हुई थी। मृतका का एक तीन साल का बच्चा भी है।

## फेसबुक से दोनों के बीच होती थी बातचीत



मृतका के परिजनों ने बताया कि लड़की तीन माह से अपने मायके सतौआ में रह रही थी। उसी दरम्यान फेसबुक के जरिये उसकी बातचीत किशैनी निवासी विकास कुमार के साथ हो रही थी। जिसकी जानकारी होने पर परिजनों ने उसे बात करने से मना भी किया था। परिजनों ने बताया कि 27 अप्रैल की रात में सतौआ ग्राम में बारात आयी हुई थी, जिसको देखने हम सभी परिवार गये थे। मेरी पुत्री काजल कुमारी अपने पति रवि के साथ बारात देखने गयी थी। अचानक वहीं से काजल कुमारी गायब हो गयी। मोबाइल पर फोन करने पर फोन स्विच ऑफ बताने लगा। परिजनों ने बताया कि किसी तरह नंबर उपलब्ध कर प्रेमी विकास कुमार से बात की गयी।

> गांव में आयी बारात को देखने निकले थे पति-पत्नी, वहीं से प्रेमी के साथ गायब हो गयी थी मृतका काजल

विकास ने लड़की को लेकर आने की बात कही, लेकिन सुबह तक लड़की वापस नहीं आयी। सुबह में खोजबीन के दौरान काजल कुमारी एवं प्रेमी विकास कुमार पाटन में पाये गये। प्रेमी विकास ने मृतका की मां से मोबाइल से कहा कि आपकी बेटी को जहर दे दिये हैं। आपकी बेटी की मौत हो जायेगी। परिजनों ने बताया कि लड़की काजल कुमारी की हालत एकदम खराब हो गयी थी। काजल ने प्रेमिका के द्वारा जहर देने की बात कही और उसकी हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में उसे पाटन स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया। जहां ईलाज के दौरान काजल कुमारी की मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि अगर पाटन स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज सही से होता तो बेटी बच जाती। परिजनों ने पुलिस से उचित कार्रवाई कर प्रेमी विकास कुमार पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### पूरनचंद के पद चिह्नों पर चलकर संसद भवन पहुंचेंगे, बाहरी नजर नहीं आयेंगे : गणेश रवि



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा के स्वतंत्र प्रत्याशी गणेश रवि ने चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा कर ईवीएम मशीन के नौ नंबर केतली छाप पर बटन दबाने की अपील की। चैनपुर प्रखंड के अवसाने, मढ़ी चांदो सोकरा, दोकरा, कुरकुट में मतदाताओं से मिलकर उन्होंने कहा कि वह पूरनचंद के पद चिह्नों पर चलकर संसद भवन पहुंचेंगे। बाहरी लोग 5 जून के बाद नजर नहीं आयेंगे। हम लोगों के बीच बराबर रहेंगे। श्री रवि ने कहा कि केंद्र सरकार कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित कर रही है। कंपनियों को मौका दिया जाए तो सोकरा माइंस जैसे दर्जनो माइंस फैक्ट्री पलामू में खोला जा सकता है। लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए लोकसभा में आवाज उठाने वाला सांसद चुनें।

### रामानुजगंज (छतीसगढ़) से ट्रैक्टर से छड़ लेकर आ रहे ट्रैक्टर मालिक और चालक की मौत



**मेदिनीनगर/ चैनपुर।** छत्तीसगढ़ रामानुजगंज से ट्रैक्टर से छड़ लेकर आ रहे ट्रैक्टर मालिक सह पारा टीचर विजय सिंह एवं चालक पप्पु की मौत हो गई। मृतक पारा टीचर नावाबाजार थाना क्षेत्र के नेनुआ एवं चालक पप्पु सिंह पाटन थाना क्षेत्र के नावाडीह उताकी का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार पारा टीचर विजय सिंह अपना ट्रेक्टर लेकर छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज छड़ लेने गए थे। वहां से छड़ लेकर सोमवार को चैनपुर रामगढ़ मार्ग से अपने गांव नेनूआ जा रहें थे। इसी दौरान चैनपुर थाना क्षेत्र के करसो के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें ट्रैक्टर चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। दुर्घटना में घायल पारा टीचर सह ट्रैक्टर मालिक विजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक पारा टीचर का पुत्र लखन सिंह को भी मामूली चोट लगी है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। पारा टीचर विजय सिंह का अंतिम संस्कार नेनूआ में किया गया। ज्येष्ठ पुत्र श्रीराम सिंह ने मुखाग्नि दी।

## दहेज को लेकर हत्या के दोषी पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पति तसलीम अंसारी को 10 बर्ष की सश्रम कारावास की सजा सजा सुनायी है। सतबरवा थाना के झाबर गांव निवासी शहीदा बीबी ने मृतिका के पति, ससुर, सास, गोतनी व भसुर के विरुद्ध लेस्लीगंज थाना में 17 जून 2021 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी इसमें आरोप लगाई थी कि मैं अपनी पुत्री नाजिया खातून की शादी पांच बर्ष पूर्व तस्लीम अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार की थी। शादी के एक बर्ष बाद से ही मेरी लड़की के साथ दहेज हेतु प्रताड़ित किया जाता था। वह बीच बीच मे बराबर अपनी बेटी दामाद को पैसा देते रहती थी। 16 जून 2021 को सुचिका अपने पुत्र मो अहजद से 50 हजार रुपये भेजी थी। 17 जून 2021 को नाजिया खातून को जान मार दिए तथा उसे लटकाकर फांसी का स्वरूप दे दिया। जहां फांसी लगाकर मरने की बात बतायी गयी थी वहां बास से चारपाई के बीच की उच्चाई चार फीट था जबकि मृतिका नाजिया खातून की लंबाई छह फीट था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक नाजिया खातून की मृत्यु दम घुटने से हुई थी।

## पिपरा पुलिस ने 46 बछड़ा पकड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा पुलिस ने रविवार की रात भीतिहा मोड़ के समीप से तस्करी कर ले जा रहे 46 बछड़ा को बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि पशु तस्करों द्वारा बछड़ा को ले जाने की सूचना मिली थी। इस पर एसआई नकुल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने कार्रवाई करते हुए भीतिहा मोड़ से उक्त बछड़ों को बरामद किया। हालांकि तस्कर पुलिस को देख फरार हो गए। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गयी है। वहीं पुलिस ने मंगलवार को सभी जब्त बछड़ों को स्थानीय ग्रामीणों को जिम्मेनामा पर दे दी है। उधर धुसरुआ गांव निवासी गुड्डू कुमार यादव ने पुलिस पर जबरन पशु छीन कर ले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके साथ नंदकेसर यादव, भीखन उरांव तथा राजेश्वर यादव एक साथ मिलकर पशु का व्यापार करते हैं। ये सारे पशु बिहार के कैमूर जिला के चैनपुर थाना अंतर्गत सिरसी पशु मेला से बछड़ा को खरीद कर लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के सलनी बाजार बेचने ले जा रहे थे। तभी पुलिस बछड़ों के खरीदी कागजात को मारपीट कर छीन लिया तथा बछड़ों को जबरन थाना ले गयी।



# पलामू के किसान का बेटा बना इंटर साइंस परीक्षा में राज्य में चौथा और जिला टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** जैक द्वारा इंटर का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। पलामू जिले के निलांबर पितांबर पुर प्रखंड के निवासी सतेंद्र मेहता के 18 वर्षीय पुत्र अमित कुमार मेहता ने इंटर की परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर रहा है। बातचीत के दौरान अमित कुमार मेहता ने बताया कि उनके पिता किसान है और मां नीलम देवी गृहणी है। अमित रिश्तेदार के घर रहकर पढ़ाई करता था। उन्होंने कहा कि सफलता काफी मेहनत से मिली है। इसमें कॉलेज के शिक्षक और घर के सपोर्ट से मिला है। बी एस इंटर कॉलेज पाटन का विज्ञान संकाय के मेधावी छात्र अमित कुमार मेहता 477 अंक लाकर राज्य में चौथा और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है।

## पाटन बीएस इंटर कॉलेज का है छात्र है अमित









इसी तरह कॉलेज के छात्र मंटू प्रसाद ने 92.4% लाकर जिले में पांचवा स्थान ,नेहा मेहता 92% जिले में सातवां स्थान, सुभम कुमार 91.8% लाकर जिले में आठवां स्थान, ममता कुमारी 91.6 % लाकर नौवा स्थान प्राप्त की है। इंटर साईंस परीक्षा में टॉपर किसान का बेटा अमित मेहता ने कहा कि वह आईएएस बन करप्शन को समाप्त करना चाहता है। कहा कि वह भविष्य में यूपीएससी परीक्षा में सफल होकर आई ए एस अधिकारी बनकर देश व समाज की सेवा करना चाहते हैं।





# आधी आबादी का पूरा वोट, एनडीए सरकार चार सौ पार : लवली गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा सह पूर्व जिला परिषद सदस्य लवली गुप्ता ने पांकी विधानसभा सहित चतरा लोकसभा के कई गांव का भ्रमण किया। मौके पर लवली ने कहा कि बहनों का विश्वास मोदी जी के साथ है। अब वक्त बदल चुका है अब महिलाएं किसी के कहने पर वोट नहीं डालती, वह अपना वोट बेचती भी नहीं है। 2019 में महिलाओ ने 46% अपना मत भाजपा को दिया था। भाजपा सरकार ने देश की आधी आबादी नारी शक्ति पर अपना विश्वास जताया है। महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए, उन्हें सशक्त करने के लिए केंद्र की कई योजनाएं ऐसी है जो महिला सशक्तिकरण की ओर एक मजबूत कदम है। दस वर्षों में महिलाओं की स्थितियों में काफी सुधार हुआ है। पहले महिलाओं का आधा समय पानी के जुगाड़ और लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने में ही गुजर जाता था। दस करोड़ से ज्यादा महिलाए स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी है। जहां विपक्ष नारी शक्ति को खत्म करना चाहती है वहीं मोदी जी का नारा है नारी तू नारायणी। आज महिलाओं का मोदी जी के प्रति विश्वास बढ़ा है और महिलाओं के दम पर ही भाजपा का नारा अबकी बार चार सौ पार, वह पूरा होने वाला है।



भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करतीं भाजपा नेत्री व अन्य।

# एसकेएमयू के विभिन्न 6 परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मु विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने मंगलवार को कुल 6 परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि जारी कर दी है। जिसमें यूजी सेमेस्टर-5, सत्र-2021-24, पीजी सेमेस्टर-2, सत्र-2022-24, संथाल कल्चर स्टडी सेमेस्टर-2, सत्र-2022-24, एमसीए सेमेस्टर-4(ओल्ड कोर्स), एमबीए एवं एमसीए सेमेस्टर-3, सत्र-2022-24 परीक्षा शामिल है। उक्त परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी बिना विलंब शुल्क के साथ 8 से 15 मई तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट से भर सकते है। यूजी सेमेस्टर-5 और पीजी सेमेस्टर-2 के परीक्षार्थी क्रमशः 200 और 500 विलंब शुल्क के साथ 16 से 18 मई और 19 से 21 मई तक परीक्षा फॉर्म भर सकते है। फॉर्म भरने के बाद यूजी सेमेस्टर-5 और पीजी सेमेस्टर-2 के परीक्षार्थियों को 22-24 मई के बीच हार्ड कॉपी संबंधित कॉलेज या स्नातकोत्तर विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा। वहीं संथाल कल्चर स्टडी सेमेस्टर-2, एमसीए सेमेस्टर-4(ओल्ड कोर्स), एमबीए एवं एमसीए सेमेस्टर-3 के परीक्षार्थियों को 16 से 17 मई के बीच फॉर्म का हार्ड कॉपी अपने विभाग में जमा करना होगा।

## भीषण गर्मी में लू के चपेट में आने से एक की मौत

**दुमका।** लू लगने से एक मजदूर की मौत हो गई है, जबकि दूसरा मजदूर मूर्छित होकर सड़क पर गिरा पड़ा था। सूचना पर नगर थाना की गश्ती दल की पुलिस मौके पर पहुंच दोनों को उठाकर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लेकर आई। जहां के डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। मृत मजदूर शिनाख्त जरुवाडीह निवासी शिव कुमार मंडल के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार दोनों मजदूर जिला निबंधन कक्ष के निकट गिरे पड़े थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों के कार्यों का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन के निमित गठित किए गए विभिन्न कोषांग के कार्यों एवं अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। समीक्षा के क्रम में ट्रेनिंग कोषांग, लॉ एंड ऑर्डर, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम एवं हेल्पलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्रांग रूम, स्वीप कोषांग आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांग के कार्यों की समीक्षा की, इनमें कार्मिक कोषांग एवं गठित मेडिकल बोर्ड को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही वाहन कोषांग को डिस्पैच संबंधी पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, मतदाता सूची कोषांग, ईवीएम कोषांग को दिशा - निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कंट्रोल रूम को 247 उचित संचालन एवं रजिस्टर संधारण को लेकर निर्देश दिए। स्वीप कोषांग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जाये। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। लोकसभा आम निर्वाचन के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय के साथ कार्यों का संचालन करते हुए सुचारू रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करें। बैठक में सभी कोषांग के नोडल तथा सहायक नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्या

**साहेबगंज।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने उपस्थित शकुनी देवी, निरंजन मंडल ,राजीव कुमार, शिल्पी कुमारी से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके समाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित थे।

### मतदाताओं के बीच किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**साहेबगंज।** लोकसभा चुनाव- 2024 जिला में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त श्री हेमंत सती ने चौक बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला,साहेबगंज में मारवाड़ी महिला मंच, मारवाड़ी युवा मंच को मतदान के प्रति जागरूक करने के कार्यक्रम में शामिल हुए। उपायुक्त महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार चुनाव में सभी बूथों को आदर्श बूथ बनाए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, पंखा, शौचालय, रैंप, पेयजल, पंडाल की व्यवस्था को सुनिश्चित की गई है। जिससे मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। उपायुक्त ने उपस्थित लोगों से अपील की मतदान 1 जून, 2024 (शनिवार) को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। आप सभी अपने मतों का प्रयोग निश्चित रूप से करें । जिससे साहेबगंज जिला में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके। वार्ड में रहने वाले प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं। इसकी जानकारी बीएलओ से ली गई। मतदाताओं को यह जानकारी दी गई की बीएलओ मतदाता पर्ची घर-घर पहुंचाएगा। मतदाता पर्ची नहीं होने पर निर्वाचन आयोग की तरफ से निर्धारित 12 अन्य वैकल्पिक परिचय पत्र में किसी एक को दिखाकर वोट दे सकते हैं। मतदाताओ ने उपायुक्त के समक्ष मतदान प्रतिशत को कम होने का कारण साझा किया उपायुक्त ने सभी सवालों का जवाब क्रमबद्ध रूप से दिए।जिला समाज कल्याण पदाधिकारी- सह - नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग डॉ0 सुमन गुप्ता ने बताया कि जिले में कुल 117 बूथ वैसे हैं जहां पिछले चुनाव में 50 से 60 प्रतिशत मतदान हुए हैं इन्हें 80% से अधिक मतदान करने के लिए हम कार्यरत हैं । हमारे आसपास दो बूथ राजस्थान इंटर कॉलेज, पोस्ट ऑफिस साहेबगंज है। जिन में 60% तक ही मतदान सीमित रह गई। मैं आप लोगों से अपील करती हूॅ कि इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। कार्यक्रम मे सभी मतदाताओं को उपायुक्त ने मतदाता शपथ दिलाई।

# गिरिडीह में 18,01,845 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग: डीईओ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है। डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 06 मई 2024 है।

इस दौरान निर्धारित तिथि को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया जा सकता है। नाम निर्देशन का स्थल उपायुक्त बोकारो का कार्यालय प्रकोष्ट होगा। उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन दाखिल करने के समय निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ट के 100 मीटर की परिधि में अभ्यर्थी के केवल तीन वाहनों का ही प्रवेश अनुमान्य है। नाम निर्देशन दाखिल करने के समय निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ट में अभ्यर्थी सहित कुल पांच व्यक्ति को ही प्रवेश की अनुमति होगी। नाम निर्देशन पत्र के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित शुल्क सामान्य उम्मीदवारों के लिए 25000/- रू एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 12500/- रू है। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह बोकारो की उपायुक्त श्रीमती जाधव के अनुसार विगत 20 जनवरी 2024 से अब तक गिरिडीह में 11984 डुमरी मे 10578 गोमिया में 8646 बेरमो में 5788 टुंडी में 10010 तथा बाघमारा में 10558 कुल 57564 नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। इस प्रकार वर्तमान चुनाव में गिरिडीह में 288973 डुमरी में 299934 गोमिया में 301707 बेरमो में 320326 टुंडी में 303314 तथा बाघमारा में 287591 कुल 1801845 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे।

# इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में मूलभूत सुविधाएं करें दुरुस्त: डीईओ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में डीईओ सह डीसी विजया जाधव ने बेरमो एवं गोमिया प्रखंड स्थित इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में मतदान कर्मियों सुरक्षा बलों के आवासन/मेडिकल व्यवस्था को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक की। मौके पर एसपी पूज्य प्रकाश डीडीसी संदीप कुमार अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी सिविल सर्जन डा दिनेश कुमार एसडीओ बेरमो अशोक कुमार डीसीएलआर बेरमो सदानंद महतो संबंधित प्रखंडों के बीडीओ/ सीओ/ प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। डीईओ सह डीसी ने सभी संबंधित बीडीओ/ सीओ से संबंधित इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम भवनों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं को ससमय दुरूस्त करें। सुरक्षा कारणों से मतदान दिवस के दिन मतदान कर्मी/सुरक्षा बल रात्रि आवासन करेंगे। आवासन में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो।

## ईएसएल स्टील ने अंतर केंद्र क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन

**बोकारो।** ईएसएल स्टील लिमिटेड और उसकी सहयोगी कार्यान्वयन एजेंसी सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा ईएसएल स्टील लिमिटेड के प्लांट परिसर के अंदर स्थित प्रशिक्षण केंद्र में प्रतियोगियों में उपलब्धि और गौरव की भावना पैदा करने के उद्देश्य से सह आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में छात्रों अभिभावकों शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 100 लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई जो प्रतियोगियों को प्रेरित करने के लिए आए थे। प्रतियोगिता में ग्रुप ए में पहला स्थान प्रेरणा ट्यूटोरियल्स मोदीडीह ने हासिल किया दूसरा स्थान प्रेरणा ड्राइंग सेंटर चंदाहा ने और तीसरा स्थान प्रेरणा ट्यूटोरियल्स कुमाटांड ने हासिल किया। ग्रुप बी में प्रथम प्रेरणा केंद्र चंदाहा दूसरा स्थान प्रेरणा केंद्र सियालजोरी तीसरा स्थान प्रेरणा केंद्र योगीडीह रहा।

## भारत विकास परिषद बोकारो दक्षिण शाखा के दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन

**बोकारो।** भारत विकास परिषद बोकारो दक्षिण शाखा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का दायित्व सह शपथ ग्रहण समारोह को आपरेटिव कॉलोनी स्थित एलएके प्रसाद मेमोरियल सभागार में संपन्न हुआ। दायित्व एवं शपथ ग्रहण के पूर्व नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह सचिव ललित वर्मा एवं कोषाध्यक्ष अनुप कुमार का परिचय कराया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के उत्तर झारखंड प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष राम प्रवेश पांडेय ने दायित्व ग्रहण की शपथ दिलाई। अपने उद्बोधन में प्रांतीय अध्यक्ष ने बोकारो दक्षिण शाखा के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की एवं कहा कि हम सभी को भारत की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ साथ विकास के प्रति हमेशा सजग रहना है। मंच संचालन शाखा के संगठन सचिव प्रदीप नारायण व धन्यवाद ज्ञापन नव निर्वाचित सचिव ललित वर्मा द्वारा दिया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह एवं विकास रत्न बीबी दास द्वारा मुख्य अतिथि को एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। भारत विकास परिषद के विविध सामाजिक सहयोग एवं सेवा भाव से युक्त क्रियाकलापों से प्रेरित हो कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर श्याम सुंदर प्रसाद एवं अमन मलिक ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में रमन सिन्हा मधु शंकर पांडेय अनुपम गर्ग राजेश कुमार बीएस जायसवाल नवल किशोर सिंह सुखनंदन सिंह सदय आदि अनेकों गणमान्यों की उपस्थिति रही।

## द्विब्यांग यंत्र वितरण शिविर लगा

**बेरमो /फुसरो।** पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित विकलांग कल्याण समिति के प्रधान कार्यालय में समिति के तत्वाधान में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति रॉची के सौजन्य से दिव्यांग अंग उपकरण वितरण शिविर लगाया गया. यहां शिविर का उद्घाटन मुख्य रूप से मौजूद जरीडीह पशिचमी की मुखिया देवंती कुमारी एवं समिति के पदाधिकारीयो ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रजवलित एवं फीता काटकर किया. शिविर में डॉ एचके साहू एवं सहयोगी रामकुमार महतो, जहीद असारी ने जॉच किया. शिविर में चयनित दिव्यांगजनों को अंग उपकरण, बैसाखी, कैलिपर, श्रवण यंत्र एवं स्टिक आदि सहित पंजीकरण के पश्चात उपकरण देकर राहत प्रदान की गयी। यहॉ 105 दिव्यांगजनों को उपकरण दिये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के केंद्रीय महासचिव भूनेश्वर महतो, सुनीता देवी एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के ओमप्रकाश अग्रवाल, नेमीचंद गोयल, मुरारी लाल बदालका,प्रमोद अग्रवाल आदि लोगो का अहम योगदान रहा।

# श्रमिकों ने निकाली मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 के पूर्व चास नगर निगम कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां सैकड़ों की संख्या में श्रमिकगण शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर नगर आयुक्त चास सौरव कुमार भुवानिया ने किया। मौके पर एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता स्वीप नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे। मौके पर श्री भुवानिया ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन स्वीप कोषांग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने श्रमिकों को मतदान के महत्व एवं लोकतंत्र के मजबूती को लेकर मतदान करने की महत्ता को बताया। मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी अपनी बात रख मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया। बिना डर और भय के लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। मौके पर सभी श्रमिकों को मतदान करने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस दौरान वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में श्रमिकों द्वारा मतदाता जागरूकता प्रभारी फेरी का आयोजन किया गया।

# साहेबगंज जिला के टॉप 10 में +2 एसएसडी हाई स्कूल बरहेट का नाम सुर्खियों में

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरहेट।** झारखंड अधिविद्य परिषद रांची से 30 अप्रैल शुक्रवार को इंटर परीक्षा 2024 का परीक्षाफल जारी कर दिया है। जिसमे इंटर के परीक्षार्थियों में काफी उमंग देखा जा रहा है । वहीं साहेबगंज जिला के टॉप -10 रैंक में +2 हाई स्कूल बरहेट के छात्र/छात्राओं फिर से परचम लहराने में कामयाब हुआ है। इंटर आर्ट्स के परीक्षा में +2 एसएसडी हाई स्कूल के चार छात्र/छात्राओं ने अच्छे अंकों के साथ जिला के टॉप 10 स्थान पर अपना कब्जा जमा दिया है। वहीं शादाब आलम ने 439, सानिया नाज 434, अमन शर्मा 424 तथा सदरुल इस्लाम ने 410 प्राप्तांक लाकर इंटर आर्ट्स के साहेबगंज जिला टॉप 10 में अपना जगह सुनिश्चित किया है और सबसे बड़ी सफलता फंडामेंटल कोचिंग सेंटर बरहेट टीम का है जो उक्त चारों विद्यार्थी को इस मुकाम में लाने के लिए अपना जी तोड़ मेहनत किया है। इसलिए सभी विद्यार्थी इस उपलब्धि का श्रेय फंडामेंटल कोचिंग सेंटर को भी दे रहे हैं तथा परिणाम देख तुरंत सेंटर पहुंच कर अपने गुरु सह फंडामेंटल कोचिंग सेंटर के फाउंडर जैनुल अंसारी का आशीर्वाद लेने पहुंच गए। वहीं दुसरी और उक्त बच्चों के परिवार में अपने बच्चे की सफलता को लेकर खुशी का माहौल है, तो तीसरी और उक्त बच्चों के जीवन में लगा सबसे बड़ा टैग +2 एसएसडी हाई स्कूल बरहेट के शिक्षकों ने तथा प्रधान शिक्षक इस्माइल अंसारी ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य का कामना किया। इतना ही नहीं बल्कि +2 एसएसडी हाई स्कूल बरहेट से साइंस के एक छात्र सुमन कुमार, पिता जवाहर लाल पंडित ग्राम धनजोरी निवासी ने साहेबगांज जिला के टॉप 10 में 9 वीं स्थान लाकर जिला में विद्यालय का डंका बजा दिया है।

## श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के निदेशक का विदाई समारोह आयोजित

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल बोकारो के निदेशक डॉ एस एस महापात्रा के विदाई समारोह में वक्ताओं ने उनके कर्तव्यों के प्रति समर्पण और सेवा की भावना को व्यक्त किया। उनके अनुभवों और उनके उत्तम दृष्टिकोण के माध्यम से वे छात्रों और शिक्षकों के जीवन में अद्वितीय प्रभाव डालने में सफल हुए। आज विदाई के दिन सभी कर्मचारियों ने इनको याद किया और उनके साथ बिताए गए समय की महत्ता पर प्रकाश डाला। समारोह में सबों ने अपने अपने भावनाओं को व्यक्त किया और डायरेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पी शैलजा जयकुमार ने निदेशक महोदय के संघर्ष की महत्ता का वर्णन करते हुए भविष्य में शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्टता के लिए संकल्पित किए गए कार्यों के बारे में भी चर्चा की। इस समारोह के माध्यम से स्कूल ने उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की।सभी ने उनके भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने गुलदस्ता और मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया। शिक्षकों ने गीत और गानों के माध्यम से भी अपनी भावनाओं को उजागर किया। निदेशक डॉ एसएस महापात्रा ने कहा कि विद्यालय ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैं पूरे विद्यालय परिवार का आभारी हूँ। यह स्कूल और फले-फूले यही मेरी मंगल कामना है। सबों से विदा लेते समय मैं भावुक अवश्य हूँ परंतु सदैव इस स्कूल के लिए कार्य करता रहूँगा। मौके पर विद्यालय के प्राचार्या उपप्राचार्य द्वय प्रभारीगणों शिक्षक/शिक्षिकाओं सभी कार्यालय कर्मचारियों बस चालकों उप चालकों मालियों तथा आयाओं के साथ साथ निदेशक महोदय की धर्म पत्नी और पुत्री की भी उपस्थिति रही।

# एसवीइइपी कोषांग ने सीडीपीओ, बीएलओ, सुपरवाइजर, मतदाता मित्र, बूथ आइकॉन के साथ बैठक की

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहेबगंज।** लोकसभा चुनाव-2024 को सफल मतदान को लेकर आज बोरियो प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में एसवीइइपी कोषांग के माध्यम से मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक की गई। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य आज बोरियों तथा बरहेट प्रखण्ड के 50 प्रतिशत से कम एवं 50 प्रतिशत से 60 प्रतिशत मतदान वाले मतदान केदो के बी0 एल0 ओ0 एवं बी0 एल0 ओ0 सुपरवाइजर के बीच हुआ समीक्षात्मक बैठक। प्रखंड सभागार बोरियो में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत 50 प्रतिशत से 60 प्रतिशत मतदान वाले मतदान केदो में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्य योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया एवं उपस्थित बूथ स्तर के विभिन्न विभागों के कर्मियों को निर्देश देते हुए बताया कि घर-घर जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जाना आवश्यक है इसके लिए यह आवश्यक होगा कि घर की महिला मतदाता अपने-अपने घर के अन्य मतदाता को मतदान के प्रति जागरूक करें ताकि आगामी 1 जून को होने वाले आम चुनाव में सभी लोग सक्रिय रूप से भाग ले। मतदान केंद्रो के माध्यम से सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किए जाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया इस विषय पर निर्देश देते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि हर हाल में घर-घर जाकर सर्वे कार्य पूर्ण कराकर आगामी चुनाव की तिथि पर शत-प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य पूर्ण करना है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बोरियों ने बताया कि मतदाताओं को मतदान की तिथि में मतदान केदो तक लाने की जिम्मेदारी हम सभी की है और मतदान केदो में हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है जिससे किसी भी मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया में भाग लेने में और असुविधा न हो। प्रखंड विकास पदाधिकारी बरहेट ने बताया कि सभी लोग टीमवर्क के रूप में काम करें आपस में आपसी समन्वय के साथ कार्य करने से शत-प्रतिशत मतदान की लक्ष्य को पूर्ण किया जा सकता है इसलिए यह आवश्यक है कि मतदान कार्य में लगे बूथ स्तर के कर्मी अपने कार्यों के प्रति संवेदनशील होकर मतदान प्रक्रिया में मतदाताओं को भाग लेने हेतु प्रेरित करें।सर्वप्रथम सभी को इस बढती तापमान मे बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, मतदाता मित्रों को बैठक में आने को लेकर स्वागत किया गया। साथ ही मतदाता जागरुकता को लेकर उनके कार्यों के विषय में जानकारी क्रमबद्ध दी गई। उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में बोरियो प्रखण्ड के जिन 04 बूथो में 50% से कम मतदान हुए हैं साथ ही 45 बूथों में 50 से 60% मतदान हुआ था उन बूथ पर बीएलओ, मतदाता आइकॉन, टीम बनाकर, बूथों एवं मतदाताओ को हो रहे असुविधा के विषय में जानकारी लेकर उनका निराकरण करेंगे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में आम मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आप सभी बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्रों की भागीदारी से जिला मे मतदाताओं को मतदान के प्रति एवं ऐसे बूथ.जहाँ कम मतदान हुए हैं , उन बूथो पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाए ताकि शत प्रतिशत मतदान किया जा सके। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बोरियो, नागेश्वर साह, प्रखंड विकास पदाधिकारी बरहेट अंशु कुमार पांडे साथ-साथ प्रखंड एवं जिला स्तर के कर्मी उपस्थित हुए।

## सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**बेरमो /फुसरो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के करगली फिल्टर प्लांट में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर प्लांट में कार्यरत सेवानीवृतीयो को विदाई दी गयी। कार्यक्रम का संचालन विजय नायक ने किया। यहाँ मुख्य रूप से मौजूद मैनेजर अमरेश कुमार ने सेवानिवृत कर्मी को बुके व उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मैनेजर श्री कुमार ने कहा कि कोल इंडिया में जॉइनिंग के समय ही विदाई के दिन तय हो जाता है। हर कर्मचारियों को एक दिन अपने सेवा से मुक्त होना पड़ता है। कहा कि तीनों सेवानिवृत कर्मि की कृति हमेशा यहां के कामगार साथियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। सेवानिवृत्त फिल्टर प्लांट ऑपरेटर सह आरसीएमएस जीएम यूनिट के अध्यक्ष पूनित महतो, मेकिनिकल हेलफर जॉन एवं ऑपरेटर के पद में कार्यकर जितेंद्र नाथ गोस्वामी ने कहा कि वे अपने जीवन को बेदाग रखकर सेवानिवृत्त हो रहे है। कहा कि सेवानिवृत्त कामगारों ने अपने जीवन के कीमती समय देकर सीसीएल के उत्पादन में अहम भूमिका निभायी। शेष जिन्दगी हंसी खुशी के साथ अपने परिवार के बीच बिताएंगें। अपनी जिंदगी की गाढ़ी कमाई को सुरक्षित रखेंगें। मौके पर मो हसनेन अहमद, एसके सिंहा, बिनोद कुमार, एसके चक्रवर्ती, सुनील सिंह, सेलवेन राज, राजेश प्रसाद नायक, सुब्रतो गांगुली, सुंदर नायक, महेंद्र नायक, मुन्नीलाल हजाम, दूधेश्वर नोनिया, सुरेंद्र महतो, सुनील सिंह, बालेश्वर मंडल, राजेंद्र नायक, राजकिशोर, सुरज यादव, मनोहर लाल, भूषण तिवारी, पितांबर, खीरू मंडल, लक्ष्मण महतो, रामप्रसाद हजाम, कांडेय, खिरोधर हजाम आदि लोग मौजूद थे।

# जल संकट

केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते जल संकट की गंभीरता को ही दशार्ते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव बताया जा रहा है। दरअसल, लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। दरअसल, भारत के पूर्वी व दक्षिणी क्षेत्रों के लोग इस संकट का सामना कर रहे हैं। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से दो-चार है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। हमें स्वीकारना चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था की आधारशिला कही जाने वाले कृषि क्षेत्र को फिलहाल कई बड़ी जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसका विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पठारी राज्य होने के कारण झारखंड भी इस समस्या से दो चार हो रहा है। राजधानी रांची सहित सभी शहरों में जल संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। अगर अब युद्ध स्तर पर इस संकट का निवारण के लिये प्रयास नहीं किये गये तो विकास ही अवरूद्ध हो जाएगा।

# उम्मीद से तेज विकास

आर्थिक शोध संस्थान एनसीईएआर ने कहा है कि बेहतर वैश्विक परिदृश्य और सामान्य से अच्छे मॉनसून की संभावना के चलते चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत से अधिक बढ़ सकती है। नेशनल काउंसिल फॉर एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च ने मासिक आर्थिक समीक्षा के अप्रैल 2024 अंक में कहा कि जीएसटी संग्रह, पीएमआई, बिजली खपत, मालु ढलाई जैसे उच्च आवृत्ति वाले संकेतक घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहे हैं। इसमें विनिर्माण के लिए क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) 16 साल के उच्च स्तर पर है और डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिए लेनदेन भी उच्चतम स्तर पर है। एनसीईएआर के अनुसार वैश्विक वृद्धि और व्यापार की मात्रा, दोनों में अनुमानित तेजी के साथ ही सामान्य से अच्छे मॉनसून के पूवार्नुमान से यह संकेत मिलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष के सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल कर सकती है।

एनसीईएआरके अनुसार, माल एवं सेवा कर संग्रह मार्च में 1.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो 2017 में इसके लागू होने के बाद से दूसरा सबसे अच्छा संग्रह है। वढकने मार्च 2024 में 13.4 अरब लेनदेन (मात्रा में) दर्ज किए, जो इसके लागू होने के बाद से सबसे अधिक है।

इन उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ ही आइएमएफ और डब्लू टीओ के अनुसार बेहतर वैश्विक परिदृश्य के चलते चालू वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत हैं। निश्चित तौर पर विश्व व्यापी मंदी के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था का सबसे तेज विकास दर पूरी दुनिया में भारत के महत्व को रेखांकित कर रहा है। आने वाले समय में देश की बड़ी परियोजना पूरी होने से गति और बढ़ने की संभावना है।

# मजदूरों का आत्मविश्वास रहे बरकरार

**अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई**

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस, जो कि प्रतिवर्ष 1 मई को मनाया जाता है, एक महत्वपूर्ण समाजिक और ऐतिहासिक दिन है। यह दिन श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके अधिकारों को समझाने का अवसर प्रदान करता है।

श्रमिकों के महत्व को समझने के लिए, हमें इसे उनके योगदान की दृष्टि से देखना चाहिए। श्रमिक समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, जो समाज के आर्थिक विकास में निरंतर योगदान देते हैं। उनके बिना, कोई भी समाज अधूरा होता है।

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस का इतिहास बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह दिन प्रथम मई 1886 को श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगाए गए हड़तालों और मोर्चों की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन, हजारों श्रमिकों ने अमेरिका के चिकागो शहर में इकट्ठा होकर अपने अधिकारों की मांग की थी। इस मांग का मुख्य हिस्सा था - आठ घंटे की कामकाजी समय, बेहतर वेतन, और बेहतर काम की शर्तें।

इस दिन के प्रमुख घटना में, हजारों के संख्या में श्रमिकों का प्रदर्शन हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी मांगों को लेकर सत्याग्रह किया। यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, लेकिन 4 मई 1886 को, एक हिंसक घटना हुई, जिसमें कुछ लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

इस घटना के बाद, 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव किया गया, जिसे 1889 में नूरेमबर्ग, जर्मनी में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में स्वीकृति मिली।अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का महत्व इसलिए है क्योंकि यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जो श्रमिकों के अधिकारों की जागरूकता को बढ़ावा देता है। इस दिन पर, लोग श्रमिकों के साथ खड़े होते हैं, उनके योगदान को मानते हैं, और उनके लिए समर्थन जताते हैं।

श्रम में स्त्री की भागीदारी न आंकें कम

का मकाजी महिलाएं फिर चाहे वह सिंगल हों या विवाहित, दोहरी जिम्मेदारी से घिरी होती हैं. परिवार और दफ्तर को पूरा वक्त न दे पाने की ग्लानी के साथ-साथ स्वयं को साबित करने का बोझ उनका पीछा नहीं छोड़ता. साथ ही वर्कप्लेस का प्रतिकूल माहौल भी उनके लिए एक चुनौती बनकर खड़ा रहता है. बेशक, वर्कप्लेस को लोकतांत्रिक बनाये रखने के लिए

मातृत्व अवकाश, पेरेंटल लीव जैसे अधिकार एक लोकतांत्रिक पहल हैं, फिर भी कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य और समानता की दिशा में अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष है, सिर्फ महिलाओं के लिए ही नहीं, बल्कि पुरुषों के लिए भी.

अनुकूल माहौल का अभाव

भारत में महिलाओं की श्रमिक भागीदारी केवल 37 प्रतिशत है. महिलाओं के श्रम का विभाजन संगठित और असंगठित क्षेत्रों में अलग-अलग तरीके से देखने को मिलता है. प्रायः किसी भी कार्यक्षेत्र में महिलाओं की ताकत को बहुत कम आंका जाता है. साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए भी पर्याप्त प्रयास नहीं होते, जो महिला के आत्मविश्वास और योग्यता पर प्रहार करता है. वह हमेशा खुद को कमतर मानने लगती है, जबकि वह किसी भी परिस्थिति में अपना बेहतर देने में सक्षम होती है. कई महिलाओं के लिए उनका वर्कप्लेस अनुकूल बनने नहीं देती. अन्य चुनौतियां तो हैं ही. मसलन, घर जल्दी लौटने का दबाव. इसे कई संस्थाएं भी नकारात्मक रूप से लेती हैं.

हम कर सकते हैं!

1976 के वियतनाम युद्ध के बाद वहां पुरुषों की संख्या काफी कम हो गयी. तब वियतनाम की महिलाएं आजीविका चलाने के लिए घरेलू से कामकाजी हो गयीं. आज वियतनाम में 73 प्रतिशत श्रमिक भागीदारी महिलाओं की है. वहां हर दूसरी महिला देश के अर्थव्यवस्था में अपनी महत्ती भूमिका निभा रही है. वियतनाम की इस कहानी से यह साफ है स्त्री और पुरुष के बीच कामों का बंटवारा महज एक परंपरा से अधिक कुछ नहीं. ऐसा ही कुछ हुआ था द्वितीय विश्व युद्ध के समय भी. सेना में भर्ती कर लिये जाने वाले पुरुषों की जगहों पर महिलाओं ने वहां कारखानों में काम करना शुरू कर दिया था. उन्होंने दिखा दिया कि उनके लिए कुछ भी असंभव नहीं.

समान काम के लिए समान वेतन क्यों नहीं

'मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट' के मुताबिक, समान काम के लिए भुगतान में अंतर पूरी दुनिया में है. महज उद्योग क्षेत्र ही नहीं, हर क्षेत्र में महिलाओं की योग्यता और योगदान को कम करके आंका जाता है. फिर भी काम में भी अपना बेहतर देने का प्रयास करते हैं, क्योंकि रोजी-रोटी इसी से ही चलता है. कभी-कभी उचित कीमत मिलता है, तो अच्छा भी लगता है.

अब जबकि महिलाएं हर जगह और हर स्थिति में खुद को साबित करके दिखा चुकी हैं, ऐसे में उनके साथ भेदभाव के पीछे पूर्वाग्रह और नकारात्मक मानसिकता ही दिखाई देती है. इससे निजात पाने की जरूरत है.


आत्मविश्वास रहे बरकरार

महिलाओं को करियर में रफ्तार पकड़ने के लिए जरूरी है- आत्मविश्वास. अक्सर इसके अभाव में वह अपने अंदर छिपी प्रतिभा पर फोकस नहीं कर पाती. स्वस्थ वातावरण ही उन्हें हर चुनौती से लड़ने का हौसला देता है. साथ ही मानसिक तौर पर सशक्त बनाता है. इसके लिए प्रेरित करने वाले व्यक्तियों के साथ वर्कशॉप जैसा कदम प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं, जिससे दफ्तर में हर किसी को अपना काम नये तरीके से करने का अवसर मिले.

इस दिन

को विभिन्न तरीकों से पूरी दुनिया में मनाया जाता है। अलग-अलग देशों में, लोग रैलियां, प्रदर्शन, और सेमिनारों का आयोजन करते हैं ताकि श्रमिकों के महत्व को उजागर किया जा सके।इस प्रकार, अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस एक महत्वपूर्ण और गरिमामय दिन है, जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें सम्मानित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस दिन के माध्यम से





- मनोज कुमार सिन्हा

> भारत में महिलाओं की श्रमिक भागीदारी केवल 37 प्रतिशत है। महिलाओं के श्रम का विभाजन संगठित और असंगठित क्षेत्रों में अलग-अलग तरीके से देखने को मिलता है. प्राय: किसी भी कार्यक्षेत्र में महिलाओं की ताकत को बहुत कम आंका जाता है। साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए भी पर्याप्त प्रयास नहीं होते, जो महिला के आत्मविश्वास और योग्यता पर प्रहार करता है।

## खास बात

### बेहाल मजदूर

आज मजदूर दिवस है। आज ही के दिन मजदूरों के हित में दुनिया की सबसे बड़ी क्रांति या सुधार हुई थी। मजदूरों को सबसे अधिक रोजगार देने वाले रियल स्टेट को कोरोना की मार पड़ी है। रियल एस्टेट के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी ने पिछले साल कहा था कि देश में वर्ष 2011-12 में जितने डेवलपर थे, उनमें से 50 फीसदी से अधिक वर्ष 2017-18 तक यह बाजार छोड़ चुके हैं। गुरुग्राम जैसे शहरों में 70 से 80 फीसदी डेवलपर इस बाजार से बाहर हो गए हैं। इनमें से बहुत से डेवलपर नोटबंदी, रेरा, जीएसटी और एनबीएफसी क्षेत्र में वित्तीय संकट के असर और कारोबार गैर-लाभकारी बन जाने के कारण निकले हैं। प्रॉपइक्विटी ने कहा कि इस एकीकरण की वजह से देश के नौ बड़े शहरों में मौजूद शीर्ष 10 डेवलपरों की हिस्सेदारी बिक्री और नई परियोजनाएं शुरू करने के लिहाज से बढ़ी है। इसके संस्थापक समीर जसूजा का मानना है कि कोरोनावायरस और लॉकडाउन की वजह से 10 से 20 फीसदी और डेवलपर प्रभावित होंगे। 'आम तौर पर छोटे एवं मझोले डेवलपरों के लिए नकदी की उपलब्धता बड़े डेवलपरों की तुलना में ज्यादा बड़ी चुनौती बनेगी। इसकी वजह यह है कि लॉकडाउन और उसके बाद के महीनों में नकदी आवक न होने से वे लागत का भार उठाने की स्थिति में नहीं होंगे।'बड़े शहरों में बड़े ब्रांडों को पहले ही फायदा मिलने लगा है। उनके पास छोटे डेवलपरों की तरफ से बहुत से संयुक्त उद्यम और संयुक्त विकास के प्रस्ताव आ रहे हैं। 'केवल वही डेवलपर अपना वजूद बचा पाएंगे, जो पैसे का सोच-समझकर इस्तेमाल करते हैं, जिन पर कर्ज का बोझ नहीं है और जिन्होंने राजस्व अनुशासन और ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित किया है।' निश्चित तौर पर इस क्षेत्र में विशेष तौर पर मंदी की मार विगत दो साल से चल रही थी उपर से कोरोना की लॉकडाउन ने स्थिति और कठिन कर दिया है।

आज लॉकडाउन और कोविड संक्रमण का सबसे बड़ा दुस्प्रभाव मजदूरों पर ही पड़ा है क्योंकि सभी कंपनियां बंद हो गयी है। निश्चित तौर पर यह संकट विश्व के इतिहास की सबसे बड़ी महामारी और संकट में गिनी जायेगी जिसकी मार से मजदूर बेहाल है।

# महामारी का उदेश्य

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

लॉर्ड ऑफ द रिंग्स में भलमनसाहत है, नैतिकता है, लेकिन दूसरों के सही या गलत होने के बारे में एक राय उसमें बना ली जाती है। वहीं गेम ऑफ थ्रोंस में पावर प्ले है, नैतिकता का नामोनिशान नहीं है, लेकिन दुनियादारी है।

टोकीन का जन्म 1892 में हुआ और निधन 1973 में। वे खून-खराबे से भरे हुए दशक थे और टोकीन उन सबके गवाह बने। पहली आलमी जंग में दो करोड़ 20 लाख लोग मारे गए। पांच करोड़ लोगों की जान ली स्पेनिश फ्लू ने। महामंदी आई तो अपने साथ ले आई बेरोजगारी, अकाल, महंगाई और बबार्दी की आंधी। फिर आया नाजी उभार। छह करोड़ लोग मारे गए दूसरे विश्व युद्ध में। बावजूद इन सबके इंसान जिंदा रहा, इंसानियत बची रही।

मार्टिन का जन्म 1948 में हुआ। 1940 के दशक के आखिरी हिस्से से पश्चिमी दुनिया में एक लंबा दौर शुरू हुआ, जिसमें कोई बड़ा हिंसक टकराव नहीं हुआ। मार्टिन एक खाते-पीते समाज में पले-बढ़े। वह मानव सभ्यता के शायद सबसे अच्छे दौर के गवाह बने, जब प्रति व्यक्ति हिंसा का स्तर सबसे कम है और प्रति व्यक्ति समृद्धि भी सबसे अधिक है। जिस दौर में मार्टिन का जन्म हुआ, उस वक्त के लोगों की जिंदगी अच्छी रही। जंग के खौफनाक दौर से नहीं पड़ा मार्टिन का साबका। वियतनाम युद्ध की आंच भी उन तक नहीं पहुंच सकी।

आप सोच रहे होंगे कि जिंदगी के इन अनुभवों से दुनिया के बारे में उनका नजरिया तय हुआ होगा। जंग और बेबसी के झंझावात में जिनकी जिंदगी उलझ गई हो, वे तो दुनिया की बदनुमा तस्वीर ही देखेंगे।

**गरीबों** के लिए वरदान, वंचितों का सम्मान और हर नागरिक का अभिमान - हमारा संविधान!
कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों और नेताओं से मेरा निवेदन है कि वह नामांकन, सभाओं, भाषणों और जनसंपर्क के दौरान पवित्र संविधान को अपने साथ जरूर रखें।
**- राहुल गांधी, कांग्रेस**

## आपके ट्वीट

**चतरा** में कांग्रेस/इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री के एन त्रिपाठी के नामांकन समारोह में शामिल हुआ। केंद्र की तानाशाही नीतियों के खिलाफ हमारा गठबंधन, राज्य की जनता भी एकजुट है,हम सभी 14 सीटें जीतने जा रहे हैं।
**- चंपई सोरेन, सीएम**





**यूपीए** सरकार में कृषि मंत्री रहे महाराष्ट्र के दिग्गज नेता ने अपने ही राज्य के किसानों के साथ कितना अन्याय किया, यह बात किसी से छिपी नहीं है।
**- नरेन्द्र मोदी**

# हनुमान की भक्ति नहीं, हनुमान के जैसी भक्ति से मिलेगी मुक्ति

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**क्या** राधे-राधे बोलने से भक्ति की प्राप्ति हो जायेगी? नहीं। राधा के जैसा बनना होगा। जिस प्रकार राधा ने अपने आप को कृष्ण के प्रेम में मिला दिया, उसके लिये वो पूरी तरह से समर्पित हो गयी वैसा होने का प्रयास करना होगा, उसमें सफल होना होगा।

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस ने अपने सत्संग के क्रम में यह पूछे जाने पर कि क्या राधे-राधे के जप से व्यक्ति का कल्याण हो जाएगा उक्त उत्तर दिया। स्वामी जी ने कहा कि ब्रह्म विद्यालय और आश्रम के अपने महात्माओं की चर्चा करते हुये कहा कि जिस प्रकार महात्मा व्यासानंद जी दिन-रात सेवा करते हुए रात-दिन अपने गुरु के कार्य में लगे रहते हैं वैसा उदाहरण वर्तमान समय में विरले ही मिलता है। वे लगातार तीस साल से सेवा कर रहें हैं। यही नहीं उनके त्याग की सीमा उच्चतम स्तर की है जहां आज भक्ति में बहुत कम लोग पहुंच सकते हैं। उन्होंने जिस प्रकार की भक्ति की कि उनके माता-पिता, परिजन भी ब्रह्म विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर की सेवा में लगें हैं।

आज हम हनुमान की पूजा करते हैं और मुक्ति की कामना करते हैं लेकिन इस बात को सही प्रकार के समझ लें कि हनुमान की पूजा से भक्ति-मुक्ति नहीं होगी। हनुमान ने जैसी भक्ति भगवान राम की अपने गुरु महाराज अगस्त जी के आदेश पर किया, वैसी भक्ति करके मुक्ति पाई जा सकती है। यह ब्रह्म ज्ञान हनुमान की भक्ति से सीखने की जरूरत है।

## धर्म



हनुमान जी ने मां सीता की खोज की, लक्ष्मण को वाण लगा तब संजीवनी लेकर आये और जब भगवान राम अयोध्या के सरयू में जल समाधि लिया तब उन्होंने हनुमान जी को भक्ति के प्रसार-प्रचार का जिम्मा दे दिया। हनुमान गढ़ी में प्रवास करते हुए हनुमान ने भगवान राम के आदेश का पालन किया। आज भी हनुमान गढ़ी का महत्व अयोध्यामें समझा जासकता है।

राधा का प्रेम मार्ग उन उच्चतम स्तर पर था जहां सामान्य समझ से नहीं पहुंचा जा सकता है। कृष्ण की आठ पटरानियां और हजारों रानियां थी। लेकिन कृष्ण का नाम सिर्फ और सिर्फ राधा से जुड़ा। राधा ने कृष्ण की वाणी को पकड़ा था।

कृष्ण जगतगुरु थे। राधा ने कृष्ण को अपना सर्वस्य माना था। उनको सर्वस्य समर्पित किया था। यह सत्य सनातन की सबसे बड़ी प्रकिया है जिसमें व्यक्ति अपने आप को गुरु को समर्पित करता है तब उसका कुछ भी नहीं होता सब कुछ गुरु को समर्पित कर उसकी वाणी और आदेशके सहारे ही जीता है।

गुरु की वाणी को पकड़ा जाता है। हनुमान अपने गुरु अगस्त के आदेश पर राम जी केसाथ थे, शबरी गुरु मतंग के आदेश पर राम की प्रतिक्षा कर रही थी मीरा अपने गुरु रैदास जी के आदेश पर अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया, हमारे सदगुरु भगवान स्वामी शिवर्धमानंजी महाराज ने अपने सदगुरु के आदेश पर ब्रह्म विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर की स्थापना कर तत्व की ज्योति को संसार में जलाये रखा। सत्य सनातन धर्म के क्षेत्र भारत में गुरु भक्ति की परम्परा को जीवित करते हुए सदगुरु की वाणी पर ही सभी कार्य हो रहें हैं।

राम की वाणी, कृष्ण की वाणी या शंकराचार्य की वाणी को पकड़ना आसान नहीं है। लेकिन वर्तमान समय में स्वामी अद्धैतानंद जी महाराज और समाधि सरकार की वाणी चूंकि यह दौ साल के अंदर है उसे पकड़ा जा सकता है।

माया प्रबल है जो इस मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है। यह अहंकार सहित अनेक रुपों में आपके भक्ति के मार्ग को अवरूद्ध कर सकती है इसलिये कबीर ने कहा-

**माया तू ठगनी मैं जानी।**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### अमेरिकी नागरिकता

ग्रीन कार्ड के जरिये अमेरिका की नागरिकता प्राप्त करने वाला भारत दूसरा देश बन गया हैं। भारत सरकार को कूटनीतिक स्तर पर अमेरिका से बातचीत करके अधिक भारतीय नागरिकों को शीघ्र नागरिकता देने के प्रयास करने चाहिए। अमेरिका को यह समझना चाहिए कि वहां पर कार्यरत भारतीय अमेरिका के लिये सभी दृष्टियों से लाभप्रद हैं।

**- सुनीता बाधवा, रांची**

### महंगाई की फिक्र

कई अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने भारत की जीडीपी के 7 प्रतिशत तक रहने की उम्मीद जाहिर की है। आरबीआई ने पिछले कई वर्षों से रेपो दर को पहले की तरह रहने दिया है ताकि कीमतों पर इसका विपरीत प्रभाव न पड़े। इसके बावजूद पिछले दो वर्षों से रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल तथा हमास संघर्ष और हूती विद्रोही समुद्र में तेल के जहाज पर हमला कठिन स्थिति है। **- विनायक सिंह, रांची**

# ममता दीदी के नीचे गिरने की सभी सीमा पार कर दी

**डॉ. मयंक चतुवेर्दी**

## चुनाव 2024

इसे आप पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की निकृष्टता की हद मान सकते हैं कि वह केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा छोड़िए, उन पर पश्चिम बंगाल में आकर हथियार रखने तक के आरोप लगा रही हैं। आश्चर्य होता है यह जानकर कि वे कह रहीं हैं, "जब्त की गई चीजें संभवतः उनके (सीबीआई) द्वारा एक कार में लाई गई होंगी"। अभी तक यह क्या कम था कि संदेशखाली के आरोपितों को ममता सरकार बचाती रही और हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी वह कई दिनों तक गिरफ्तार नहीं हो सके थे।

वस्तुतः वामपंथियों की क्रूरता से मुक्त होने की छटपटाहट और उसके लिए तमाम जतन करने वाली बंगाल की जनता ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जो उन्हें सुरक्षा और विकास का भरोसा दिला रही हैं, वह ममता दीदी भी भविष्य में सत्ता प्राप्त होते ही उन्हें प्रताड़ित करेंगी और समूचे बंगाल में एक ऐसा सिस्टम खड़ा करने में कामयाब हो जाएंगी जिसमें अपराधियों का ही बोल वाला सर्वत्र होगा। वहीं जो उनके विरोध में आवाज उठाएगा उसकी हमेशा के लिए साम, दाम, दंड,व भेद अपनाकर आवाज बंद कर दी जाएगी।

पश्चिम बंगाल सरकार शुरू से ही संदेशखाली के डॉन शाहजहां शेख पर मेहरबान दिखी है ।पहले उसके गुनाह को नहीं माना, एफआईआर तक दर्ज करने से मना किया, जब एफआईआर दर्ज हुई तो गिरफ्तारी से बचाती रही। गिरफ्तारी हुई तो सीबीआई को सौंपने से मना कर रही थी। फिर जब न्यायालय की फटकार लगी तब कहीं जाकर संदेशखाली के मुख्य गुनहगार और उसके साथियों को ममता की पुलिस ने पकड़ा। संदेशखाली के आरोपी शाहजहां शेख पर केवल ईडी अधिकारियों की पिटाई करवाने का ही आरोप नहीं है बल्कि स्वास्तव में यह तथ्य सामने आने के बाद विश्वास ही नहीं होता कि कैसे कई मामले दर्ज होने के बावजूद प्रशासन ने अब तक शाहजहां के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। शाहजहां पर तीन भाजपा समर्थकों की हत्या और बिजली कर्मचारियों की मारपीट समेत अन्य 43 मामले दर्ज हैं, इसके बावजूद शेख के प्रति ममता की हमदर्दी शुरू से ही यहां देखने लायक है।

अभी जो हुआ और जिस तरह के हथियार, बम इत्यादि आग्नेयास्त्र संदेशखाली के मुख्य आरोपी शाहजहां के सहयोगी रिश्तेदार अबू तालेब मोल्ला के यहां मिले उससे तो लगता है कि पूरा बंगाल ही संकट के साए में है। उसके घर के फर्श के नीचे बड़ी संख्या में फायर आर्म्स छिपाए गए थे। रोबॉट-स्निफर डॉग्स और मेटल डिटेक्टर की मदद से सीबीआई और एनएसजी के कमांडो ने संदेशखाली से सात हथियार बरामद किए, जिनमें से चार विदेशी आग्नेयास्त्र हैं। शेष देशी पिस्तौल हैं। 228 राउंड कारतूस मिले, बरामद सभी बम स्वदेशी हैं।

यह तो एक तृणमूल कांग्रेस नेता के करीबी के यहां मिला है, यदि सभी के यहां ठीक से जांच हो जाए तो पता नहीं बारूद का कितना बड़ा जखीरा और आग्नेयास्त्र संपूर्ण पश्चिम बंगाल से बरामद होंगे ।जिसे देखते हुए आज यहां हर व्यक्ति पर जीवन का संकट मंडरा रहा है। पता नहीं कब कौन, कहां शिकार हो जाए और कब बम की चपेट में आ जाए? ऐसे में कहना होगा कि लोकतंत्र की हत्या वास्तव में कहीं होते देखना है तो आप वर्तमान में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज में हिंसा ग्रस्त बंगाल को देख सकते हैं।

क्या यह पहली बार है जो बंगाल में हथियार बरामद हो रहे हैं? क्या पहले भी सीबीआई या अन्य किसी केंद्रीय जांच एजेंसी ने यहां आकर हथियार रख दिए थे? जो ममता दीदी खुलेआम मंच से कह रही हैं कि तृणमूल व राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए बरामद वस्तुएं (हथियार) केंद्रीय एजेंसी सीबीआई के अधिकारियों द्वारा लाई हो सकती हैं। बंगाल में पटाखा भी फूटता है तो एनआईए, सीबीआई और एनएसजी जांच करने आ जाती है। ऐसा लगता है कि युद्ध चल रहा है।

वास्तव में ममता दीदी ऐसा बोलकर लोगों को भ्रमित कर देना चाहती हैं, साथ ही उनका विश्वास केंद्रीय एजेंसियों से पूरी तरह से उठा देना चाहती हैं। किंतु पश्चिम बंगाल की जनता को अपनी मुख्यमंत्री से पूछना चाहिए कि आखिर उनकी क्या मजबूरी है जो वे 2022 के भूपतिनगर विस्फोट मामले के आरोपितों को बचाती रही हैं।

**स्पीड न्यूज़**

## वोटिंग बढ़ाने के लिए निबंध प्रतियोगिता



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल पटेलनगर में मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम के तहत नाटक और निबंध प्रतियोगिता हुआ। बच्चों ने वोट की ताकत पर चर्चा की। बच्चों के लिए मतदान प्रक्रिया की दी गयी जानकारी। सभी मतदाताओं से हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में 20 मई को अनिवार्य रूप से अपने बूथ पर जाकर मतदान करने का संदेश दिया। प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान करना बेहद जरूरी है। हम अपने परिजनों और परिचितों को संदेश दें कि वह 20 मई को अपने-अपने बूथ पर पहुंचकर अपना वोट अवश्य डालें। आयोजन को सफल बनाने में प्रीति कुमारी, दिव्या केशरी, रीता राय, सीमा लकड़ा का योगदान रहा।

## योग चिकित्सा शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सद्गुरु सदाफलदेव विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में भुरकुंडा में मंगलवार को विहंगम योग साधना सह योग चिकित्सा शिविर लगा। विहंगम योग संस्थान के युवा प्रचारक एवं कुशल योग प्रशिक्षक संतोष अग्रवाल ने उपस्थित जन समूहों को विभिन्न रोगों से संबंधित योग, आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का विधिवत प्रशिक्षण दिया। जिसमें सबों ने मनोयोग पूर्वक योगा प्राणायाम का अभ्यास किया। अग्रवाल ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन की अपरिहार्य आवश्यकता है। योग भारतीय संस्कृति और ऋषि संस्कृति का एक अमूल्य धरोहर है। यही योग, अध्यात्म एवं वैदिक संस्कृति ही हमारे देश को महान बनाती है। उन्होंने कहा कि योग, प्राणायाम एवं ध्यान के नियमित अभ्यास से हम सबका कम्प्लिट डिवाइन ट्रान्सफॉर्मेशन होता है। पूरे शरीर का संपूर्ण चेतना का विकास हमें योग से होता है।

## राज नर्सिंग होम में लगा हेल्थ कैंप



भुरकुंडा (रामगढ़)। अंकुरम आईवीएफ फर्टिलिटी एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर रांची और लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में मंगलवार को राज निर्सिंग होम में नि:शुल्क नि:संतानता परामर्श शिविर लगा। शिविर का शुभारंभ डॉ. मुनुन कुमार, लायंस क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी सहित क्लब के सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। टीम अंकुरम आईवीएफ के डॉ. मुनुन कुमार, अनुज कुमार, लक्ष्मीकांत सिंह व संदीप कुमार पांडेय ने नि:संतानता दंपतियों को जागरूक किया। आईवीएफ का संपूर्ण जानकारी दी। जिससे संतान की प्राप्ति हो सके।

## कुजू में अधेड़ का शव बरामद



**कुजू।** कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय के पीछे पड़े एक अधेड़ व्यक्ति का शव कुजू पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस शव को कब्जे में लेते रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। जहां शव को शीतगृह में रखा गया है। बताया जाता है कि कुजू पुलिस को सूचना मिली कि पंचायत सचिवालय के पीछे पेड़ के नीचे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। समाचार लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया था।

## सूर्या इलेक्ट्रोनिक दुकान में चोरी

**बरही** थाना रोड स्थित ओवर ब्रिज के समीप संचालित सूर्या मोबाइल एंड इलेक्ट्रोनिक दुकान में सोमवार रात्रि अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें दुकान से मोबाइल, ब्लूटूथ, हेडफोन, चार्जर, डाटा केबल, एयर बद सभी का कीमत लगभग 50 हजार एवं 30 हजार रुपए नगदी की चोरी कर लिए। जिसे लेकर रमेश महतो ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर चोरी हुई समान एवं नगदी की बरामदगी की गुहार लगाई।

## तिलैया डैम से अज्ञात शव बरामद

**बरही।** मंगलवार को तिलैया डैम से चंदवारा पुलिस ने एक अज्ञात शव बरामद किया। समाचार लिखे जाने तक शव को पहचान नहीं हो सकी है। बरही थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने जानकारी दी। शव 60 से 65 वर्ष के बुजुर्ग का है। जिसके चेहरे पर हल्का दाढ़ी है। मृतक कुर्ती, कुर्ता, ब्लू रंग की गंजी और अंडरवियर लुंगी पहने हुए है। जिसके बाएं हाथ में घड़ी और दाहिने हाथ के दो उंगली में अंगूठी है। जिसमे एक अंगूठी लाल रंग की मूंगे की लग रही है। शव एक या दो दिन का लग रहा है।

## इंटर में श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय तोपा व पिंडरा का रिजल्ट शत प्रतिशत

**कुजू।** श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय तोपा - पिंडरा का जैक द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की परीक्षा में परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 9 विद्यार्थियों ने विज्ञान संकाय में परीक्षा दिया। जिसमें सात विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। जबकि दो विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया। परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल करने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण प्रसाद ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि कुल 9 विद्यार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें साफिया परवीन ने 367 अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। जबकि विवेक महतो ने 359 अंक लाकर द्वितीय, दिनेश कुमार महतो ने 357 अंक लाकर तृतीय, हर्षित कुमार ने 351 अंक लाकर चौथा, गुनगुन कुमारी ने 349 अंक लाकर पांचवा, सुरेंद्र मुंडा ने 301अंक लाकर छठा, गुलफाम शहजादा ने 300 अंक लाकर सातवां स्थान लाकर प्रथम श्रेणी में सफल रहे।

# जायसवाल आज करेंगे नामांकन

- राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा, बाबूलाल मरांडी और कई सांसद- विधायक होंगे शामिल
- कर्जन ग्राउंड में होगी जनसभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग ।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समर्थित भाजपा पार्टी के उम्मीदवार मनीष जायसवाल बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इसे लेकर उन्होंने हजारीबाग लोकसभा के प्रधान चुनाव कार्यालय परिसर में एक प्रेस-वार्ता का आयोजन किया। उक्त प्रेस-वार्ता को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बताया की हमारे नामांकन के गौरवपूर्ण क्षण में हमारे साथ विशेष रूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, दीपक प्रकाश, जदयू नेता सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, आजसू पार्टी के सुप्रीमों सुदेश महतो, आजसू नेता सह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी समेत झारखंड के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विधायक भानु प्रताप शाही, विधायक बिरंची नारायण, विधायक राज सिन्हा, विधायक नीरा यादव, विधायक समरी लाल, विधायक किसुन दास, आलोक चौरसिया, विधायक अमित मंडल समेत एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा, आजसू, जदयू, और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कई प्रदेश यूनिट और स्थानीय स्तर के कई दिग्गत नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। नामांकन दाखिल करने से पूर्व हजारीबाग के ऐतिहासिक हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) परिसर में नामांकन- सह- आशीर्वाद सभा का आयोजन होगा।

जिसमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांच विधानसभा हजारीबाग सदर विधानसभा, बड़कागांव विधानसभा, मांडू विधानसभा, बरही विधानसभा और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ से हजारों की संख्या में कार्यकताओं शामिल होंगे। यहां से जनसभा के उपरांत सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल नामांकन दाखिल करने हजारीबाग समाहरणालय पहुंचेंगे। नामांकन दाखिल करने से पूर्व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मनीष जायसवाल सुबह 11:00 बजे शहर स्थित विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ अवस्थित आवासीय परिसर से माता-पिता का आशीर्वाद लेकर निकलेंगे। जिसके बाद महावीर स्थान चौक पर महावीर मंदिर में बजरंगी बली सहित अन्य देवी-देवताओं की पूजा अर्चना करेंगे और फिर यहां से हजारों समर्थकों संग पदयात्रा करते हुए झंडा चौक- भगत सिंह चौक - बंशीलाल चौक- बिरसा चौक होते हुए हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) पहुंचेंगे। यहां पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से जुटे विशाल जनसैलाब को संबोधित करेंगे और उनका आशिर्वाद लेकर यहां से नामांकन पत्र दाखिल करने समाहरणालय पहुंचेंगे। जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की विवेकशील जनता, बुद्धिजीवी-अमन पसंद नागरिकों, एनडीए में शामिल सभी राजनीतिक दलों के समर्पित कार्यकताओं और शुभचिंतकों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर नामांकन सभा को सफल बनाने और भाभी लोकसभा चुनाव में अपना आशीर्वाद स्नेह और प्यार देने की अपील की है। प्रेस- वार्ता में हजारीबाग लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, लोकसभा सह-संयोजक रणंजय कुमार उर्फ. कुंटु बाबु, हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के संयोजक रंजन चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा को देश से उखाड़ फेकेंगे : पटेल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग लोकसभा में इंडिया गठबंधन की जीत को ले सोमवार को उरीमारी स्थित झामुमो कार्यालय में विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल म्उपस्थित थे। पटेल ने कहा कि भाजपा को हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से उखाड़ फेंकना है। तभी यहां के आदिवासी व मूल निवासी का विकास संभव हो सकेगा। भाजपा के रहते आदिवासी, मूल निवासी और गरीबो का शोषण होते रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है, गरीब जनता के लिए यह सरकार श्राप है। झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि इंडिया गठबंधन हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को पार्टी का पूरा समर्थन मिलेगा। इसके लिए जितना भी प्रयास हमको करना पड़ेगा हमसभी करेंगे। उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा सीट के सभी विधानसभा क्षेत्रों में झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यक्रम करूंगा। मौके पर झामुमो सोनाराम मांझी, नीलकंठ महतो, राजेन्द्र बेदिया,उदय अग्रवाल, संजय करमाली, सरोज मेहता, चरेंद्र बेदिया, शैलेंद्र यादव, संजय वर्मा, हरिलाल बेदिया, जगदीश साव, रमेश प्रसाद, राजू साव, लव कुमार महतो, इंद्रदेव राम, रेशमी टुडू, मुकेश राऊत, मोहन सोरेन सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## जेपी वर्मा नामांकन के लिए आज जायेंगे गिरिडीह

टाटीझरिया । जयप्रकाश वर्मा नामांकन के लिए बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक, टाटीझरिया, दारू, बरकट्ठा, जयनगर, चलकुशा से सैकड़ों की संख्या में समर्थक नामांकन के लिए गिरिडीह सर्कल मैदान जायेंगे। युवा नेता ने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बार संसदीय क्षेत्र मे जनहित मुद्दों को सांसद मे आवाज बुलंद करने वाले नेता का चयन किया जाना है। मोक्तम्मा निवासी गौतम कुमार ने कहा कि नामांकन के दौरान गिरिडीह जाने वाले का सूची तैयार की जा रही है।

# पानी को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



भुरकुंडा (रामगढ़)। बरका-सयाल प्रक्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा में पानी की समस्या को लेकर समाजसेवी मुकेश राउत के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने मंगलवार को भुरकुंडा ओल्ड वर्क शॉप स्थित पानी टंकी के समीप विरोध प्रदर्शन किया। बताते चलें बिगत 15 दिनों से पानी की लचर व्यवस्था के कारण जवाहर नगर, भुरकुंडा व पटेलनगर पंचायत लोग काफी परेशान हैं। कभी क्वायरी का पंप तो कभी पानी टंकी का पंप खराब हो जाता है। सिविल के कर्मचारियों के लापरवाही के कारण भुरकुंडा के लोग परेशान हैं। इस भीषण गर्मी में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ। पानी की समस्या दूर करने की मांग को ले आक्रोशित ग्रामीण भुरकुंडा ओल्ड वर्क शॉप स्थित पानी टंकी पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। सभी का कहना था की पूरे भुरकुंडा में 36 वॉल्ब हैं और पानी टंकी का मैनपावर 28 लोगों का है। इसके बाद भी पानी की इतनी विकट समस्या उत्पन्न होना मैनेजमेंट के कार्यशाली में सवालिया निशान खड़ा करता है। मामले को देखते हुए इएंडएम के भुरकुंडा प्रोजेक्ट इंजीनियर अंकुर विश्वनाथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। प्रोजेक्ट इंजीनियर ने कहा कि हम जल्द ही नई मोटर पंप की व्यवस्था कर सुचारू रूप से तमाम भुरकुंडावासियों तक पानी पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा की 25 मई से पहले नई मोटर पंप की व्यवस्था कर ली जाएगी। मौके पर समाजसेवी मुकेश राउत ने कहा की यहां जो समरसेबुल पंप लगाया गया है वो लगभग 2 वर्षों से खराब है। उसपर मैनेजमेंट का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि समरसेबुल पंप ठीक रहने से इमरजेंसी में भी लोगों तक पानी पहुंचाया जा सकता है। लेकिन यह मैनेजमेंट की लचर व्यवस्था का नतीजा है कि लगभग 2 वर्षों से यह खराब पड़ा हुआ है और किसी ने इसकी सुध तक नहीं ली। प्रोजेक्ट इंजीनियर अंकुर विश्वनाथ ने कहा की डेढ़ से 2 महीने के अंदर समरसेबुल पंप को सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा। श्री राउत ने कहा कि अगर 25 मई तक पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से नहीं होती है तो हमसभी ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। भुरकुंडा का डिस्पैच पूरी तरह से ठप कर देंगे, जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से मुकेश राउत, श्रीनिवास अग्रवाल, विजय गोस्वामी, राजन राउत, डीके पंडित, अमित साव, चंद्रमणि प्रसाद, सत्रुधन साव, मनोज अग्रवाल, रिक्कू राम, दिलीप कुमार, राजन राय, हर्ष, बंटी ठाकुर, गुड्डू सिंह, सौरव सिंह, रोहित, सरोज, सोनू गुप्ता, विक्की, रिक्की पंडित, कुकू चौधरी सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## 70 हजार से ज्यादा लोगों ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ



रामगढ़। लोकसभा चुनाव में रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर कई मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में अब जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सोमवार को बड़े स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में एक ही दिन में लगभग 70291 बच्चों व अभिवावकों ने मतदाता जागरूकता शपथ ली। इस दौरान शिक्षकों सहित अन्य के द्वारा अभिभावकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने को लेकर जागरूक किया गया । सभी मतदाताओं से उनके मतदान के महत्व को समझने एवं आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में बिना किसी भय, लोभ अथवा किसी भी चीज के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

# इंटर में भुरकुंडा जुबिली कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

- कला में मुजताबुल्लाह, विज्ञान में शयम अहमद और वाणिज्य में आरूषी बनीं टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता







आरूषी कुमारी, मुजताबुल्लाह और श्याम अहमद

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जैक इंटर की परीक्षा में जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कला में मुजताबुल्लाह ने 379, विज्ञान में शयम अहमद 418 और वाणिज्य में आरूषी कुमारी 368 अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। कला में शबनम परवीन 357, सोहेल अख्तर 336, खुशबू व सोनू मुंडा 334, प्रियंका गुप्ता व निशांत 333, मेहत परवीन व काजल 330, बादल कुमार 328 अंक, विज्ञान में अंशिका कुमारी 384, ब्यूटी कुमारी 381, अंजली 376, पूजा 373, आदर्श 371, कनिषका 370, मो. आकिफ 362, मो. अरबाज 359, तारा शंकर महतो 356 अंक लाकर टॉप टेन में जगह बनाए हैं। जबकि वाणिज्य में नीलम कुमारी 324, हार्दिक शर्मा 320, विश्वजीत 318 व श्रेया कुमारी 317 अंक लाकर टॉप फाइव में स्थान पाया है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने बताया कि कला में 57 विद्यार्थी प्रथम, 232 द्वितीय व 58 विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान पाया है। वहीं विज्ञान में 43 प्रथम श्रेणी व 24 द्वितीय श्रेणी और वाणिज्य में 12 प्रथम श्रेणी व 18 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी से सफलता अर्जित की है। विद्यार्थियों की सफलता पर कॉलेज परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कुजू महिला कॉलेज की नेहा विज्ञान में और सुजाता कला में टॉपर

कुजू। जैक द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की परीक्षा में इंटर महिला महाविद्यालय कुजू की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय में 10 छात्राओं ने प्रथम और कला संकाय में 52 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। कला संकाय में सुजाता कुमारी ने 421 अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। वहीं विज्ञान संकाय में नेहा कुमारी 368 अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। छात्राओं की सफलता पर प्राचार्य डॉ शशिबाला ने उन्हें बधाई दी।

**एक नजर में**

## हजारीबाग में जेबीकेएसएस समर्थित प्रत्याशी संजय मेहता ने दाखिल किया नामांकन



हजारीबाग। लोकसभा चुनावके लिए हजारीबाग के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन करवाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को नामांकन करवाने वालो में एक बड़ा नाम जेबीकेएसएस समर्थित प्रत्याशी संजय मेहता का रहा। संजय मेहता की रैली मटवारी गांधी मैदान से निकली और हजारीबाग समाहरणालय स्थित निर्वाचन कार्यालय पहुंची। रैली में झारखंडी योद्धा जयराम महतो समेत हजारों की संख्या में झारखंडी क्रांतिकारी व समर्थक दिखें। इस बीच संजय अपना नामांकन पर्चा दाखिल किए। अपने समर्थकों के बीच संजय मेहता ने नामांकन पश्चात हजारीबाग लोकसभा के लिए विकास के नए कृतिमान गढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि समर्पित सेवा भाव से अपनी माटी का सेवा करना ही मेरा लक्ष्य है। जिस तरह पिछले 3 वर्षों से झारखंड बचाने के लिए हमलोगों ने जनता की आवाज बुलंद किया है। आगे भी सड़क से सदन तक झारखंडियत कि आवाज बुलंद करता रहूंगा। नामांकन कार्यक्रम में हजारीबाग लोकसभा एवं कोडरमा, गिरिडीह, चतरा, रांची समेत झारखंड के कई जिलों से भारी संख्या में झारखंडी लोग मौजूद रहे।

## 30 अप्रैल से वीमेंस अंडर-15 टी 20 टूर्नामेंट

**बरही।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट वीमेंस अंडर-15 टी 20 टूर्नामेट का शुभारंभ 30 अप्रैल से बोकारो में होगा, जिसमें झारखंड के 11 जिले के खिलाड़ी भाग लेंगे। हजारीबाग टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में सलोनी कुमारी, नयाशा गुप्ता, माही सिंह, असुमिता कुमारी, दिव्या सिंह , आलिशा भारद्वाज, कुमारी संस्कृति सिंह, तानिया कुमारी, तृप्ति गुड़िया,वर्षा रानी और आष्टिका गुप्ता शामिल हैं। उक्त जानकारी एचडीसीए के कार्यकारिणी सदस्य सह बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने दिया। उन्होंने बताया कि खेल को ग्रुप ए जिसका वेन्यू पाकुड़ है व ग्रुप बी जिसका वेन्यू बोकारो है। हजारीबाग टीम को ग्रुप बी शामिल किया गया है, जिसका वेन्यू बोकारो है। जिसका पहला मैच 1 मई को जमशेदपुर टीम से, 2 मई को खुटी टीम से, 3 मई को लोहरदग्गा टीम से, 5 मई को गिरिडीह टीम से, 7 मई को बोकारो टीम से होगा। 9 मई को दोनो ग्रुप के शीर्ष चार टीमों के साथ सेमीफाइनल एवं 10 मई को फाइनल मैच खेला जाएगा।

## एडिशन पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरूकता



**टाटीझरिया।** एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया परिसर में लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ । टाटीझरिया बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज, बीईओ सुधीर राय को विद्यालय परिवार के ओर से प्रधानाध्यापिका ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बाद में संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया । प्रधानाध्यापिका सुधा कुमारी ने कहा कि सभी को इस लोक सभा चुनाव में 18 वर्ष के युवा - युवतियों एवं निर्धारित उम्र सीमा से ऊपर के मतदाताओं को जागरूक करना करवाना परम कर्तव्य है।

## प्लस टू हाई स्कूल का इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**चरही।** जैक के द्वारा जारी इंटर का परीक्षा फल में चरही के परियोजना प्लस टू हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अच्छा सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया है। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य पारसनाथ महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि साइंस में कुल 59 छात्र-छात्राओ ने परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 33 प्रथम श्रेणी,5 द्वितीय श्रेणी और 21 फेल हुए ।जिसमें साहिद हुसैन 402,प्रीति कुमारी 398,मनताशा 395,जिया वत्स 393 और सुशिल कुमार 389 अंक को प्राप्त किया। आर्ट्स में कुल 256 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए ।जिसमें प्रथम 84,द्वितीय 138, तृतीय 4 और 29 फेल रहे। प्रथम शाहीन परवीन 434,शेखर ठाकुर 394,सितायत 373,हीना 368,कर्ण कुमार 365 अंक को प्राप्त किया ।वहीं कॉमर्स में कुल 9 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए ।जिसमें प्रथम 6,द्वितीय 1,तृतीय 1 और फेल 1 हुए ।शनि कुमार 388,गुलनाज परवीन 347,आशीष कुमार 334,भारती पटेल 325 और आकाश टुडू 323 अंक को प्राप्त किया।

## मथुरा नगर से केसड़ा जाने वाला रास्ता जर्जर



टाटीझरिया । टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय जाने के रास्ते दो पंचायत भराजो के मथुरा नगर टोला में बनी पुलिया बना राहगीरों के लिए खतरे का दावत दे रहा है और डहरभंगा पंचायत के केशडा गांव रास्ते की स्थिति बहुत ही जर्जर दयनीय है उबड़ खाबड़, जहां तहां गड्ढे,पुलिया जर्जर होने के कारण इसी रास्ते झरपो, भाराजो,नारायणपुर, बेडमक्का,खैरा, गोधीया, सिमराढाव , जरगा, टटगांव समेत कई गांवो से हजारों पैदल,साइकिल,दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया,ट्रेक्टर वाहनों का आवागमन होते रहता है । जहां वर्षा के दिनों अब तक कई लोगो के पैर हाथ टूटने जैसी गंभीर जानलेवा दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में घुघुलियां निवासी नियामत अंसारी भराजो पंचायत से बसंत प्रजापति ,अजीत कुमार,मनीषकांत कुमार,रोहित कुमार,राजेश कुमार ने कहा कि इस बार हमलोग क्षेत्र में विकास कार्य करने वाले ही प्रत्याशियों को मतदान देंगे। जो प्रत्याशी अब तक हमलोग को सिर्फ आश्वासन देकर खानापूर्ति करते आए है उनको नजर हम सभी क्षेत्र वासी नजर अंदाज करेंगे।

## इंटर कला में पदमा कस्तूरबा का शानदार प्रदर्शन

**पदमा।** इंटरमीडिएट आर्ट्स में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पदमा के बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पदमा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सत प्रतिशत सफलता हासिल की है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की अंजलि कुमारी ने 82.60 फीसदी अंक लाकर विद्यालय की टॉपर रही ।लक्ष्मी कुमारी (79.80फीसदी) द्वितीय व अंजू कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की 54 छात्राएं इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल हुई थी और सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुईं,इसी कैंपस में संचालित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय सदर की छात्राओं ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है।

## बड़कागांव कस्तूरबा का रिजल्ट शत प्रतिशत

**बड़कागांव।** बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का इंटरमीडिएट का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से इंटरमीडिएट में कुल 49 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें 47 छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं दो छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। विद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी 423 अंक 84.6 प्रतिशत लाकर टॉपर रही। जबकि द्वितीय टॉपर नेहा कुमारी 412 अंक 83.4 प्रतिशत, तृतीय टॉपर टिंकल कुमारी 401 अंक 80.2 प्रतिशत लाई है। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष होरील महतो ने छात्रों को दी बधाई ।

## वेक्टर क्लासेस का साइंस में शत प्रतिशत रिजल्ट



**बरही।** वेक्टर क्लासेस के सभी छात्रों ने इंटर साइंस में शत प्रतिशत रिजल्ट के साथ शानदार प्रदर्शन किया। छात्रा रूहत फातमा 85 प्रतिशत अंक लाकर बनी टॉपर। आशीष कुमार यादव 80 प्रतिशत अंक के साथ संस्थान के दूसरा टॉपर बना रहा। ईशा कुमारी 355, काजल कुमारी 351, मनीष कुमार 344, रिफत रोजी 330, सचिन गुप्ता 329, अश्विन कुमारी 326, सिमरन प्रवीण 322, पवन कुमार 300 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किए। निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने टीम को शुभकामना देते हुए कहा कि बरही के छात्रों के लिए अभी तक का बेहतरीन परिणाम है जो छात्रों की कड़ी और सच्ची मेहनत का फल है।

स्पीड न्यूज

## लापता व्यक्ति का कुंआ से मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**लोहरदगा।** जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र अंतर्गत टंगरा टोली स्थित कुंआ से एक लापता व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय खदी उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक गोबरसेला से आर्या टंगरा टोली सरहुल देखने 27 अप्रैल को आया हुआ था उसी दिन शाम से वह लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन खदी का कही कुछ पता नही चला। वही कल देर शाम जब लोग टंगरा टोली गांव के कुंआ में पानी भरने गए तो शव को देखा गया। जिसके बाद बगड़ू थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया। वही पुलिस घटना को लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

## समय से नहीं खुलता हैं डुमरी प्रखंड के को-ऑपरेटिव बैंक ग्रामीणों में आक्रोश

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड का कोऑपरेटिव बैंक समय से नहीं खुलने से लोगों में आक्रोश का माहौल बना हुआ हैं। कड़कड़ाती गर्मी में कॉऑपरेटिव बैंक के कर्मियों के समय पर नहीं पहुंचने के कारण ग्राहकों को काफी परेशानी हो रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कर्मचारी देर से काम शुरू करते हैं। जिससे उनका सारा दिन बर्बाद हो जाता है। यदि किसी ने जल्दबाजी के लिए अनुरोध किया तो उसके साथ बदसुलूकी की जाती है। इसके बावजूद अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं ग्राहक संजय एक्का ने बताया कि अपने बच्चे के खाता से रुपये निकालने के लिए पिछले दो दिनों से बैंक का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अब तक परेशान हैं। घंटों लाइन में खड़े होकर एकाउंट खुलवाने और रुपये निकालने के लिए रहना पड़ता है। शाखा प्रबंधक से बात किया गया तो उनके द्वारा बतलाया गया की ऐसी कोई बात नहीं हैं समय से बैंक खुलता हैं दस, पन्द्रह मिनट की देर कभी कभार हो जाती हैं,सड़क खराब होने के कारण लेट का सामना करना पड़ता हैं।

## पांच किलो अफीम बस से बरामद

**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र में नशे के कारोबारियों पर पुलिस ने नकेल कस रखी है। लगातार छापेमारी की जा रही है। आए दिन नशीले पदार्थ जब्त किए जा रहे है। जानकारी अनुसार कुडू थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की अफीम के तस्कर अफीम लेकर कुडू की तरफ आ रहे है। मामले को लेकर टीम बनाई गई और हर जगह जांच अभियान शुरू किया गया। कुडू रांची मुख्य पथ पर हेंजला के समीप राजरथ बस जो की रांची से डाल्टनगंज जा रही थी उस बस पर एक लावारिस बैग पाया गया। जिसे खोलने पर उसमे पांच किलो अफीम बरामद किया गया। अफीम की कीमत करीब पच्चीस लाख बताई जा रही है। पुलिस अफीम को जब्त कर जांच में जुट गई है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया गया स्वीप अभियान

# उपायुक्त ने स्वयं घर घर जाकर बांटा वोटर स्लिप, मतदाताओं से की वोट करने की अपील

### गुमला अंतर्गत दुंदुरिया के बूथ संख्या 208 के मतदाताओं के घर पहुंचे उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मतदाताओं के घर-घर जाकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला श्री कर्ण सत्यार्थी ने मतदाताओं के बीच वोटर स्लिप का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से 13 मई को जिले में होने वाले मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों में जाकर वोट करने की भी अपील की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश के आलोक में स्वीप गतिवधि के तहत वैसे मतदान केंद्र जहां वोटिंग प्रतिशत कम है एवं वहां के वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से वैसे स्थानों पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा लगातार दौरा करते हुए वहां के मतदाताओं से मिलते हुए उन्हें मतदान करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गुमला के दुनदुरिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 208 में 51 प्रतिशत की वोटिंग के प्रतिशत को देखते हुए वहां के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने वहां के मतदाताओं के घर घर जाकर उनके हाथों में वोटर स्लिप दी साथ ही उन्हें मतदान करने के प्रति प्रेरित भी किए। घर घर जाकर मतदाताओं से मिलने के क्रम में उपायुक्त ने मतदाताओं से वोट नहीं करने के पीछे का कारण भी पूछा, जिसपर कुछ मतदाताओं ने कहा कि वे वहां रेंट पर रहते हैं एवं वे दूसरे शहर वोट देने जाते हैं। वहीं कुछ महिला मतदाताओं ने कहा कि उनके पास जाने आने का साधन नहीं है जिसपर उपायुक्त ने गाड़ी की व्यवस्था करते हुए मतदाताओं को बूथ तक ले जाने की बात कही। इसी प्रकार कुछ मतदाताओं ने मतदान के प्रति अपनी रुचि नहीं दिखाई जिसे देखते हुए उपायुक्त ने उनके नकारात्मक मानसिकता को सकारात्मक रूप में परिवर्तित करते हुए उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया। आज उपायुक्त ने दोपहर के समय दुनदुरिया के लगभग दर्जनों घरों का दौरा किया, एवं उनके इस दौरे ने स्थानीय मतदाताओं को जागरूक करने एवं वोट करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, स्वीप प्रभारी पदाधिकारी अलीना दास , स्वीप कोषांग राजेश कुमार पोद्दार, सुनील कुमार, बीएलओ सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।



मतदाता को वोटर स्लिप कार्ड प्रदान करते उपायुक्त

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**गुमला।** लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु मंगलवार को स्वीप कोषांग के अंतर्गत सदर अस्पताल गुमला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह समाज कल्याण पदाधिकारी ने रक्त दान करने आए मतदाताओं को जिले में 13 मई को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया। शिविर का उदघाटन करते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस तरह जिंदगी के लिए एक-एक बूंद खून जरूरी है। उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है। इस शिविर में ऐसे भी लोग पहुंचे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया, तो कुछ ऐसे थे जो सालों से रक्तदान करते आ रहे हैं।

# 10वीं के बाद 12वीं बोर्ड की परीक्षा में जिले के बच्चियों ने किया कमाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में एक बार फिर 10वीं के बाद 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी है। जैक द्वारा मंगलवार को 12 बोर्ड के निकाले गए रिजल्ट में कॉमर्स संकाय में चुनीलाल+2 विद्यालय की हर्षिता राज ने 459 अंक लाकर टॉपर बनी है। हर्षिता के इस प्रदर्शन से परिजनों के साथ मुहल्ले वासी भी काफी खुश है। हर्षिता के पिता प्रकाश महतो मजदूरी करते है वही मां गीता देवी गृहणी है। बेटी के इस सफलता पर उन्हें काफी गर्व है।

## 96 प्रतिशत अंक लाकर पंकज कुमार राज्य में रहा तीसरे स्थान



**सिसई।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई के आई ए सी के छात्र पंकज कुमार साहु ने 480 (96% ) अंक लाकर स्टेट टोपर मे तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। जिसके माता का नाम गायत्री देवी व पिता का नाम खिलेश्वर साहु, ग्राम सोगड़ा कुधादामर का रहने वाला है। उसकी उपलब्धि पर विद्यालय परिवार व अभिभावकों ने बधाई दी है।

## कार्यकर्ता रैली को सफल बनाने के जनसंपर्क अभियान

**चैनपुर।** चमरा लिंडा के कार्यकर्ता प्लासीदियुस टोप्पो ने कहा कि आगामी 2 मई को लोहरदगा जिले के भंडरा में आयोजित रैली में चैनपुर अनुमंडल के चैनपुर डुमरी व जारी प्रखंड से 10 हजार की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्लादियुस.टोप्पो ने इसे लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को भंडारा ले जाने को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यकताओं में चमरा लिंडा को जीत दिलाने को लेकर भरी जोश है। चमरा लिंडा को सुनने के लिए ग्रामीणों में उत्सुकता है। उन्होंने कहा कि चमरा लिंडा का लोहारदा लोकसभा से जीत सुनिश्चित है। चमरा लिंडा का सीधा मुकाबला भारतीय जनता पार्टी से होगा।

## 13 मई को आप जरूर करें मतदान : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

### फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु मंगलवार को नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा में जिला प्रशासन और प्रतिभा केंद्र लोहरदगा के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच का शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा फुटबॉल को किक मार कर किया गया। इसमें उपायुक्त ने सभी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया और सभी पात्र मतदाताओं से आगामी 19 मई 2024 को लोहरदगा जिला में होनेवाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि आप स्वयं और अपने परिवार में सभी पात्र मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। 13 मई को लोहरदगा जिला में मतदान होना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। उपायुक्त द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों, पदाधिकारियों व कर्मियों को मतदाता शपथ दिलायी गई। इस मौके पर उन्होंने जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास को लेकर सभी का हौसला बढ़ाया।

## प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी, जिला भाजपा की बैठक संपन्न

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव की जीत सुनिश्चित करने के लिए जहां आगामी 4 तारीख को प्रधानमंत्री मोदी जी का सिसई में कुलकेरी मोड़,सिसई कॉलेज के आगे चुनावी सभा सुनिश्चित हुआ है। जहां लाखों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता- भाजपा समर्थक शामिल होंगे।

## 750 ग्राम गांजे के साथ दो लोगों को रेडी पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**रायडीह।** रायडीह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 750 ग्राम गांजे के साथ दो गांजा विक्रेताओं को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त में थाना क्षेत्र के कूड़ा छतरपुर निवासी शिव साहू वह वह मांझा टोली निवासी विजय राय उर्फ लालू के नाम शामिल है। इस संबंध में मंगलवार को रेडी थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ चैनपुर ने बताया पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना मिली थी की रेडी थाना क्षेत्र के पतराटोली बाजार के पांव दुकान में उड़िया बनाकर गंजे की बिक्री की जाती है। सूचना के सत्यापन व कार्रवाई को लेकर एसडीपीओ चैनपुर के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया।

# बीडीओ ने किया बूथ व पर्ची वितरण का निरीक्षण



मतदाता पर्ची देती बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रखंड के सढ़ाबे व हनहट पंचायत के सभी मतदान वाले केन्द्रों पर मतदाता जागरूकता अभियान एवं मतदाता पर्ची वितरण कार्यक्रम के पर्यवेक्षण के क्रम में येड़ादोन, टाटी, खरता, सढ़ाबे, हनहट, गितिलगढ़ सहित अन्य स्थानों पर कार्यो का जायजा लिया। अलग अलग गांव में रुककर बीडीओ ने लोगों से मिलकर मतदाता पर्ची से संबंधित जानकारी ली और पूछा कि आप लोगों को पर्ची मिली है या नहीं। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय बीएलओ से मतदाता पर्ची वितरण कार्यो की जानकारी ली और कहा कि जल्द से जल्द मतदाता पर्ची का वितरण कर दें। इसकी रिपोर्ट कार्यालय में भी करें। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य में कोई भी बीएलओ बिल्कुल भी लापरवाही नहीं करें। इसके बाद बीडीओ ने निर्वाचन सहायक से चुनाव के कार्यो की जानकारी ली। मतदान केंद्र पर बिजली, पानी, शौचालय आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। कहा कि मतदान केंद्र पर सारी सुविधा उपलब्ध रहनी चाहिए। मतदान के दिन मतदान कर्मियों व मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। बलसोता समेत अन्य स्थानों पर हुई तैयारियों का भी जायजा लिया जाएगा। साथ मे पंचम एतवा पहान व बीएलओ मौजूद थे।

## चैनपुर प्रखंड के गांव में नहीं मिल रहा नल जल योजना का लाभ

**चैनपुर।** इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है। पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है बढ़ती गर्मी के साथ जलस्तर नीचे जाना शुरू हो गया है पेयजल की समस्या बढ़ने लगी है। इसके बावजूद चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में जल नल योजना का लाभ अब तक लोगों को नहीं मिल रहा है। प्रखंड के पहाड़ी क्षेत्र में निवास करने वाले आदिम जनजाति बहुल गांव के लोगों को खासा परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोग चुवा व दाढ़ी का दूषित पानी पीने के विवश है। प्रखंड क्षेत्र में 14 फाइनेंस योजना से बने जलमिनर देख रेख के अभाव में 70% खराब होकर बेकार पड़े है। जिससे लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है इसके चलते पीने के पानी की समस्या होने लगी।

# 12 करोड़ की लागत से कोयल जलापूर्ति योजना पड़ा बंद, पानी के लिए तरस रहे है ग्रामीण





बंद पड़ा जलमिनार व पानी के लिए तरसता नल

संदीप कुमार गुप्ता

**भंडरा।** प्रखंड में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। इस वर्ष बनकर तैयार जल नल योजना भी धोखा दे रहा है। भंडरा प्रखंड में हर घर के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे है। जबकि भंडरा प्रखंड में शुद्ध पेयजलापूर्ति के नाम पर 12 करोड़ की लागत से कोयल जलापूर्ति योजना की शुरूवात आठ साल पहले ही हुई थी, परंतु कोयल जलापूर्ति योजना अपने शुरूवात के दिन से ही ठप है। भंडरा प्रखंड में पेयजल की विकट समस्या को देखते हुए समस्या के निदान को लेकर भंडरा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली उपायुक्त से मिलेंगे। मुखिया संघ के अध्यक्ष सह उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि कोयल जलापूर्ति योजना के नाम पर सिर्फ राशि का बंदरबाट हुआ है। कोयल जलापूर्ति योजना शुरूवात से लेकर आजतक एक माह भी नहीं चला है। इस बात को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा एक बार नहीं बल्कि कई बार पेयजल संकट की समस्या से अधिकारियों को अवगत करा चुकें है। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि कोयल जलापूर्ति योजना से भंडरा, उदरंगी व सेन्हा प्रखंड के कई गांव के ग्रामीणों को पेयजलापूर्ति करना था, परंतु तकनीकी खराबी का बहाना बना कर अधिकारी अपना पल्ला झाड़ लेते है। इस समस्या को लेकर भंडरा, उदरंगी व सेन्हा प्रखंड के जनप्रतिनिधि उपायुक्त से मुलाकात कर समस्या का समाधान करने का अनुरोध करेंगे। समस्या का समाधान नहीं होने पर जनप्रतिनिधि व ग्रामीण चरण बद्ध होकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

एक नजर में

## लोकसभा चुनाव : गांवो में हार जीत को लेकर लग रहे हैं चौपाल

**भंडरा।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण जैसे जैसे नजदीक आ रही है प्रखंड व गांवों की चौपालों पर चुनाव में जीत हार के आंकड़ों पर चर्चा शुरू हो गई है। इन सभी जगह एक ही सवाल है कौन होगा लोहरदगा का नया सांसद. राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी गांवों में अपने समर्थकों से जोरदार प्रचार प्रसार शुरू कर दिए कि सभी दलों के कार्यकर्ता अपनी अपनी पार्टी की जीत का दावा कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे है हालाकि लोहरदगा सीट पर तीनों प्रमुख प्रत्याशियों भाजपा के समीर उरांव,निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा व इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखा जा रहा है। चौराहों, चाय की दुकान, पान की दुकानों पर जुटे लोगों के बीच केवल चुनावी बाजी किसके हाथ लगेगी इस पर मंथन हो रहा है। इधर भाजपा के कार्यकर्ता समीर उरांव को भारी बहुमत के साथ जीत का दावा कर रहे है। तो वही निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा के कार्यकर्ता का कहना है कि लोहरदगा लोक सभा निर्वाचन में भाजपा के समीर उरांव व चमरा लिंडा के बीच मुकाबला है। कांग्रेस मुकाबले से बाहर है वही कांग्रेस के कार्यकर्ताओ का कहना है कांग्रेस लोहरदगा लोक सभा सीट निश्चित जीत रही है। सभी पार्टी के समर्थक अपने अपने प्रत्याशियों की जीत के दावे करते दिख रहे है। लोहरदगा लोक सभा चुनाव 13 मई को होगी जबकि मतगणना 4 जून को पता चलेगा की लोहरदगा लोक सभा की सीट किसके पाले में जायेगा।

## 2 मई को भंडरा में चमरा लिंडा का चुनावी सभा

**भंडरा।** इंडिया गठबंधन से बागी लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा का चुनावी जनसभा 2 मई को भैंसमुंदो गांव के भैसमुदो चौरा में होगा. चुनावी सभा की तैयारी को लेकर चमरा लिंडा अपने समर्थकों के साथ स्थल निरीक्षण कर चुके हैं. चुनावी सभा की तैयारी को लेकर कार्यकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गई है. इस संबंध में शामिल उरांव ने बताया कि चुनावी जनसभा में लोकसभा क्षेत्र के पांचो विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं मतदाता का जुटान होगा. इस चुनावी सभा में 50 हजार लोगों की भीड़ होने की अनुमान लगाई जा रही है। चुनावी सभा को चमरा लिंडा, शिवराम कच्छप एवं पांचो विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी मुख्य रूप से संबोधित करेंगे. पांचों विधानसभा क्षेत्र के लोगों की जुटान को देखते हुए आने वाले लोगों के बैठने की सुविधा, पानी की सुविधा सहित अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है।

## बीडीओ ने मतदाता पर्ची वितरण का लिया जायजा

**भंडरा।** बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने मंगलवार को प्रखंड के राष्ट्रीय औसत से कम मतदान वाले केन्द्रों पर मतदाता जागरूकता अभियान एवं मतदाता पर्ची वितरण कार्यक्रम के पर्यवेक्षण के क्रम में सोरंदा , बलसोता समेत अन्य स्थानों पर कार्यो का जायजा लिया। सोरंदा में उन्होंने लोगों से मिलकर मतदाता पर्ची से संबंधित जानकारी ली और पूछा कि आप लोगों को पर्ची मिली है या नहीं। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय बीएलओ से मतदाता पर्ची वितरण कार्यो की जानकारी ली और कहा कि जल्द से जल्द मतदाता पर्ची का वितरण कर दें। इसकी रिपोर्ट कार्यालय में भी करें। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य में कोई भी बीएलओ बिल्कुल भी लापरवाही नहीं करें। इसके बाद बीडीओ ने निर्वाचन सहायक से चुनाव के कार्यो की जानकारी ली। मतदान केंद्र पर बिजली, पानी, शौचालय आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। कहा कि मतदान केंद्र पर सारी सुविधा उपलब्ध रहनी चाहिए। मतदान के दिन मतदान कर्मियों व मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। बलसोता समेत अन्य स्थानों पर हुई तैयारियों का भी जायजा लिया जाएगा। यहां बताते चलें कि 13 मई को लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र में मतदान है। इसलिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

## जिला अधिवक्ता संघ ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी को दी विदाई

**लोहरदगा।** जिला अधिवक्ता संघ द्वारा मंगलवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ चंदन कुमार को विदाई सह नए अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार गुप्ता का स्वागत किया गया। जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार के द्वारा डॉ चंदन कुमार को बुके देकर उनका अभिनंदन किया गया साथ ही नए अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अधिकारी अमित कुमार गुप्ता को पदभार ग्रहण करने पर बुके देकर सचिव प्रशासनिक लाल धर्मेंद्र देव ने जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा की ओर से स्वागत किया गया। इस मौके पर संघ के प्रशासनिक सचिव लाल धर्मेंद्र देव द्वारा कहा गया कि सेवा काल में हस्तांतरण एक सतत प्रक्रिया है जो पूरी सेवा काल में चलता रहता है। मौके पर कहा गया की पुराने न्यायिक दंडाधिकारी के कार्यों को हम हमेशा याद करेंगे और उसे भविष्य मे अनुभव के रूप मे सहेज कर रखेंगे। इस मौके पर डॉ चंदन द्वारा कहा गया कि मेरा यह लोहरदगा का कार्यकाल बहुत ही सुखद अनुभव देकर जा रहा है। मैंने लंबा समय यहां बिताया है सभी अधिवक्ता बहुत अच्छे रहे। शांति प्रिय माहौल में हम लोगों ने काम किया, यह एक अच्छा अनुभव रहा है। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के प्रभारी कोषाध्यक्ष पवन कुमार,लाइब्रेरी सचिव विक्रम कुमार, कार्यकारिणी सदस्य फूनी साहू, नरेंद्र मिंज, विनय कुमार, विपिन बिहारी दुबे के अलावे वरिष्ठ अधिवक्ता मुनेंद्र प्रसाद,जुगल किशोर सिंह, अनिल कुमार पांडे, प्रवीन भारती, सचिन कुमार, शशांक कुमार, सुमन भगत, नसीम अंसारी, नवल किशोर अग्रवाल, तरुण कुमार देवघरिया, हेमंत कुमार सिन्हा, सुरीला देवी, रेखा साहू, अब्दुल रब, विवेक कुमार, मनोज प्रसाद इत्यादि उपस्थित थे।

## एमबी डीएवी विद्यालय में मतदान जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा मतदान जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तथा लोहरदगा क्षेत्र के लोगों को आगामी 13 मई 2024 को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से कक्षा यूकेजी से लेकर कक्षा द्वितीय तक के बच्चों के लिए ऑनलाइन पेटिंग तथा कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा यूकेजी में राधिका उराँव, कैरा खाका, अथन उराँव, जयेश कुमार, सूर्यांश कुमार साहू, सानवी कुमारी भगत, आकर्ष पंकज, अलीशा अहमद,इजहान अहमद, अर्चित मिश्रा कक्षा प्रथम में सार्थक चौधरी,अलिका अम्बर, ईशानवी राज, आदर्श वेदांत, काव्या मुखियार, प्रोतिष्ठा गोराई, अपूर्व राज, श्रेया श्रुति, काव्या तरुषी तथा कक्षा द्वितीय में दिव्यांश मेहता, देवांश वर्मा, भावेश शर्मा, मयंक उरांव, प्रयांश वर्मा, रिद्धि कुमारी, अरहम अंसारी, आरोही वर्मा, काव्या बंका, अनन्या गर्ग, अपेक्षा गुप्ता, परी कुमारी, शिवांश शर्मा और अनुराग कुमार दुबे ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में अश्विन पात्रों, रजनी प्रसाद, सोमिता दास व श्वेता कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## छात्राओं ने अपने परिजनों के लिए लिखा पोस्ट कार्ड, दिए मतदाता जागरूकता के संदेश

**गुमला।** स्वीप गतिविधि के तहत विशुनपुर एवं घाघरा प्रखंड के कस्तूरबागांधी बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं ने पोस्ट कार्ड के माध्यम से अपने अभिभावकों को 13 मई को जिले में होने वाले मतदान दिवस के दिन मतदान देने के प्रति किया प्रेरित। इससे पूर्व सिसई एवं भरनो के कस्तूरबागांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं ने भी अपने अभिभावकों को पोस्ट कार्ड के माध्यम से मतदान करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से कक्षा 9वी एवं 10वी के छात्राओं को शामिल किया गया एवं सभी छात्राओं ने अपने अभिभावकों को पोस्ट कार्ड लिखा जिसके पश्चात छात्राओं ने मतदान हेतु शपत भी ग्रहण की। छात्राओं ने कहा कि वे अपने अभिभावकों एवं परिचितों को मतदान करने हेतु अवश्य प्रेरित करेंगे।

# लातेहार जिला ने वाणिज्य में प्रथम व विज्ञान में हासिल किया दूसरा स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड अधिविध परिषद (जैक) ने इंटरमीडियट के कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय का परीक्षाफल 30 अप्रैल को जारी कर दिया है। जारी परीक्षाफल में लातेहार जिला ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है. उर्तीण छात्रों की संख्या में पूरे स्टेट में वाणिज्य में पहला (98.38%), विज्ञान में दूसरा (89.40%) और कला संकाय में छठा (95.70%) स्थान प्राप्त किया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष इंटर वाणिज्य की परीक्षा में जिले के 248 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इसमें 173 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, 70 ने द्वितीय श्रेणी व एक ने तृतीय श्रेणी से परीक्षा उर्तीण की। जबकि विज्ञान संकाय में इस वर्ष निबंधित 1053 में से 1048 छात्रों ने परीक्षा दी। इसमें 700 छात्र प्रथम श्रेणी व 237 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा पास की। जबकि कला संकाय में 5711 छात्रों में से 5683 छात्रों ने परीक्षा दी। इसमें 2537 छात्रों ने प्रथम व 2771 छात्रों ने द्वितीय तथा 131 छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## कला में निशी रानी ने किया टॉप



कला संकाय में राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, लातेहार की निशी रानी ने सर्वाधिक 87.40% अंक लाकर जिला टॉप की है। जबकि राजकीयकृत उच्च बालक विद्यालय लातेहार राजीव रंजन और राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय बरवाडीह की फातिमा खातून ने 86.40 प्रतिशत अंक ला कर दूसरा तथा राजकीय इंटर कॉलेज बालूमाथ की चिंकी कुमारी 85.60 प्रतिशत अंक ला कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय लातेहार के कोल कुमारी, मनतोष उरांव, सोनू लाल उरांव, अमित उरांव, आयुष चौधरी, राजकीय इंटर कॉलेज बालूमाथ के ऋषि कुमारी, राजकीय उच्च विद्यालय बरवाडीह की राजनंदनी कुमारी, राजकीय इंटर कॉलेज बालूमाथ की सानिया परवीन, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बालूमाथ की सुषमा कुमारी, गर्ल्स हाई स्कूल लातेहार की अराधना कुमारी और प्लस टू स्कूल की शुभा प्रिया ने क्रमशः चौथा से दसवां स्थान प्राप्त किया है।

## नीतेश ने विज्ञान में जिला टॉप किया



राजकीय इंटर कॉलेज, बालूमाथ के नीतेश कुमार ने सर्वाधिक 87.60 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉप हुए हैं। जबकि राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय बरवाडीह के हर्ष कश्यप ने 87.40 प्रतिशत अंक ला कर दूसरा और राजकीय इंटर कॉलेज, बालूमाथ के राजेश कुमार राजू ने 86.60 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय महुआडांड़ के प्रिंस कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज बालुमाथ के आदर्श कुमार सिंह, वैभव कुमार, मो फरीद हुसैन, एसओई लातेहार के विशाल कुमार, प्लस टू उच्च विद्यालय बरवाडीह के आलोक जायसवाल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुमंडीह के तरंग भारती व संत जोसेफ उच्च विद्यालय महुआडांड़ के आशीष गुप्ता ने क्रमशः चौथे से दसवां स्थान प्राप्त किया है।

## वाणिज्य में लोकेश उरांव ने टॉप किया



वाणिज्य संकाय में संत जोसेफ प्लस टू उच्च विद्यालय महुआडांड़ के लोकेश उरांव ने 85.20 प्रतिशत व कृपा कुमार कुशवाहा ने 84.80 प्रतिशत अंक ला कर क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि राजकीय इंटर कॉलेज बालुमाथ के पलक कुमारी, बरखा कुमारी व नमिता कुमारी ने क्रमशः दूसरा से चौथा, प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवा की गौशिया नजर, इंटर कॉलेज बरवाडीह की मोहिनी सौम्या, इंटर कॉलेज बालुमाथ का समशेर अंसारी, संत तेरेसा बालिका विद्यालय महुआडांड़ के एनाउल कंडुलना, संत जोसेफ महुआडांड का मनीष कुमार व एसओई लातेहार के पलक कुमारी ने क्रमशः पांचवा से दसवां स्थान प्राप्त किया।

## शत प्रतिशत अंक लाकर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय का नाम किया रोशन

**लातेहार।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा सोमवार को इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें लातेहार गांधी इंटर कॉलेज के छात्रों ने अपने विद्यालय में सर्वाधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। बता दे की 180 विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट का परीक्षा फॉर्म भरे थे। जिनमें से 23 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी में 142 एवं तृतीय श्रेणी में 6 विद्यार्थी पास हुए हैं। जिनमें 9 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। यहां महाविद्यालय के सुनीता कुमारी 70%, सुजीता कुमारी 67.8%, सकेंद्र उरांव 66.2%, सुशील कुमार रवि 65%, सकेंद्र खेरवार 64.4% अंकों के साथ कालेज टॉप किया। सोमवार को परिणाम घोषित होने के समय महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राएं महाविद्यालय पहुंचे और गुरुजनों से आशीर्वाद लिया। महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक दशरथ साहू ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

## मनिका प्रखंड के ज्ञान निकेतन कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाली छात्रा ने इंटरमीडिएट में किया प्रखंड टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

- कोचिंग सेंटर का शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट सभी बच्चे हुए सफल
- सभी विषयों की अनुभवी शिक्षकों के द्वारा करवाई जाती है तैयारी: राकेश

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के एसबीआई रोड स्थित ज्ञान निकेतन कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाली छात्रा प्रीति कुमारी पिता रामलखन यादव ग्राम औराटांड़ निवासी ने इंटरमीडिएट साइंस में प्रखंड टॉपर का स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं कोचिंग संस्थान के शिक्षकों का नाम रौशन किया है। बता दें की दिन मंगलवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची के द्वारा जारी किए गए इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा के परिणाम में प्रीति कुमारी ने 404 अंक 80.8% प्राप्त कर प्रखंड टॉपर बनी है। मौके पर ज्ञान निकेतन कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर राकेश कुमार यादव ने बताया कि हमारे कोचिंग सेंटर से कुल 10 विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा में भाग लिया था जिसमें से प्रीति कुमारी को 404 अंक 80.8%, कुमारी वैष्णवी 369 अंक 73.8%, अंकित कुमार राय 357 अंक 71.4%, प्रशांत कुमार 366 अंक 73.2%,श्रेयांश कुमार 67% प्राप्त किया है साथ ही सभी विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन लाकर सफलता हासिल किया है। उन्होंने बताया कि हमारे कोचिंग संस्थान में अनुभवी शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी कराई जाती है जिसका परिणाम स्वरूप की दसवीं क्लास की परीक्षा में भी जितने भी विद्यार्थियों ने भाग लिया था सभी ने सफलता हासिल किया था और इंटरमीडिएट साइंस के परीक्षा में भी हमारे कोचिंग सेंटर का शत-प्रतिशत रिजल्ट आया है सभी विद्यार्थी सफल हुए हैं जिसका श्रेय हमारे कोचिंग संस्थान के सभी शिक्षकों को जाता है जिन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाने के प्रति अपना पूरा योगदान दिया और विद्यार्थियों ने अपने मेहनत और लगन से परीक्षा में सफलता हासिल किया। मौके पर उप डायरेक्टर के.पी.यादव शिक्षक पंकज पांडे,रिंकू कुमार, महेंद्र सिंह व विद्यार्थियों के माता-पिता ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का बेहतर रहा परिणाम, 98% छात्राएं सफल




कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बरवाडीह

**बरवाडीह।** इंटर परीक्षा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरवाडीह की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। विद्यालय की 98% छात्राएं सफल हुई है। जानकारी देते हुए कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन रूबी कुमारी ने बताया कि स्कूल से इंटर परीक्षा कला संकाय में इस बार कुल 50 छात्राएं शामिल हुई थी। जिसमें कुल 49 छात्राओं ने सफलता हासिल कर विद्यालय समेत अपने परिजनों और बरवाडीह का नाम रौशन किया है। 49 सफल छात्राओं में 24 ने प्रथम श्रेणी और 25 छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की टॉप थ्री परीक्षार्थियों में गीता कुमारी 358 अंक 71.60%, सुप्रिया कुमारी 350 अंक 70% और मनिता कुमारी 347 अंक 69.40% हैं। वार्डन ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# इंटर मीडिएट विज्ञान, वाणिज्य व कला संकाय का परीक्षा परिणाम जारी

- विज्ञान में बालक तो वाणिज्य में बालिकाओं ने मारी बाजी

खबर मन्त्र संवाददात

चंदवा। **झारखंड अधिविध परिषद** रांची के द्वारा मंगलवार को इंटर मीडिएट के तीनों संकाय विज्ञान, वाणिज्य व कला संकाय का परीक्षाफल जारी किया। परीक्षाफल आने के बाद विद्यार्थियों में खुश देखी जा रही है। इस वर्ष भी इंटर मीडिएट के परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने बाजी मारी। चंदवा में इंटर साइंस में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सनी कुमार दुबे ने प्रखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। सनी के पिता नीलकमल दुबे सरोज नगर में एक दवा की दुकान चलाते हैं। सनी की इस सफलता पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। सनी को 80 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है।



साइंस टॉप सनी दूबे।

## वाणिज्य संकाय में गौसिया नजीर ने मारी बाजी



कॉमर्स प्रखंड टॉपर गौसिया नजीर

इधर इंटर वाणिज्य संकाय में बेटियों ने बाजी मारते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। प्रखंड के कामता निवासी नजीर खान व फौजिया रहमान की बेटी गौसिया नजीर पहले स्थान पर रही है। इन्होंने 80.6 अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है वहीं दूसरे स्थान पर सुरभि कुमारी (76.6 प्रतिशत) रही है। तीसरे स्थान पर अमरदीप उरांव ने जगह बनाई है। सरोज नगर निवासी सुरभि के पिता गोपाल प्रसाद माता प्रतिभा देवी एवं परिजन सुरभि के प्रदर्शन से काफी खुश है। चंदवा प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार ने बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कामना की है।



कॉमर्स सेकंड टॉपर सुरभि कुमारी।



विज्ञान संकाय का सेंकंड टॉपर शिखा कुमारी ।

वहीं दूसरे स्थान पर अलौदिया गांव निवासी राम प्रसाद अग्रवाल एवं शिला देवी की बेटी शिखा कुमारी रही है। शिखा मैट्रिक में भी प्रखंड टॉपर रही थी। शिखा की सफलता पर घर वाले काफी खुश है। जबकि तीसरे स्थान संजय प्रसाद व सावित्री देवी का पुत्र कृष कुमार रहे हैं।

## कला संकाय में पूजा बनी प्रखंड टॉपर

वही कला संकाय में भी छात्राओं ने बाजी मारी है। संजय साव व शीला देवी की पुत्री पूजा कुमारी ने 80% अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर होने का गौरव हासिल किया है। वही दूसरा स्थान पर रोशनी कुमारी पिता मनोज साव माता उषा देवी रही। रोशनी ने 78.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। जबकि तीसरा स्थान पर अबुल अंसारी की पुत्री रोशन परवीन रही। रोशन परवीण ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

## चंदवा प्रखंड के काली संकुल में संकुल स्तरीय परीक्षाफल की गई घोषणा

# संकुल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राएं किए गए पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** संकुल संसाधन केंद्र काली में संकुल स्तरीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम मंगलवार को डुमारो मुखिया की उपस्थिति में कक्षा 1 से 7 तक का रिजल्ट का घोषणा किया गया। संकुल स्तर पर घोषणा के उपरांत सभी विद्यालयों में अभिभावकों के बीच बच्चों का रिपोर्ट कार्ड दिया गया। पंचायत के मुखिया सुनीता खलखो ने बताया कि संकुल में यह एक नई शुरूआत है इसके लिए संकुल साधन सेवी विकास कुमार बधाई के पात्र है। इस तरह के आयोजन से बच्चों में प्रतियोगात्मक सोच विकसित होगी एवं बच्चे सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई से जुड़े रहेंगे। बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि जागेगी। हम सबों के बीच अभी भी एक बड़ी समस्या है बच्चों का ट्रांजिशन रेट इस पर हम सभी को मिल कर काम करने की आवश्यकता है। बच्चे प्रोन्नत हो कर एक कक्षा से दूसरे कक्षा में चले जाते है परंतु जिस विद्यालय में कक्षा 5 एवं कक्षा 8 अंतिम कक्षा होती है वहां से बच्चे दूसरे विद्यालय में नामांकन नहीं ले पाते है। अतः सभी शिक्षक यह सुनिश्चित कर ले की आपने अपने विद्यालय के बच्चों का दूसरे विद्यालय में नामांकन करवा दिए है। संकुल साधन सेवी विकास कुमार ने बतलाया कि संकुल अंतर्गत 20 विद्यालय में कक्षा 1 से 7 तक के 1656 बच्चों का परिणाम जारी किया गया। जिसमें संकुल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया बताते चलें कि कक्षा 1 से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बजरमारी के छात्र प्रेम गंझू, कक्षा 2 से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बजरमरी से कारण गंझू, कक्षा 3 का उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय केंदुवाटांड़ से उपेंद्र गंझू, कक्षा 4 से कक्षा 5 का उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बजरमारी से रितामुनी कुमारी, कक्षा 6 का उ. म. विद्यालय ढोटी से मूर्ति कुमारी, कक्षा सात का उ. म. विद्यालय ढोटी से रीना कुमारी को संकुल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संकुल के शिक्षक कौर्नेलियुस लकड़ा, दिलचंद मुंडा अधिक लाल तुरी, नन्हकू गांझू, सुमित्रा कुमारी, कुलदेव सिंह उपस्थित रहे।



पुरस्कृत किए गए छात्र।

## बालूमाथ प्रखंड के 12 बच्चों ने सभी संकाय में जिला टॉप 10 में बनाई अपनी जगह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बच्चों ने इस बार झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की परीक्षा में 12 बच्चों ने जिला टॉप में अपना परचम लहराया है। बालूमाथ गवर्नमेंट इंटर कॉलेज के 11 छात्र एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की एक छात्रा ने जिला टॉप 10 में अपना स्थान बनाने में सफलता पाया है। इंटर सायंस की परीक्षा में नितेश कुमार पिता अजय यादव 87.60? प्रतिशत लाकर जिला में प्रथम स्थान लाया है ।वहीं जिला में तीसरा प्रखंड में दूसरा स्थान पर निखिल कुमार पिता राजेश कुमार साहू 86.60 वही जिला में पांचवें और प्रखंड में तीसरा स्थान पर आदर्श कुमार सिंह पिता संजय कुमार सिंह ने 86.00%,वैभव कुमार पिता राजेंद्र यादव 85.60 जिला में छठा प्रखंड में चौथा,वहीं जिला में सातवें प्रखंड में पांचवा स्थान पर मो. फरीद हुसैन पिता मुबारक हुसैन ने 85.40% लाकर बालूमाथ एवं जिला का नाम रोशन किया है। वहीं कॉमर्स में पलक कुमारी पिता प्रेम कुमार शुक्ला ने 84.60% लाकर प्रखंड में टॉपर एवं जिला में तृतीय स्थान प्राप्त की है।

जबकि बरखा कुमारी पिता पप्पू ठाकुर 81.80% लाकर प्रखंड में द्वितीय स्थान एवं पूरे जिले में चौथा स्थान प्राप्त की है,वही नमिता कुमारी पिता मुनेश्वर उरांव ने 81.40% जिला में पांचवा एवं प्रखंड में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, वही आर्ट्स की परीक्षा में चिंकी कुमारी पिता पंकज कुमार ने 85.60% लाकर प्रखंड टॉपर एवं जिला में तृतीय स्थान, वहीं राशि कुमारी पिता राजेंद्र यादव 82.40% लाकर प्रखंड में द्वितीय स्थान एवं जिले में आठवां स्थान वही सानिया प्रवीण पिता अजमल हुसैन एवं सुषमा कुमारी पिता संतोष यादव दोनों ने 82% अंक लाकर प्रखंड में तीसरा स्थान एवं जिला में नौवा स्थान प्राप्त किया है।

## एक नजर में

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष पर हुई प्राथमिक दर्ज

**लातेहार।** जिले में आदर्श आचार संहिता का उलंघन होने के मामलें को संज्ञान में लेते हुए आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गई है। लातेहार थाना में एफएसटी चंदन कुमार चंद्र ने लिखित शिकायत कर मामला दर्ज कराया है। एफएसटी चंदन कुमार चंद्र 29/04/24 समय 3.30 बजे अपराहन क्षेत्र भ्रमण के दौरान जोगनाटांड (होटवाग) में सड़क किनारे पेड़ पर कांग्रेस पार्टी का बैनर लटकता हुआ पाया गया। जिसे एफएसटी चंदन कुमार चंद्र के द्वारा हटवा दिया गया है। वहां कोई व्यक्ति उपलब्ध नहीं होने के कारण किसके द्वारा और कब बैनर लगाया गया है यह ज्ञात नहीं हो सका है। जिस कारण कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाए जाने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 एवं आईपीसी की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### देश और दिशा को तय करने के लिए हम सभी को मतदान करने की जरूरत है: रमेश उरांव



जागरूक करते रमेश उरांव।

**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा पूरे भारत में मतदाता जागरण अभियान चलाया जा रहा है मतदाता जागरण अभियान के तहत 100% मतदान करने को लेकर ग्रामीणों के बीच डोर टू डोर टोली बनाकर जागरण किया जा रहा है। मतदाता जागरण में सुदूरवर्ती क्षेत्र में जाकर अपनी मत का वैल्यू समझने का प्रयास करें और ज्यादा से ज्यादा बुजुर्ग, महिला, युवा स:समय जाकर मतदान केंद्र में अवश्य मतदान करें। मतदाता जागरण अभियान में अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने बताया कि भारत देश के लिए देश और दिशा को तय करने के लिए हम सभी युवाओं बुजुर्गों महिलाओ सभी कोई को मतदान करने की जरूरत है। और इन्होंने बताया कि हमें महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विश्व में भारत को सर्वोच्च स्थान पर ले जाने के लिए, देश में युवाओं के रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए, समृद्ध किसान के लिए, समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े सभी परिवारों के लिए, शैक्षणिक विकास के लिए, देश को आर्थिक समृद्ध बनाने के लिए, आतंकवाद नक्सलवाद मावोवाद को खत्म करने के लिए, भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में विकसित करने के लिए, पर्यावरण पूरक औद्योगिक विकास के लिए, भारत को सर्वोच्च स्थान पर ले जाने के लिए मतदान करने की अति आवश्यकता है।

### हरैया मोड़ में हर घर नल जल योजना का पाइप क्षतिग्रस्त, दो माह से आधा दर्जन घरों में सप्लाई ठप



क्षतिग्रस्त पाईप।

**चंदवा।** हर घर नलजल योजना के तहत पूरे चंदवा प्रखंड में करोड़ो की लागत से सैकड़ो स्थान पर नल जल योजना का यूनिट लगाया गया है। लेकिन एक्का दुक्का स्थानों को छोड़ दिया जाए तो प्राय: स्थानों पर योजना हांथी का दांत हीं साबित हो रहा है। कहीं जल मीनार से पानी नही आ रहा है तो कहीं पाइप फटा हुआ है। ताजा मामला चंदवा प्रखंड मुख्यालय से महज दो किमी दूर स्थित हरैया मोड़ से आया है, जहां झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप लगे जलमीनार का पाइप फट कर क्षतिग्रस्त हो गया है। पाइप के क्षतिग्रस्त होने के बाद स्थानीय लोगो ने कई बार काम कर रहे ठेकेदार के प्रतिनिधि को समस्या से अवगत कराया लेकिन कोई पहल नही हुआ, जिस कारण दो माह से लगभग आधा दर्जन परिवार को पानी के लिये परेशान होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर हरैया मोड़ से कुछ दूरी पर स्थित ठाकुर बाड़ी में लगा नल जल योजना का यूनिट भी ठप पड़ गया है। जिस कारण ठाकुर बाड़ी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं व आमलोगों को काफी दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल जल मीनार को दुरुस्त कर पेयजल सुविधा सुव्यवस्थित करने की मांग की है।

## सहायक पुलिसकर्मी का लापता हुए 24 दिन बाद भी नहीं मिला कोई सुराग, प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



लापता जयराम कुमार।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के राजगुरु ग्राम निवासी सहायक पुलिस जयराम कुमार का लापता हुए 24 दिन बीत जाने के बाद भी बालूमाथ पुलिस इसका पता लगाने में विफल साबित हुई है। हालांकि बालूमाथ पुलिस ने लापता के 17 दिन बाद प्राथमिक की दर्ज की है। जयराम कुमार के भाई श्रीराम कुमार के दिए आवेदन के आधार पर महिला मित्र कंचन पाठक उसके पति रोशन पाठक, आर्यवर्त पाठक पिता रोशन पाठक एवं पुष्पेंद्र मिश्रा पिता कृष्णा मिश्रा पर प्राथमिक की दर्ज कराई है। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि बालूमाथ पुलिस सहायक पुलिसकर्मी को खोजने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है। वहीं तैलिक साहू समाज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जयराम कुमार के लापता हुए 24 दिन गुजर गए हैं। लेकिन पुलिस इसका उद्घभेदन नहीं कर पा रही है। विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, पूर्व विधायक निर्मला देवी, लातेहार विधायक बैजनाथ राम, सिमरिया विधायक किशुन दास ने भी बालूमाथ पुलिस से इस मामले का उद्भेदन करने को कहा था। बावजूद पुलिस अभी तक जयराम को खोज पाने में पुलिस विफल साबित हुए। तैलिक साहू समाज ने कहा कि

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य विभाग की गतिविधियों हेतु स्केल ऑफ फाइनेंस के निर्धारण हेतु जिला स्तरीय तकनीकी समिति डीएलटीसी (डिस्ट्रीक्ट लेवल टेक्निकल कमिटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी लातेहार अमृतेश सिंह के द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी लातेहार, जिला मत्स्य पदाधिकारी लातेहार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी लातेहार, कृषि विज्ञान केन्द्र बालुमाथ, लातेहार द्वारा तैयार किये गये स्केल ऑफ फाइनेंस से समिति के सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही बताया गया कि स्केल ऑफ फाइनेंस के निर्धारण का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य कार्य हेतु ऋण उपलब्ध कराने में ऋण की अधिसीमा निर्धारित करना है। बैठक में यह बताया गया कि कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य की गतिविधियाँ हेतु स्केल ऑफ फाइनेंस को विगत वर्ष के आधार पर तथा वर्तमान स्थिति को लागत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। विचार-विमर्श उपरान्त सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए कृषि, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य गतिविधियों हेतु निम्नवत स्केल ऑफ फाइनेंस निर्धारित किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य की गतिविधियों हेतु निर्धारित स्केल ऑफ फाइनेंस के अनुरूप सभी बैंकर्स जिले के किसानों को वित्त पोषण एवं किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया, ताकि अधिक से अधिक किसानों को कृषि एवं संबंधित क्षेत्र में लाभान्वित किया जा सके। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



बैठक करती डीसी।

# शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराने के लिए पुलिस तत्पर

▶▶ देशी कट्टा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ।

**गढ़वा।** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए गढ़वा पुलिस पूरी तरह से तत्पर है। इसके तहत गढ़वा पुलिस ने थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव के मुंद्रिका सिंह के पुत्र उपाध्याय सिंह के घर से छापामारी कर एक देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। साथ ही इस मामले में उपाध्याय सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार ने मंगलवार को गढ़वा थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर लगातार असमाजिक तत्वों के विरूद्ध छापामारी करने का निर्देश दिया है। साथ ही कुछ ऐसे असुरक्षित मतदान केंद्र को चिन्हीत किया गया है जहां विगत लोकसभा चुनाव में भी हिंसा हुई थी। उन्होंने बताया कि उन मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर आसपास के असामाजिक तत्वों के विरूद्ध विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि सोमवार की रात्रि पुलिस को गढ़वा थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव निवासी उपाध्याय सिंह को अपने साथ अवैध अग्येनाशस्त्र रखने की गुप्त सूचना मिली थी। इसी निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल गठित कर उपाध्याय सिंह के घर छापामारी की गई। इस दौरान उसके पास से लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ में उपाध्याय ने बताया कि यह हथियार दरमी गांव निवासी क्यूम खान से खरीदा है। पुलिस ने उपाध्याय सिंह व क्यूम खान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली। एसडीपीओ ने बताया कि पूर्व से दरमी व नवाडीह के बूथों को गंभीर श्रेणी में रखा गया है। उक्त बूथों के आसपास असमाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। छापामारी दल में एसडीपीओ सहित गढ़वा थाना प्रभारी कृष्णा कुमार साहु, सुभाष कुमार पासवान, गौतम कुमार, अभिमन्यु कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, विक्रम कुमार, देवकुमार उरांव एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली



रैली में उपस्थित लोग।

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के चंदवा टोला पर ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति बलिगढ़ के तत्वावधान में स्वास्थ्य सहिया एवं ग्राम स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बलिगढ़ ग्राम के चंदवा टोला पर निकाली गयी। जिसमें सच्चे मतदाता की एक ही पहचान नगद शराब या मुफ्त उपहार बिना करें मतदान आदि नारों के साथ लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। मौके पर वीएचएसएनसी के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि आपका एक मतदान आपका भविष्य तय करेगा। लोकतंत्र में वोट की बहुत बड़ी ताकत है। जिसका उपयोग सभी मतदाताओं को करना चाहिए। मौके पर स्वास्थ्य सहिया ममता देवी, संगीता देवी, उषा देवी, अमृता देवी, सीमा देवी, ललिता देवी, देवन्ती देवी, रेखा देवी, लक्ष्मी देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### मोतिहारी में होमियोपैथिक के जनक डॉक्टर हैनिमैन की मनाई गई जयंती

**पूर्वी चंपारण।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएमएआई) पूर्वी चंपारण शाखा द्वारा होम्योपैथी के जन्मदाता डॉ हैनीमैन की 269वी जयंती समारोह पूर्वक शहर के एक निजी होटल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ० अशोक कुमार एवं मंच संचालन डॉ० धीरज कुमार ने किया। बतौर मुख्य अतिथि जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० जे. पी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। डॉ. सिंह ने कहा कि डॉ हनीमैन की देन है कि आज होम्योपैथी और होम्योपैथ चिकित्सक दोनों का विकास विभिन्न रोगों को ठीक करने की दिशा तेजी से हो रहा है। चिकित्सा को पठन पाठन करने की आवश्यकता है। इस मौके पर आगामी सत्र 2024–26 हेतु होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया पूर्वी चम्पारण के नये कार्यकारीणी का गठन भी किया गया। नये सत्र हेतु डॉ० एन० के दास को संरक्षक, डॉ० एमएम प्रसाद को अध्यक्ष, डॉ० धीरज कुमार को सचिव, डॉ० मृत्युंजय कुमार कोषाध्यक्ष, डॉ० राजेश श्रीवास्तव को केन्द्रीय प्रतिनिधि डॉ० अशोक कुमार राज्य– प्रतिनिधि संयुक्त सचिव नवेंद्र सिन्हा, डॉ एस सी पुकार, मिडीया प्रभारी डॉ० ए० अली व डॉ० आर० जायसवाल को बनाया गया। इस अवसर पर कई होम्योपैथ चिकित्सक मौजूद रहे।

### गांजा तस्करी मामले में एक को दस वर्षो सश्रम कारावास

**पूर्वी चंपारण।** बारहवीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह एनडीपीएस एक्ट कोर्ट 1 के विशेष न्यायाधीश नूर सुल्ताना ने गांजा तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को दस वर्षों का सश्रम कारावास व दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाए। अर्थ दंड नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा कोटवा थाना के बंगरा निवासी अनिल पाण्डेय को हुई। इस मामले में मद्य निषेध निरीक्षक विजय कुमार चौधरी ने एनडीपीएस 39/2019 दर्ज कराते हुए अनिल पाण्डेय सहित बंजरिया थाना के पंचरुखा निवासी चंद्रिका प्रसाद उर्फ बाबा उर्फ मुखिया जी एवं रतनपुर निवासी मुन्ना पटेल को नामजद किया था, जिसमें कहा था कि गुप्त सूचना के आधार पर 28 अप्रैल 2019 की सुबह 4.50 बजे कोटवा रोड़ में तुरकौलिया थाना के गोपाल चौक के पास सघन वाहन जांच शुरू किया गया। थोड़ी देर बाद एक बोलेरो जीप आया। संदेह के आधार पर चालाक को अभिरक्षा में लेकर गाड़ी की जांच किया गया तो गाड़ी से पांच पॉकेट में पचास किलो प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में चालाक ने अपने दो सहयोगियों का नाम बताया। वाद विचारण के दौरान अनिल पाण्डेय को छोड़कर अन्य दोनों अभियुक्तों का वाद पृथक हो गया, जो अन्य न्यायालय में लंबित है। मामले में विशेष लोक अभियोजक डा. शंभू शरण सिंह ने चार गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा। न्यायधीश ने दोनों पक्षों के दलीलें सुनने के बाद धारा 20(बी)( सी) एवम 25 एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनायी है।

### पानी का टैंकर पलटने से बच्चे की मौत, ग्रामीणों ने काटा बवाल

**भागलपुर।** भागलपुर के कबीरपुर मोहल्ले में मंगलवार को नगर निगम का पानी से भरा टैंकर पलट गया। इस घटना में एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बताया जा रहा है कि नगर निगम के पानी के टैंकर में पानी भरा हुआ था। बच्चे एक तरफ खेल रहे थे। वहीं दूसरी तरफ से तेज रफ्तार से पानी की टैंकर आ रही थी। स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर टैंकर की रफ्तार कम रहती तो शायद यह घटना नहीं होती। उधर घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और जनप्रतिनिधियों ने लोगों को समझा बुझाकर का मामला शांत कराया।

### सुगौली में अनियंत्रित ट्रक की ठोकर से युवक की मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिले के सुगौली थाना क्षेत्र में रक्सौल–सुगौली मुख्य मार्ग पर कॉलेज चौक के समीप ट्रक की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना मंगलवार के पूर्वाह्न की है। बताया जा रहा है कि छपवा से रक्सौल जा रही एक तेज अनियन्त्रित ट्रक ने नगर पंचायत के कुरुम टोला निवासी शैलेश तिवारी को ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ठोकर मारने के बाद चालक ट्रक छोड़ कर फरार हो गया। स्थानीय लोगो ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां चिकित्सको ने उसकी नाजुक स्थिति देखते हुए मोतिहारी रेफर कर दिया। जहाँ उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नगर पंचायत क्षेत्र के कुरूम टोला निवासी चंद्र भूषण तिवारी के 35 वर्षीय पुत्र शैलेश तिवारी के रूप में हुई है। वही इस घटना की सूचना मिलते ही मृतक गांव में कोहराम मचा है। जबकि परिजनों का रो–रो का बुरा हाल है।

### पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में अदालत ने 5 वर्षो के कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सुनायी सजा

**किशनगंज।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विशेष न्यायाधीश पोक्सो अधिनियम कुमार गुंजन की अदालत ने मंगलवार को एक अहम फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमार गुंजन की अदालत ने छतरगाछ निवासी आरोपी तबरेज उर्फ मो. परवेज को पोक्सो अधिनियम की धाराओं में 5 वर्षो के कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर तीन माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। विशेष लोक अभियोजक पोक्सो अधिनियम मनीष कुमार साह ने अदालत में सजा की बिंदु पर दलीलें पेश की। मामले में पांच वर्ष पूर्व महिला थाना दर्ज मामले के तहत नाबालिग के साथ पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया गया था। इसी मामले में आरोपी के विरुद्ध अदालत में केस की सुनवायी चल रही थी।

## स्पीड न्यूज

### पिता के फटकार के बाद युवक ने खाया कीटनाशक, मौत

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के चामा गांव निवासी शिवनाथ विश्वकर्मा का 32 वर्षीय पुत्र सतीश विश्वकर्मा ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों ने सतीष को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सतीश कुछ दिनों से शराब के नशे में घर आता था। इसी बात का उसके पिता विरोध करते थे। इसी बात से आक्रोशित सतीश ने कीटनाशक दवा खा लिया। घटना के बाद बिना पोस्टमार्टम कराए परिजनों ने शव को अपने घर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। यहां तक की पुलिस को भनक भी नहीं लगी।

### साला ने बहनोई को किया घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के जिरहूला गांव में बीती रात्रि आपसी विवाद में हुए मारपीट में साला ने अपने बहनोई को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसे घायलावस्था में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी साला मेराल के बंका निवासी कामेश्वर मेहता के पुत्र रवि शंकर मेहता पर प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना के संबंध में घायल जीतन मेहता ने बताया कि रात्रि में घर पर खाना खा रहा था। इसी बीच मेरा साला और मेरे छोटे भाई की पत्नी सुगवंति देवी ने लाठी और टांगी से प्रहार कर घायल कर दिया। बताया कि मेरा साला पत्नी के डिलेवरी में दस हजार रु कर्ज दिया था। जिसे मांग रहा था। मैं बोला की अभी नही है बाद में देंगे। इसी बात को लेकर मारपीट हो गई। उसकी भवः रिश्ते में साली भी लगाती है जो छोटे भाई प्रदीप मेहता की पत्नी है।

### युवक की मौत



विलाप करते परिजन।

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटीदीरी पंचायत के पनघटवा गांव निवासी 37 वर्षीय ललन सिंह मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ललन की पेट में अचानक दर्द हुआ। आनन फानन में परिजनों ने डाल्टनगंज लाइफ लाइन हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ज्ञात हो कि ललन सिंह बहुत ही गरीब था। मेहनत मजदूरी कर बच्चों का पालन पोषण करता था। मौके पर सुचित कुमार, मनोज सिंह, संजय सिंह, विकाश सिंह, इंद्रदेव सिंह, सुरेन्द्र सिंह, कृष्णा राम आदि लोग उपस्थित थे।

### विभिन्न सरकारी विद्यालयों में रिजल्ट का प्रकाशन

**रमना।** प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में मंगलवार को वार्षिक मूल्यांकन का रिजल्ट का प्रकाशन किया गया। मध्य विद्यालय गम्हरिया, सिरियाटोंगर, भागोडीह, टंडवा, चनाकला, मानदोहर, रमना, परसवान, हारादाग, रोहिला, चुंदी एवं कस्तूरबा गांधी रमना सहित सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालय में रिजल्ट के साथ बच्चों को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में ग्रेड कार्ड का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का भरपूर प्रयास किया गया है। वहीं अगले सत्र में बच्चों को और बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए सहयोग देने एवं बच्चों के बेहतर प्रगति के लिए शिक्षकों के साथ सामंजस्य बनाने की अपील की। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीता कुजूर ने कहा कि सभी विद्यालय द्वारा वार्षिक मूल्यांकन के रिजल्ट का प्रकाशन करते हुए ग्रेड कार्ड का वितरण किया गया। दो मई से नये सत्र की शुरूआत हो रहा है। अभी भीषण गर्मी व लू के कारण कुछ दिनों के लिए विद्यालय का शिक्षण कार्य को स्थगित किया गया है। लेकिन विद्यालय खुले रहेंगे और नया नामांकन कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत नामांकन के लिए पूर्व में सभी आवश्यक तैयारी सभी विद्यालय द्वारा कर लिया गया है। उन्होंने वर्ग 6, 9वीं एवं 11वीं में शत प्रतिशत नामांकन के लिए शिक्षकों को विशेष ध्यान देने की बात कही।

### बालू लोड छह ट्रक को सदर पुलिस ने किया जब्त

**किशनगंज।** सदर थाना की पुलिस ने मंगलवार की सुबह एनएच 27 से बालू लदे छह ट्रकों को जब्त किया है। बालू लदा ट्रक बंगाल से किशनगंज के रास्ते आगे ले जाया जा रहा था। इस दौरान सदर थाने की पुलिस एनएच 27 पर वाहन जांच अभियान चला रही थी।

## झगड़ा सुलझाने गई महिला को पति-पत्नी ने उतारा मौत के घाट

खबर मन्त्र संवाददाता



विलाप करते परिजन।

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के बूढ़ीखाड़ गांव के भदई टोला में पति-पत्नी का झगड़ा सुलझाने गई अधेड़ महिला की दोनों पति-पत्नी ने मिलकर हत्या कर दी। दोनों की पिटाई से महिला बेहोश हो गई। परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला की पहचान रामसूरत पासवान की 55 वषीर्या पत्नी उर्मिला देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के पुत्र चंदन कुमार ने बताया कि उसका पड़ोसी बली पासवान का पुत्र आनंद पासवान एवं उसकी पत्नी प्रतिमा देवी किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे थे। इसी बीच मेरा मौसेरा भाई लव कुमार लड़ रहे पति-पत्नी को समझाने गया। समझाने की बात सुनते ही आपस में लड़ रहे आनंद पासवान एवं उसकी पत्नी प्रमिला देवी ने लव को पीटते हुए बोले कि तुम मेरे घर के झगड़ा सुलझाने वाले कौन होते हो। इधर लव कुमार को पिटते देख उसकी मौसी उर्मिला देवी बचाने गई। उसके बाद गुस्सा में आकर आनंद पासवान एवं उसकी पत्नी प्रतिमा देवी ने उर्मिला का हाथ मरोड़ कर जमीन पर पटक दिया। जिसके कारण वह बेहोश हो गई। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

## एसपी ने किया धुरकी थाना क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



निरीक्षण करते एसपी।

**धुरकी।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने को लेकर गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने मंगलवार को धुरकी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने बूथों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था का जांच किया। एसपी ने थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार को बाहर से आने वाले सुरक्षाबलों को ठहरने से पहले सारी समुचित सुविधाओ को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया है। एसपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चैथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले पुलिस सभी संवेदनशील और अतिसंवेदशील क्षेत्रों में भयमुक्त माहौल को बनाने में प्रयासरत है। मतदान के दिन सभी मतदाता अपने-अपने घरों से निकलकर उत्साह के साथ अपने मतों का प्रयोग करें। मतदाता किसी के बहकावे में न आएं, शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए गढ़वा पुलिस सदैव तत्पर है। मौके पर डीएसपी सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रत्न कुमार सिंह, एसआई सुनील कुमार राम, बिक्कु कुमार रजक आदि पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## बीडीओ के निधन पर प्रखंड कार्यालय में शोक सभा



शोक मनाते लोग।

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड कार्यालय परिसर में विसुनपुरा प्रखंड के बीडीओ हिरक मन्ना केरकेट्टा के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर बरडीहा बीडीओ सह सीओ बिजय राम ने कहा कि बीडीओ के आकस्मिक निधन पर पूरा जिला एवं प्रखंड कार्यालय परिवार मर्माहत है। हम सभी भगवान से प्रार्थना करते हैं कि दुःख की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिवार को दुःख सहने की शक्ति दें और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। शोक सभा में प्रधान सहायक नरेंद्र कुमार, नाजिर सुरेश चरगट, राजू ठाकुर, रसीद अंसारी, राजेश कुमार अशोक कुमार, आलोक कुमार, आनंद कुमार, शिवम कुमार प्रेम शंकर सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## भवनाथपुर जिपस ने की विशुनपुरा बीडीओ की मौत का सीबीआई जांच की मांग



मांग पत्र सौंपती रंजनी शर्मा।

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी ने डीसी शेखर जमुआर एवं एसी विजय मतियष टोप्पो को आवेदन सौंपकर विशुनपुरा बीडीओ हिरक मन्ना केरकेट्टा की मौत के मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। सौंपे गये आवेदन में जिपस रंजनी ने कहा है कि गत शनिवार को बीडीओ के सरकारी आवास में पदाधिकारियों एवं उनके परिजनों की उपस्थिति में संदेहास्पद स्थिति में उनका शव पाया गया है। इस संबंध में समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों एवं क्षेत्र में अलग-अलग चचाएं हो रही है। इस मामले पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उच्चस्तरीय, सीबीआई द्वारा जांच कराकर न्याय दिलाना जनहित में आवष्यक है। उन्होंने कहा है कि मृतक बीडीओ अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) परिवार से आते थे। इस मामले के सीबीआई जांच कराकर परिजनों को न्याय दिलाई जाए। ताकि अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी स्वतंत्र रूप से निर्भिक हो कर कार्य कर सकें।

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर वॉलिंटियरों को दिया गया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



उपस्थित लोग।

**मझिआंव।** आगामी लोकसभा चुनाव में सुदृढ़ प्रजातंत्र के निर्माण में बेहतर सहभागिता को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव के रवि कुमार के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय के सभागार में वॉलिंटियरों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में सहायक निवार्ची निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी शंभू राम के द्वारा वॉलिंटियरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बीपीआरओ परमानंद प्रसाद ने कहा कि लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण कराने को लेकर इलेक्शन कमीशन के द्वारा सभी की अलग-अलग जिम्मेवारी तय की गई है। नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 57 बूथ (मतदान केंद्र) पर वालंटियर के रूप में चार चार स्कूली बच्चों को प्रति नियुक्त किया जाना है। मतदान केंद्रों पर तैनात सभी वॉलिंटियर्स का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को कतारबद्ध करना, मतदाताओं को चक्कर आ जाने पर उपचार में सहयोग करना, पानी पिलाना, दिव्यांग/वरिष्ठ एवं शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तिय एवं बीएलओ को सहयोग करना है। इसके लिए चयनित विद्यालय के 16 वर्ष से 18 वर्ष तक के छात्रों को प्रत्येक बूथ पर वालंटियर के तौर पर प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इधर इस संबंध में एईआरओ सह अंचलाधिकारी शंभू राम ने बताया कि स्कूली बच्चों को वॉलिंटियर ट्रेनिंग के पश्चात प्रशिक्षित बच्चों को हर एक बूथ के लिए चार वालंटियर बनाएं जाएंगे। जिसमें नगर पंचायत सहित ग्राम पंचायत में कुल 57 मतदान केंद्रों पर चार-चार बच्चों की प्रतिनियुक्ति की हिसाब से कुल 228 स्कूली बच्चों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान एईआरओ शंभू राम, बीपीआरओ परमानंद प्रसाद की अलावे बीएलओ सुपरवाइजर प्रशांत कुमार मिश्रा, सहायक शैलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## जेपी नड्डा दो मई को बिहार के अररिया और मुजफ्फरपुर में करेंगे चुनावी जनसभाएं

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा दो मई को मुजफ्फरपुर और अररिया में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जेपी नड्डा पहले अररिया में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे उसके बाद मुजफ्फरपुर में चुनाव प्रचार करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, नड्डा दो मई को पूर्वाह्न 11 बजकर 20 मिनट पर हेलिकॉप्टर से पूर्णिया हवाई अड्डा पहुंचेंगे। वे 11 बजकर 35 मिनट पर पूर्णिया से प्रस्थान करेंगे और 11 बजकर 55 मिनट पर अररिया पहुंचेंगे। यहां अररिया के धर्मगंज मेला मैदान, सिकटी में एनडीए उम्मीदवार प्रदीप सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। अररिया में जनसभा संपन्न होने के बाद जेपी नड्डा 01 बजकर 45 मिनट पर हेलिकॉप्टर से अररिया से उड़ान भरेंगे और 01 बजकर 50 मिनट पर मुजफ्फरपुर पहुंचेंगे। वे मुजफ्फरपुर के केरमा स्टेडियम में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे और एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगेंगे। जेपी नड्डा के कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

## जेएम कॉलेज के विद्यार्थियों का इंटर की परीक्षा में तीनो संकाय में रहा शानदार प्रदर्शन, छात्राओं ने मारी बाजी



आर्ट टॉपर नंदनी कुमारी।



कशिश कुमारी।



कॉमर्स टॉपर नेहा कुमारी।



मुस्कान कुमारी।



साइंस टॉपर अंकिता कुमारी।



सोनाली कुमारी।

खबर मन्त्र संवाददादा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएम कॉलेज भुरंकुडा के छात्राओं ने इंटर परीक्षा के तीनो संकाय में बाजी मार कॉलेज टॉपर बनकर अपना लोहा मनवाया है। वहीं कॉमर्स की छात्रा नेहा कुमारी ने कॉलेज टॉपर के साथ जिला टॉपटेन में सातवां स्थान लाकर अपने माता पिता और कॉलेज का नाम रौशन किया है। इंटर आर्ट की परीक्षा मे नंदनी कुमारी 79.4, कशिश कुमारी 79, कॉमर्स मे नेहा कुमारी ने 84.6, मुस्कान कुमारी 81.4, साइंस मे अंकिता कुमारी 84.8, सोनाली कुमारी ने 82.8 अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। वहीं कॉलेज के इंटर आर्टस की परीक्षा में 381 छात्रो में से 110 प्रथम व 200 द्वितीय, कॉमर्स में 150 छात्रो में से 60 प्रथम व 29 द्वितीय, साइंस में 66 छात्रो में से 41 प्रथम व 19 द्वितीय श्रेणी से सफलता अर्जित की है। इंटर की परीक्षा में छात्रो की बेहतर सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर विद्यानंद तिवारी सहित शिक्षक शिक्षिका और शिक्षकेतर कर्मचारियो ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री फातमी ने दाखिल किया नामांकन

**मधुबनी।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहम्मद अली असरफ फातमी समेत दो लोगों ने नामांकन दाखिल किया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से मो अली अशरफ फातमी और निर्दलीय प्रिय रंजन ने मंगलवार को डीएम के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन दाखिल समय जमा हलफनामा के मुताबिक राजद उम्मीदवार मो अली अशरफ फातमी (68) वर्ष, दरभंगा जिला के बांकीपुर गांव निवासी हैं। राजद उम्मीदवार मो अली अशरफ फातमी के पास शैक्षणिक योग्यता अभियंत्रण डिग्री है। नामांकन दाखिल पर्चा आफीडेफिड में फातमी सोना, रुपये सहित निजी सम्पति का ब्योरा उल्लेखित किया है।

## पेज एक का शेष

### 13 'फूल' और 1 'फल' पीएम को करें भेंट

**आनेवाला समय आपका:** धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित जनसभा में राजस्थान के सीएम ने कहा, धनबाद के युवाओं, महिलाओं और आम लोगों में जिस तरह का उत्साह दिख रहा है उससे यह साफ हो गया है कि झारखंड में भी सभी 14 सीटें एनडीए को मिलने जा रहा है। साथ ही कहा कि आने वाला समय आपका है। विधानसभा चुनाव में भी झारखंड में भाजपा एनडीए गठबंधन की सरकार भारी बहुमत के साथ आयेगी। वह ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल होने वाले थे लेकिन विलंब होने के कारण सीधे जनसभा और प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे। उन्होंने कहा कि चार जून को झारखंड की सभी सीटों पर एनडीए की जीत होगी।

स्पीड न्यूज

## 'राक्षस' में नजर आयेंगे रणवीर सिंह



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह तेलुगु फिल्म हनुमैन के निर्देशक प्रशांत वर्मा की फिल्म राक्षस में काम करते नजर आ सकते हैं। काफी समय से यह खबरें आ रही हैं कि रणवीर सिंह,प्रशांत वर्मा के साथ किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करते हुए नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने फिल्म साइन कर ली है और इस फिल्म का नाम राक्षस होने वाला है।यह फिल्म इंडियन माइथोलॉजिकल होने वाली है, जिसे मैथ्री प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## देवेंद्र यादव बने दिल्ली कांग्रेस के नये अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने पंजाब के प्रभारी देवेन्द्र यादव को दिल्ली प्रदेश इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी अध्यक्ष ने पंजाब के प्रभार के साथ ही उनको दिल्ली में यह नई जिम्मेदारी दी है। प्रदेश अध्यक्ष का पद अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे से रिक्त हो गया था। उल्लेखनीय है कि अरविंदर सिंह लवली ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन, पार्टी के दो लोकसभा उम्मीदवारों और प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया के व्यवहार से नाराजगी जताते हुए रविवार को इस्तीफा दे दिया था।

## जेडीएस से निष्कासित हुये प्रज्जवल रेवन्ना

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक की हासन सीट से सांसद प्रज्जवल रेवन्ना को मंगलवार को जेडीएस से कथित यौन उत्पीड़न मामले में निष्कासित कर दिया गया। 26 अप्रैल को सीट पर मतदान हुआ था, जिसके एक दिन पहले रेवन्ना के कुछ अश्लील वीडियो वायरल हुए थे। पार्टी नेता एचडी कुमार स्वामी ने पत्रकारों से बातचीत में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभी रेवन्ना पर कोई सीधा आरोप नहीं लगा है, केवल संदेह की स्थिति है। हालांकि संदेह के आधार पर ही पार्टी से उन्हें निष्कासित करने की सिफारिश की गई। अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा ने स्वीकार कर लिया।

## एम्स हॉस्टल में बिहार की छात्रा ने की आत्महत्या

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के हॉस्टल में एक वीएससी नर्सिंग की छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। छात्रा दूसरे वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। दक्षिण दिल्ली के पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम को पूर्वाह्न 11:30 बजे सूचना मिली थी। पुलिस टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। खुदकुशी करने वाली छात्रा (21) बिहार के शेखपुरा जिले से थी। पुलिस के अनुसार छात्रा ने दुपट्टे से फंदा बनाकर पंखे से लटक कर खुदकुशी की है। पुलिस की जांच टीम को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

## नेतन्याहू ने लिया राफा में जमीनी हमले का संकल्प

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को हमास के साथ समझौते होने या नहीं होने, दोनों ही स्थिति में राफा में जमीनी हमला करने का संकल्प लिया। श्री नेतन्याहू ने बंधकों के परिवारों के साथ एक बैठक में कहा कि उनके कार्यालय के अनुसार इजरायल ने राफा से फिलिस्तीनी नागरिकों को निकालना शुरू कर दिया है।

## हेरात के मस्जिद में गोलीबारी, छह मरे

**काबुल।** अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत हेरात में हमलावरों ने मस्जिद में गोलीबारी की, जिसमें छह लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता मुफ्ती अब्दुल मतीन कानी ने मंगलवार को बताया कि गोजारा जिले के शाहरक इलाके में सोमवार शाम मस्जिद में नमाज अदा कर रहे लोगों पर एक हमलावर ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इसमें छह लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये।

# महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 8,500 रुपये : राहुल

एजेंसी

**महालक्ष्मी योजना**

▸▸ 30 लाख सरकारी खाली पद छह महीने में भरेंगे

**भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने मनरेगा लागू की तो कहा गया कि गरीबों की आदत बिगाड़ रहे हैं। मोदी जी अरबपतियों को पैसा देते हैं तो कहते हैं विकास हो रहा है। जितना उन्होंने 10 साल में उनको दिया, हम आपको देने जा रहे हैं। महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की लिस्ट बनेगी। हर परिवार से एक महिला का नाम चुना जाएगा। साल में एक लाख रुपये दिए जाएंगे। हर महीने 8500 रुपये एक तारीख को सरकार आपके खाते में डालेगी। राहुल गांधी मंगलवार को मध्य प्रदेश के भिंड लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार फूल सिंह बरैया के समर्थन में एमजेएस मैदान पर चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में आप बाहर जाते काम करते हो, हिंदुस्तान में महिलाएं भी मजदूरी करती हैं, जॉब करती हैं। महिलाएं आठ घंटे बाहर तो आठ घंटे घर में भी काम करती हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार घर में काम करने वाली इन महिलाओं को पैसा देने जा रही है। उन्होंने कहा कि 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। हम छह महीने में आपके हवाले कर देंगे। अरबपतियों के बेटे अपने पिता की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप करते हैं, उनको पैसा मिलता है। ये उनको कंपनी में डालने का मौका होता है। हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी जो हर ग्रेजुएट को ये अधिकार देने जा रही है। आप सरकार से एक साल की गारंटी की नौकरी मांग सकते हो। उन्होंने कहा कि सेना में सबसे ज्यादा भिंड से जाते हैं। मोदी जी ने दो तरह के जवान बना दिए। एक को कैंटीन और अच्छी सैलरी मिलेगी। दूसरे जवान को अग्निवीर कहते हैं। आप सोचिए दो लोगों को युद्ध में भेज रहे हो, एक से कह रहे हो कि आपको कुछ हुआ तो हम आपके परिवार की रक्षा करेंगे और दूसरे जवान से कह रहे हैं, आपको कुछ हुआ तो कोई पेंशन और मदद नहीं मिलेगी। शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा। मोदी जी ने सेना का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के 22 लोग मित्र हैं। राम मंदिर के उद्घाटन में सारे वहां बैठे थे। आपने वहां किसी गरीब को देखा। वहां हजारों करोड़ वाले लोग थे। वहां, बॉलीवुड वाले थे, क्रिकेट टीम थी, मगर एक किसान नहीं दिखा।



संसद का उद्घाटन हुआ। आदिवासी राष्ट्रपति को बुलाया ही नहीं जाता। उनसे कहा जाता है कि न तुम संसद के उद्घाटन में आओगे, न राम मंदिर के। राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया किसानों और महंगाई की बात क्यों नहीं करती। गरीबों की बात नहीं करती। कहीं नहीं है। मैंने इनको आपका मित्र कहा लेकिन ये आपके मित्र नहीं हैं। 24 घंटे मोदी जी का चेहरा दिखेगा। मैं आपसे बात करूंगा, मीडिया नहीं दिखाएगा। उन्होंने कहा कि दो-तीन अरबपतियों को सारा का सारा धन दिया जाता है। किसान जानता है, हमारे जेब से पैसा निकालने की कोशिश हो रही है। मोदी कहते हैं आतंकवादी है। ये हालत है देश की। नोटबंदी की, गलत जीएसटी लागू की। आज हिंदुस्तान में 45 साल से सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। हर युवा ये बात जानता है। सबसे ज्यादा महंगाई आज है। उन्होंने हाथ में संविधान लेकर कहा कि यह मामूली किताब नहीं है। आजादी के पास किसानों, गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, आदिवासियों को जो भी कुछ मिला है, इस किताब के कारण मिला है। अब प्रधानमंत्री, अमित शाह और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि वो चुनाव जीतेंगे तो इस किताब को फाड़कर फेंक देंगे।

## कांग्रेस ने भारत में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया : खड़गे

**रायपुर/जांजगीर चांपा।** कांग्रेस प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया के प्रचार के लिए मंगलवार को चांपा पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस देश में कांग्रेस की 55 सालों तक सरकार रही। देश में लोकतंत्र की जड़ें हमने मजबूत की। खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार पर अब किसी को विश्वास नहीं रहा। मजदूरों को प्रतिदिन 400 रुपये देने की स्कीम लेकर आए। हम इस देश में रहने वाले सभी गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा की स्कीम लाए। मोदी कहते हैं ये मोदी की गारंटी है। मैं कहता हूं आपकी पार्टी की क्या गारंटी है ये तो बताएं। हम तो कहते हैं कांग्रेस की गारंटी है। हम जब सत्ता में आएंगे तो जाति जनगणना कराएंगे।

## मप्र में कांग्रेस विधायक रावत भाजपा में शामिल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विजयपुर विधानसभा क्षेत्र से छह बार के कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत भाजपा में शामिल हो गए। मुरैना में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। पूर्व मंत्री रामनिवास रावत के साथ मुरैना की महापौर शारदा सोलंकी और करीब दो हजार कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि एक माह से राम निवास रावत के भाजपा में शामिल होने की अटकलें चल रही थीं। वे कांग्रेस की नीतियों से नाराज थे। रामनिवास रावत टिकट के लिए प्रयास कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया। रावत चंबल की राजनीति में अपना एक अलग मुकाम रखते हैं। वह श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र से इस बार छठवीं बार जीते थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के सामने लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। रामनिवास रावत ओबीसी वर्ग के बड़े नेता माने जाते हैं।

# दंगाइयों को उल्टा लटका देता : योगी

एजेंसी

▸▸ बंगाल में यूपी के सीएम बोले, रामनवमी पर आस्था से खिलवाड़ करने वालों को मोदी सरकार सिखाएगी सबक

▸▸ जिस राज्य ने दुर्गा पूजा का संदेश दिया, वहां संदेशखाली जैसी घटनाएं कैसे हो रही हैं ?

**कोलकाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के बहरमपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि क्या कारण है कि उत्तर प्रदेश में हर त्योहार शांति व उल्लास से मनाया जाता है और यहां बंगाल में रामनवमी पर दंगा हो जाता है। संदेशखाली जैसी घटना होती है। उन्होंने कहा कि यदि वे होते तो अभीतक दंगाइयों को उल्टा लटका कर सीधा कर चुके होते। उन्होंने कहा कि रामनवमी के अवसर पर आपकी आस्था से खिलवाड़ करने वालों को मोदी सरकार सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि ममता सरकार केंद्र की योजनाओं को जमीन पर उतरने ही नहीं देती। आज, मैं यहां पश्चिम बंगाल सरकार से पूछने आया हूं कि जिस राज्य ने हमें दुर्गा पूजा का संदेश दिया, वहां संदेशखाली जैसी घटनाएं कैसे हो रही हैं ? आज का बंगाल सोनार बांग्ला नहीं है, जिसकी कल्पना हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने की थी। पश्चिम बंगाल को दंगों में धकेलने की कोशिश की जा रही है। चाहे कांग्रेस हो या तृणमूल कांग्रेस- दोनों पार्टियां राज्य को लूटने और भारत के खिलाफ साजिश रचने के लिए एकजुट हैं। सात साल पहले यही स्थिति उत्तर प्रदेश में थी, आज उत्तर प्रदेश में बेटियां और व्यापारी-कारोबारी सुरक्षित हैं। उल्लेखनीय है कि बहरमपुर सीट से कांग्रेस दिग्गज अधीर रंजन के मुकाबले में तृणमूल कांग्रेस ने क्रिकेटर यूसुफ पठान को उतारा है।



## भड़काऊ भाषण मामले में सलमान खुर्शीद और भतीजी पर प्राथमिकी

**कायमगंज।** पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और उनकी भतीजी मारिया आलम पर भड़काऊ भाषण के मामले में फरुर्खाबाद स्थित कायमगंज में मंगलवार को केस दर्ज हुआ।

उड़न दस्ता मजिस्ट्रेट डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद और उनकी भतीजी मारिया आलम खां ने कायमगंज के एक जनसभा में जेहादी शब्द का इस्तेमाल कर ध्रुवीकरण करने का प्रयास किया है, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसी कारण इन पर केस दर्ज कराया गया है। दरअसल, फर्रुखाबाद जिले में कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलांका में इंडिया गठबंधन के समर्थन में सोमवार शाम जनसभा हुई। सभा में कांग्रेस के स्टार प्रचारक और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की मौजूदगी में उनकी भतीजी सपा जिला उपाध्यक्ष मारिया आलम ने संघी सरकार को हटाने के लिए वोट जिहाद' की अपील कर दी।




## एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नयी दिल्ली ।** एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को यहां 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में भारतीय नौसेना की कमान संभाली। उन्हें एडमिरल आर हरि कुमार के स्थान पर नया नौसेना प्रमुख बनाया गया है जो नौसेना में लंबे और शानदार करियर के बाद सेवानिवृत्त हो गये। इससे पहले एडमिरल त्रिपाठी नौसेना के उप प्रमुख थे। उन्होंने कहा कि वह नौसेना को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने की दिशा में कार्य करेंगे और नौसेना सदैव राष्ट्र प्रथम के मंत्र पर कार्य करते हुए सुभी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहेगी।

# श्री शारदा मठ और रामकृष्ण शारदा मिशन की अध्यक्ष आनंदप्राण का निधन

**कोलकाता।** श्री शारदा मठ और रामकृष्ण शारदा मिशन की अध्यक्ष प्रव्राजिका आनंदप्राण का मंगलवार को 98 साल की उम्र में निधन हो गया। श्री शारदा मठ और रामकृष्ण शारदा मिशन की ओर से बताया गया है कि वह उम्र संबंधी बीमारियों से ग्रस्त थीं और कुछ दिन पहले ही उन्हें मिशन द्वारा संचालित रामकृष्ण सेवा प्रतिष्ठान अस्पताल से छुट्टी दी गई थी। उन्होंने बताया कि माताजी का शारदा मठ मुख्यालय में ही उपचार चल रहा था और सुबह नौ बजकर 45 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। माताजी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि श्री शारदा मठ और रामकृष्ण शारदा मिशन की परम पूज्य अध्यक्ष प्रव्राजिका आनंदप्राण माताजी को समाज के प्रति उनकी उल्लेखनीय सेवा और लोगों में आध्यात्मिकता के मूल्यों को विकसित करने के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और नारी शक्ति को सशक्त बनाने में उनके प्रयासों को भी याद किया जाएगा। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं अनगिनत भक्तों के साथ हैं। ओम शांति। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि यह जानकर दुख हुआ कि श्री शारदा मठ और रामकृष्ण शारदा मिशन की परम पूज्य अध्यक्ष प्रव्राजिका आनंदप्राण माताजी ने आज सुबह श्री शारदा मठ, दक्षिणेश्वर में महा समाधि ली। महान आध्यात्मिक संत की दिवंगत आत्मा को मेरा प्रणाम। दुनिया भर के लाखों भक्तों के प्रति मेरी संवेदनाएं।




## बंगाल में अवैध घुसपैठियों को ममता का संरक्षण : शाह



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि निमंत्रण के बावजूद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अयोध्या में राममंदिर उद्घाटन में शामिल होने से इनकार कर दिया। वह राज्य में अवैध घुसपैठियों को नाराज नहीं करना चाहती थीं। पूर्वी बर्दवान जिले के कटवा में रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि ममता बनर्जी के संरक्षण में बंगाल में घुसपैठियों ने आतंक का राज कायम किया है। इससे भाजपा ही बंगाल के लोगों को निजात दिलाएगी। ममता बनर्जी अवैध घुसपैठियों के बीच अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए सीएए का विरोध कर रही हैं। संदेशखाली में एक ऐसे अवैध घुसपैठिए ने आतंक का राज कायम कर दिया था, जहां महिलाओं को भी उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा। जिस राज्य में महिला मुख्यमंत्री हो वहां ऐसी चीजें होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कई भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई। आज मैं वादा करता हूं कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने पर हत्यारों को कड़ी सजा दी जाएगी।

# छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 16 नक्सलियों ने किया समर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में व्यापक रूप से चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। मंगलवार को 16 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया जिनमें कई नक्सलियों पर लाखों का इनाम घोषित था। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा 202, 210 केरिपु 222वीं वाहिनी के संयुक्त प्रयासों तथा नक्सलियों के कोर इलाकों में कैंप स्थापना के बाद मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने से नक्सल संगठनों में भगदड़ की स्थिति बन गई है। मंगलवार को बीजापुर एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222वीं बटालियन केरिपु विनोद मोहरिल, कमांडेंट कोबरा 202 अमित कुमार, कमांडेंट कोबरा 210 अशोक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार के समक्ष 16 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत इन सभी को 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी।



## राष्ट्रपति आज करेंगी रामलला के दर्शन



**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक मई को अयोध्या दौरे पर रहेंगी।इस दौरान श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला का दर्शन करेंगी और हनुमानगढ़ी भी जाएंगी। शाम को सरयू आरती में भी शामिल हो सकती हैं। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दर्शन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने संयुक्त रूप से अयोध्या के हनुमानगढी, रेलवे स्टेशन, राम पथ, नया घाट आदि विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर स्थलीय जायजा लिया है।

# विरोधियों की भी बातें सुनते हैं मोदी : मोढवाडिया

एजेंसी

▸▸ गुजरात में विपक्ष के पूर्व नेता अर्जुन मोढवाडिया ने शेयर किया अनुभव, कहा-एक मैसेज से मेरा काम कर दिया

▸▸ पोरबंदर में रनवे विस्तार को प्रधानमंत्री ने दी अनुमति

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर जनता या फिर विपक्ष के किसी नेता से जो वादा करते हैं, उसे पूरा निभाते भी हैं। इस बात का प्रमाण खुद गुजरात में विपक्ष के पूर्व नेता अर्जुन मोढवाडिया ने दिया है। मोढवाडिया ने अपना एक पुराना अनुभव शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया कि पीएम मोदी कोई भी पुरानी बातों को कभी नहीं भूलते हैं और उन्होंने सिर्फ एक मैसेज से मेरा काम कर दिया। पीएम मोदी बड़े दिलवाले नेता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह विरोधियों की भी बातों को सुनते हैं। दरअसल, अर्जुन मोढवाडिया ने एक साक्षात्कार में बताया कि मैं उस वक्त गुजरात में विपक्ष का नेता था। मैं अपना स्टैंड सबके सामने रखता था और ज्यादातर मेरा जो स्टैंड था, उसे स्थान देने की नरेंद्र मोदी कोशिश करते थे। उस समय वह कहते थे कि आप विपक्ष की तरफ से बोलते हैं तो हमारी सरकार आपकी बातों को नोट डाउन करती थी, उसमें जो इंप्लीमेंट करने लायक होता है तो उसको इंप्लीमेंट भी करते थे। उन्होंने एक पुराना वाकया बताया कि पोरबंदर एयरपोर्ट पर टर्मिनल में एक नई बिल्डिंग बनी। उसका उद्घाटन करने के लिए तत्कालीन एविएशन मिनिस्टर प्रफुल्ल पटेल आए थे। नरेंद्र मोदी इस प्रोग्राम की अध्यक्षता कर रहे थे और मैं विधायक और विपक्ष के नेता के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुआ था। उस समय मैंने प्रफुल्ल पटेल के सामने मांग रखी थी कि हमारे एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 1,300 मीटर है, इसलिए यहां पर बड़े प्लेन को लैंड नहीं करवा सकते हैं। आप इस रनवे को 2,600 मीटर का करवा दीजिए। उन्होंने तुरंत बोला कि नरेंद्र मोदी हमें जमीन दे दें, हम इसको कर देंगे। उसी समय नरेंद्र मोदी ने सबके सामने कहा कि हम रनवे के लिए लैंड आपको देंगे। अर्जुन मोढवाडिया ने आगे बताया कि उन्होंने (नरेंद्र मोदी) तुरंत कलेक्टर को सूचित किया। लेकिन, 2012 के बाद मैं विधायक नहीं रहा। उसके बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए। इसके बाद इसको साइड लाइन कर दिया गया। जमीन कहीं और अलॉट कर दी गई। फिर मैंने उस वक्त के गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को फोन किया। उन्हें नरेंद्र मोदी का पुराना वादा याद दिलाया। इसके बाद विजय रूपाणी ने पीएम मोदी को फोन कर बताया कि अर्जुन मोढवाडिया ने आपको मैसेज दिया है कि आपने सबके सामने पोरबंदर में रनवे विस्तार की बात कही थी। इसके बाद पीएम मोदी ने तुरंत रनवे विस्तार करने का आदेश जारी कर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने मेरे सिर्फ एक मैसेज से मेरा काम कर दिया। ये साबित करता है कि पीएम मोदी कितने बड़े दिलवाले हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले अर्जुन मोढवाडिया कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे।



## बंगाल राजभवन और इंडियन म्यूजियम को उड़ाने की धमकी

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता के ऐतिहासिक राजभवन और इंडियन म्यूजियम को बम धमाके में उड़ाने की धमकी कोलकाता पुलिस को मिली है। इसे लेकर लाल बाजार स्थित पुलिस मुख्यालय ने जांच शुरू कर दी है। धमकी भरे मेल के बाद एयरपोर्ट और इंडियन म्यूजियम में एहतियातन पड़ताल किया गया है। हालांकि कुछ भी संदिग्ध मिला नहीं है। कोलकाता पुलिस के सूत्रों ने बताया है कि ईमेल के जरिए एक धमकी मिली है जिसमें राजभवन और इंडियन म्यूजियम को उड़ाने की धमकी दी गई है। हालांकि यह केवल अफवाह भर है। दोनों जगहों पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है लेकिन सतर्कता बढ़ा दी गई है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले पिछले शुक्रवार को कोलकाता हवाई अड्डे को उड़ाने की धमकी मिली थी।


VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !